माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 8:54 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली, मंगलवार, 30 जनवरी 2024

वर्ष 5, अंक 73, पृष्ठ 14

मूल्य 6 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





ब्रह्मांड की घटनाओं को उजागर करेंगे नासा-इसा 14

रणबीर-आलिया को सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार 13


# देश में सात दिनों में लागू होगा सीएए

**केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने किया दावा**

कोलकाता, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने सोमवार को दावा किया कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) एक सप्ताह के भीतर देशभर में लागू कर दिया जाएगा। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस दावे को 'चुनावी बयानबाजी' कहकर खारिज कर दिया। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मटुआ समुदाय बहुल बोंगांव से भाजपा सांसद ठाकुर ने कहा कि कानून को सात दिन के भीतर तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा। वर्ष 2019 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाए गए सीएए का उद्देश्य 31 दिसंबर 2014 से पहले बांग्लादेश,



▶▶ तृणमूल कांग्रेस ने करार दिया चुनावी बयानबाजी

पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आकर भारत में बसे हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों सहित प्रताड़ना झेल चुके गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है।

दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में रविवार शाम एक जनसभा में ठाकुर ने कहा कि एक सप्ताह में पूरे देश में सीएए लागू कर दिया जाएगा। कोलकाता में सोमवार को संवाददाताओं से उन्होंने दोहराया कि मैंने कल जो कहा था, उस पर कायम हूं। यह मेरी गारंटी है।

### उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूसीसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में जल्द ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। यूसीसी को लेकर गठित विशेषज्ञ कमेटी 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंप देगी। ड्राफ्ट का आकलन करने के बाद विधेयक पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर बताया कि जल्द ही राज्य में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा।

## पीलीभीत के जिलाधिकारी बनाए गए जोगिंदर सिंह

**लखनऊ, अमृत विचार :** सोमवार देर रात शासन ने कानपुर नगर के डीएम विशाख जी समेत कई आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया। विशाख जी अब अलीगढ़ के जिलाधिकारी होंगे। बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह को पीलीभीत का डीएम बनाया गया है। आगरा के सीडीओ मनिकनंदन ए. को बरेली विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष (वीसी) बनाया गया है। अलीगढ़ के डीएम इंद्र विक्रम सिंह को गाजियाबाद भेजा गया है। गाजियाबाद के डीएम आरके सिंह को कानपुर नगर का डीएम व फर्रुखाबाद के डीएम संजय कुमार सिंह प्रथम को रामपुर भेजा गया है। रामपुर के डीएम रविंद्र कुमार मंदर को जौनपुर का डीएम, जौनपुर के डीएम अनुज झा को एसीईओ राज्य निर्वाचन आयोग बनाया गया है। श्रम विभाग में सेवारत निशा आनंद अमेठी का डीएम होंगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के विशेष सचिव दिव्यांशु पटेल को मुरादाबाद का नगर आयुक्त बनाया गया है।

▶▶ मानिकनंदन होंगे बरेली विकास प्राधिकरण के वीसी

# रिपोर्ट लगाने को मांगे 20 हजार चौकी इंचार्ज समेत दो गिरफ्तार

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

**अमृत विचार :** बरेली की एंटी करप्शन टीम ने चौकी इंचार्ज समेत दो लोगों को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। कोतवाली सदर में उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने आरोपी चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया है। विभागीय जांच शुरू की गई है।



ऋषिपाल सिंह।



देवेंद्र सिंह।

थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव समसपुर कूबरी निवासी विजेंद्र कुमार ने 26 जनवरी को ग्राम प्रधान के भाई प्रदीप और प्रेमपाल के खिलाफ मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दहगवां पुलिस चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मामले की विवेचना कर रहे थे। आरोपी प्रेमपाल ने गांव के ही ऋषिपाल सिंह पुत्र ज्ञान से संपर्क किया। उसने चौकी इंचार्ज से बात कराई तो उसने मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने को 20 हजार रुपये मांगे। प्रेमपाल ने बरेली की एंटी करप्शन टीम से शिकायत की तो सीओ यशपाल सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल, ट्रैप टीम प्रभारी इश्तियाक वारसी की टीम ने जाल बिछाया। टीम के बताने के अनुसार प्रेमपाल ने दलाल ऋषिपाल सिंह को 20 हजार रुपये दिए तो उसने चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह को रुपये दिए। एंटी करप्शन टीम ने उपनिरीक्षक और दलाल को रंगे हाथों पकड़ लिया।

## 1241 अंक उछला सेंसेक्स, निफ्टी भी 21700 के पार

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी के चलते दोनों मानक सूचकांक में जोरदार उछाल आया। एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली के साथ सेंसेक्स जहां 1,241 अंक मजबूत हुआ, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 21,700 अंक के आंकड़े को पार कर गया। बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। निफ्टी भी 385 अंक यानी 1.80 प्रतिशत उछलकर 21,737.60 अंक पर बंद हुआ।









# लालू से ईडी की 10 घंटे पूछताछ

## जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने के मामले में भेजा गया था समन

पटना, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की। लालू के साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी मौजूद रहीं। वे सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजकर 5 मिनट पर ईडी कार्यालय पहुंचे थे और करीब दस घंटे तक चली पूछताछ के बाद रात 8 बजकर 50 मिनट पर अपने आवास के लिए रवाना हुए।

सूत्रों ने बताया कि मामले के जांच अधिकारी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत लालू यादव का बयान दर्ज किया। घोटाले के संबंध में राजद नेता से पूछताछ करने के लिए दिल्ली से ईडी अधिकारियों की एक टीम रविवार को पटना पहुंची थी। जनता दल यूनाइटेड (जद-यू) अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'महागठबंधन' से अलग होने के एक दिन बाद लालू प्रसाद केंद्रीय एजेंसी के सामने पेश हुए। इस गठबंधन में राजद सबसे बड़ा घटक दल है।

ईडी कार्यालय में लालू को प्रवेश कराने के बाद बेटी मीसा ने कहा, उनकी (लालू) स्वास्थ्य स्थिति के कारण उनके लिए अकेले जाना मुश्किल है, यही कारण है कि जब भी वह कहीं जाते हैं तो किसी को उनके साथ जाना पड़ता है। उनसे पूछताछ अभी भी जारी है।' शाम को मीसा ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, केंद्र ईडी और सीबीआई के माध्यम से विपक्षी नेताओं को निशाना बना रहा है।



### लालू को गिरफ्तार करेंगे... वे डरे हुए हैं: मीसा


लालू प्रसाद यादव से ईडी की पूछताछ पर राजद सांसद और लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने कड़ी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि लालू यादव का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। वह खुद खा भी नहीं सकते हैं। किसी को उनको खाना खिलाना पड़ता है। मीसा ने आगे कहा कि ईडी का कोई अधिकारी बोलने के लिए तैयार नहीं है। चूंकि चुनाव नजदीक हैं। इसलिए प्रधानमंत्री डरे हुए हैं और ऐसी चीजें ही करेंगे। यह सरकार मेरे पिता को भी (गिरफ्तार) कर सकती है, लेकिन एक बीमार आदमी को गिरफ्तार करके उन्हें क्या मिलेगा।

### राबड़ी के पूर्व कर्मी ने घूस में ली संपत्ति हेमा के नाम की

**नई दिल्ली।** लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी की गोशाला के एक पूर्व कर्मचारी ने रेलवे में नौकरी के इच्छुक एक व्यक्ति से संपत्ति हासिल की और बाद में इसे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी हेमा यादव को हस्तांतरित कर दिया। यह आरोप ईडी ने सोमवार को लगाया, जो जमीन के बदले नौकरी मामले की जांच कर रहा है। केंद्रीय एजेंसी ने दिल्ली की एक अदालत में एक आरोप-पत्र दायर किया था, जिसमें कुछ अन्य लोगों के अलावा लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को आरोपी बनाया गया था।

### सोरेन के दिल्ली आवास से खाली हाथ लौटी ईडी

**नई दिल्ली।** जमीन घोटाला मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके दिल्ली आवास पर पूछताछ करने पहुंची ईडी की टीम को सोमवार शाम निराशा हाथ लगी। पूरे दिन इंतजार करने के बावजूद मुख्यमंत्री से ईडी टीम की मुलाकात नहीं हो सकी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एजेंसी को ईमेल भेजा है जिसमें 31 जनवरी को रांची में पूछताछ के लिए सहमति दी है।



**राज्यसभा में उप्र. की 10 सीटों का कार्यकाल 2 अप्रैल को होगा खत्म**

# उप्र में केन्द्र-राज्य के उच्च सदन के लिए होगी सियासी जोर-आजमाइश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ उप्र विधान परिषद की 13 सीटें भी 5 मई को हो जाएंगी रिक्त

▶▶ रास की रिक्त हो रहीं 10 सीटों में 9 भाजपा, एक सपा की सीट

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की दस्तक पाकर सियासी दलों में हर सीट पर नफा-नुकसान को लेकर मंथन तेज है। इसी के बीच राज्यसभा और उप्र. विधान परिषद के लिए भी सियासी दल जोर आजमाइश करते दिखेंगे। राज्यसभा में उप्र. के कोटे की 10 सीटों का कार्यकाल 2 अप्रैल को खत्म हो रहा है। वहीं, विधान परिषद में भी विधायक कोटे की 13 सीटें 5 मई को खाली हो जाएंगी। ऐसे में लोकसभा चुनाव की रणनीति तय करने के साथ राजनीतिक दल केन्द्र और राज्य के उच्च सदनों में खाली हो रहीं सीटों के लिए समीकरण साधेंगे।

भाजपा के जिन राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमें, अनिल अग्रवाल, अशोक वाजपेयी, अनिल जैन, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, विजयपाल तोमर, सुधांशु त्रिवेदी, हरनाथ सिंह यादव शामिल हैं। वहीं, राज्य विधान परिषद में खाली हो रही 13 सीटों में 10 भाजपा, 1 उसके सहयोगी अपना दल और 1-1 सपा और बसपा के पास है। 5 मई के पहले इन सीटों पर भी चुनाव प्रस्तावित है। राज्य विधानसभा में 403 सदस्य हैं और यहां से एक सदस्य को राज्यसभा भेजने के लिए 37 विधायकों का वोट चाहिए। सपा के पास 109 और रालोद के पास 9 विधायक हैं। ऐसे में 118 विधायकों के साथ सपा कम से कम तीन सीटें जीतने की स्थिति में रहेगी। सत्तारूढ़ गठबंधन के पास 279 विधायक हैं। इनमें भाजपा के 254, अपना दल (एस) के 13, निषाद पार्टी व सुभासपा 6-6 विधायक हैं। ऐसे में 7 सीटों पर सत्तापक्ष जीते तो आश्चर्य नहीं होगा।

### राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 27 फरवरी को होगा। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान शामिल हैं। लखनऊ कार्यालय के अनुसार उप्र. के 10 सदस्यों के द्विवार्षिक निर्वाचन का कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग से तय कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को बताया कि नामांकन की अधिसूचना 8 फरवरी को जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। 16 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच और 20 फरवरी को नाम वापसी। 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मतदान और सायं 5 बजे से मतगणना होगी। 29 फरवरी से पहले निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जाएगा।

## एक नजर

### दिल्ली-कश्मीर में आठ जगहों पर सीबीआई छापे


**श्रीनगर।** सीबीआई ने सिविल कार्यों के लिए निविदा देने में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले की जांच के तहत सोमवार को दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में लगभग आठ स्थानों पर तलाशी ली। किरू जलविद्युत परियोजना का क्रियान्वयन चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। सीबीआई ने बताया कि तलाशी में लगभग 21 लाख रुपये से अधिक की नकदी के अलावा डिजिटल उपकरण, कंप्यूटर, संपत्ति दस्तावेज तथा आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए।

### अधीनस्थ सेवा आयोग ने घोषित किए पीईटी परिणाम

**लखनऊ।** सोमवार को अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा कराई गई पीईटी परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए। इसमें 12 लाख के करीब छात्र शामिल हुए थे। परिणाम आयोग की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। आयोग द्वारा परीक्षा 28 और 29 अक्टूबर को आयोजित की गई थी। 35 जिलों में आयोजित परीक्षा में 12 लाख 6 हजार 460 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। कुल 20 लाख से अधिक आवेदन हुए थे।

# सॉरी मम्मी-पापा, आईएम लूजर

कोटा, एजेंसी




छात्रा के कमरे से बरामद हुआ सुसाइड नोट।

▶▶ कोटा में जेईई की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

▶▶ एक सप्ताह के भीतर कोटा में आत्महत्या की दूसरी घटना

राजस्थान के कोटा शहर में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रही 18 वर्षीय एक छात्रा ने सोमवार को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक छात्रा ने अंग्रेजी में लिखे सुसाइड नोट में कहा कि मम्मी, पापा मैं जेईई की परीक्षा की तैयारी नहीं कर सकती। इसलिए मैं आत्महत्या कर रही हूं। छात्रा की पहचान स्थानीय निहारिका सिंह के रूप में की गई है। उसने अपने माता-पिता से माफी भी मांगी है। निहारिका ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं एक असफल व्यक्ति हूं। मैं सबसे बुरी बेटी हूं। मुझे माफ करें, मम्मी-पापा। मेरे पास यही आखिरी विकल्प था।

एक सप्ताह के भीतर कोटा में किसी विद्यार्थी के आत्महत्या करने का यह दूसरा मामला है। कोटा में छात्रा के आत्महत्या करने का यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बच्चों की दबाव से निपटने में मदद करने के लिए उनमें दृढ़ता पैदा करना महत्वपूर्ण है और माता-पिता व शिक्षकों को सामूहिक रूप से छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि निहारिका शहर के बोरखेड़ा थाना क्षेत्र के शिव विहार कॉलोनी में स्थित अपने पारिवारिक घर में रहती थी और उसे 30 या 31 जनवरी को जेईई परीक्षा देनी थी। वह पढ़ाई के तनाव में थी।

## आतंकवादी समूह सिमी पर 5 वर्ष के लिए प्रतिबंध बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और शांति व सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने में संलिप्तता के लिए आतंकवादी समूह स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर लगा प्रतिबंध को सोमवार को पांच वर्ष के लिए बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर कहा कि आतंकवाद को 'बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को मजबूत करते हुए, सिमी को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। सिमी पर पहली बार वाजपेयी सरकार में 2001 में प्रतिबंध लगाया गया था। तब से हर पांच साल में प्रतिबंध बढ़ाया जाता रहा है। सिमी पर पिछला प्रतिबंध 31 जनवरी, 2019 को लगाया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि सिमी अपनी गैरकानूनी गतिविधियों को जारी रखे हुए है।

▶▶ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

# स्कूल हॉस्टल में फंदे से लटका मिला पांचवीं के छात्र का शव

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ (खीरी)

▶▶ प्रबंधक, प्रधानाचार्य सहित चार के खिलाफ पिता ने दर्ज कराई हत्या की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** नगर से सटे कोटवारा रोड बोर्डिंग स्कूल सिल्वर सिटी एकेडमी में पांचवीं के छात्र का शव हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने पूछताछ के लिए एक कर्मचारी को हिरासत में लिया है।



गौरव राज।

भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी मनोज कुमार के पुत्र गौरव राज और सुमित राज सिल्वर सिटी एकेडमी के छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। रविवार की रात 5वीं के छात्र गौरव (12) का शव मफलर से हॉस्टल में ही पंखे के कुंडे से लटका मिला। हॉस्टल के वार्डेन ने गौरव के छोटे भाई सौरभ से परिवार को सूचना देने को कहा। परिजन रात में ही विद्यालय पहुंचे तो उन्हें सौरभ का शव बेड पर पड़ा मिला। हैदराबाद थाना पुलिस ने रात में ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहां से शव गांव पहुंचा तो परिजन विद्यालय प्रबंधन पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग करने लगे। मामला बिगड़ता देख कई थानों की पुलिस भवानीपुर गांव पहुंच गई। मृतक के पिता मनोज कुमार की तहरीर पर विद्यालय के प्रबंधक हरमोहन सिंह, प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह, रात्रि ड्यूटी कर्मचारी सुरवीर और एक अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई तब शव का अंतिम संस्कार किया गया।


# हिंदू पक्ष ने दाखिल की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**ज्ञानवापी मामला**

नई दिल्ली, एजेंसी

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) के महानिदेशक से अपील की गई है कि वे परिसर में मिले शिवलिंग का सर्वे करें, ताकि उसकी वास्तविकता का पता लगाया जा सके।

याचिका में कहा गया है कि सर्वे करने के लिए शिवलिंग के आसपास की आर्टिफिशियल या मॉडर्न दीवार और फ्लोर को हटाया जाए। बिना शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए सील किए गए पूरे इलाके का वैज्ञानिक सर्वे किया जाए। इससे पहले, 19 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी के सर्वे पर रोक लगा दी थी। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने याचिका में ज्ञानवापी परिसर में सीलबंद वजूखाना (स्नान जल टैंक) का सर्वे कराने की मांग करने की बात कही थी। उन्होंने दावा किया है कि 10 सीलबंद तहखानों में हिंदू मंदिर के सबूत हैं।



▶▶ शिवलिंग और वजू स्थल के सर्वे की रखी मांग

### शाही ईदगाह परिसर के सर्वे पर रोक जारी

सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा में कृष्ण जन्म भूमि मंदिर से लगे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर की अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक जारी रखने का सोमवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन समिति द्वारा दायर याचिका की अगली सुनवाई अप्रैल के प्रथम पखवाड़े के लिए निर्धारित कर दी। पीठ ने कहा कि जहां कहीं भी अंतरिम आदेश जारी किया गया है वह जारी रहेगा। शीर्ष कोर्ट ने 16 जनवरी को हाईकोर्ट के 14 दिसंबर 2023 के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी, जिसमें शाही ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण की अनुमति दी गई थी।

## रामलला के दर्शन में वीवीआईपी के लिए होगी अलग व्यवस्था

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला के दर्शन के लिए 31 जनवरी से अलग-अलग राज्यों के भी वीवीआईपी के आने का क्रम शुरू होने जा रहा है। इसके लिए अलग व्यवस्था बनाई जाएगी। जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं तैयारियों का जायजा लेने सोमवार दोपहर अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं के संदर्भ में न केवल जानकारी ली, बल्कि खुद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखा और दर्शनार्थियों से भी बातचीत करके फीडबैक लिया। मंदिर परिसर में ही जिला प्रशासन और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ समन्वय बैठक की।

**सख्ती** बोर्ड परीक्षा से पहले शुरू हुई गुपचुप पड़ताल, बढ़ सकती हैं संचालकों की मुश्किलें

# एटीएस के रडार पर मदरसा संचालकों के खाते

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी एटीएस के निशाने पर प्रदेश में संचालित मदरसा संचालकों के बैंक खाते हैं। इसको लेकर विशेष टीम अपनी जांच में जुटी है। तथ्यों को इकट्ठा करने के लिए उप्र मदरसा बोर्ड के जिम्मेदारों से भी संपर्क साधा गया है। सूत्रों की मानें तो अयोध्या, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बस्ती से जुड़े मदरसे विशेष टीम के खास रडार पर हैं।

हालांकि जांच का ये क्रम छह माह से चल रहा है, लेकिन हाल के दिनों में मिले विशेष इनपुट के बाद एटीएस ने इसे गति दी। सूत्रों की मानें तो विशेष खातों में आई विदेशी फंडिंग की जानकारी मिलते ही मदरसा संचालकों के खातों और अन्य रिकार्डों को खंगाला जा रहा है। ये अयोध्या, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बस्ती सहित कुछ अन्य जनपदों से जुड़े हुए हैं। विशेष टीम की ओर से मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार से भी जानकारी हासिल की गई।




▶▶ उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के जिम्मेदार बोले-केवल शिक्षकों की योग्यता की हो रही है जांच

अनुदानित और गैर अनुदानित मदरसों से जुड़े लोगों की कॉल डिटेल को भी खंगाला जा रहा है। रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि उनसे एटीएस से जुड़ी एसआईटी शाखा ने गैर अनुदानित / गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के बारे में जानकारी मांगी थी, उन्हें बता दिया गया है कि ऐसे मदरसे उनके परिक्षेत्र में नहीं हैं।

### शिक्षकों की योग्यता का होगा परीक्षण

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे रीभा ने आदेश दिए हैं कि पंजीकृत मदरसों से जुड़े शिक्षकों और कर्मचारियों की जांच की जाए। इसमें निरीक्षण के साथ सत्यापन किया जाना भी सम्मिलित है। इसको लेकर निदेशक ने अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग, सभी जिलाधिकारी और रजिस्ट्रार को समयबद्ध जांच कराने के निर्देश जारी किए हैं। उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के सदस्य कमर अली कहते हैं कि निष्पक्ष जांच होनी आवश्यक है, क्योंकि कई बार एक व्यक्ति के गलत कार्यों से पूरा सिस्टम बदनाम हो जाता है।

### बरेली में सबसे अधिक गैर मान्यता प्राप्त मदरसे

बरेली में गैर मान्यता प्राप्त मदरसे सबसे अधिक हैं। प्रदेश में सूचीबद्ध मदरसों की संख्या 8449 है। उधर, प्रदेश में 24 हजार से अधिक मदरसों को पंजीकरण की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। उप्र मदरसा शिक्षा बोर्ड में 16,500 पंजीकृत मदरसे हैं।

## एक नजर

### विधि सचिव ने अधिवक्ताओं को नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक

**बदायूं।** सहसवान तहसील परिसर में नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अधिवक्ताओं और तहसील के कर्मचारियों को विधिक सचिव ने नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया। विधिक सचिव सारिका गोयल ने नशीली दवाओं, धूम्रपान, शराब पीने से होने वाली हानियों के विषय से अवगत कराया। इसके साथ ही उनके द्वारा बाल श्रमिकों से काम कराने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का आह्वान किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार, जितेन्द्र कुमार तहसीलदार, शर्मनानन्द यादव, उपजिलाधिकारी, प्रेमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### जिले के ब्लॉक मुख्यालयों में आज होंगे सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**बदायूं।** जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम 30 जनवरी को ब्लॉक मुख्यालयों पर आयोजित किए जाएंगे। विभाग पास अब तक साढ़े चार सौ ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं। इनका सत्यापन चल रहा है।

समाज कल्याण अधिकारी राम जनम ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में शासन से 1817 जोड़ों की शादी कराने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। विभाग द्वारा बीते साल दिसंबर में 415 जोड़ों की शादी सभी ब्लॉकों में कार्यक्रम आयोजित कर कराई गई। अभी 1402 जोड़ों की शादी और करानी शेष है। अब विभाग 30 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित कराने जा रहा है। विभाग को अब तक 452 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। अभी आवेदन लगातार आ रहे हैं। जो आवेदन विभाग को प्राप्त हो चुके हैं, उनका अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जा रहा है।

### पुलिस ने कस्बे में चलाया चेकिंग अभियान

**कादरचौक।** कस्बा कादरचौक में पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। एस ओ उदयवीर सिंह ने पुलिस के साथ जगह जगह चेकिंग की। कई लोगों के वाहनों के कागज देखे। इधर-उधर खड़े लोगों से पूछताछ की गयी। थाना प्रभारी उदयवीर सिंह ने लोगों से कहा कि कोई भी संदिग्ध नजर आए तो पुलिस को सूचना दें। बाजार और चौराहे पर चेकिंग कर लोगों को निर्देश दिए कि हेलमेट लगाएं, बिना कागज के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, जिससे वह सुरक्षित रहेंगे। यातायात नियम से होने वाले अनगिनत फायदों के बारे में लोगों को जानकी दी। थाना प्रभारी ने दुकानदारों को भी सचेत किया कि इधर उधर घूमने वालों पर नजर रखें। खाद्य सामग्री के बारे में उन्होंने लोगों को जागरूक किया। ट्रैफिक व्यवस्थाओं को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए नियमों का पालन करें।

# श्रमिकों के लिए बढ़ेंगे अवसर बनेंगे आर्थिक रूप से सशक्त

## मनरेगा श्रमिकों के लिए 47 लाख मानव दिवस किए जाएंगे सृजित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मनरेगा योजना के तहत 90 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देने का है लक्ष्य
- इस वर्ष 32 लाख से अधिक मानव दिवस सृजित करने का मिला था लक्ष्य

**अमृत विचार:** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में नए वित्तीय वर्ष के दौरान मजदूरों को काम की कमी नहीं होगी। 47 लाख से अधिक मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य तय करते हुए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, जो कि 2023-2024 से 15 लाख अधिक है। तालाब खोदाई, आवास, चकमार्ग, चकरोड से लेकर अन्य कार्य के माध्यम से मजदूर प्रतिदिन कमाई करेंगे। वर्तमान वित्तीय वर्ष में पहले 27 लाख मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य मिला था, लेकिन मजदूरों की मांग को देखते हुए पांच लाख और बढ़ा दिया गया। अब विभाग को मार्च माह तक 32 लाख मानव दिवस सृजित करना हैं।

प्रति व्यक्ति आय बढ़े और लोगों की गरीबी दूर हो सके, इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार से ही सबसे सहज उपाय है। हालांकि शिक्षित व अशिक्षित बेरोजगारों की भीड़ में हर हाथ को काम उपलब्ध कराना समय की चुनौती बनी हुई है। गरीबी उन्मूलन की दिशा में शासन की ओर से तरह-तरह के उपाय भी किए जा रहे हैं, रोजगार व स्वरोजगार के अवसर तलाशे जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रत्येक व्यक्ति को 100 दिन रोजगार की गारंटी देने को लेकर संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत वर्ष 2024-25 में 47 लाख मानव दिवस सृजित कर ज्यादा से ज्यादा जॉब कार्ड धारकों को रोजगार से जोड़ने की तैयारी की गई है। काम की तलाश में भटकते लोगों को दूर-दराज क्षेत्रों में भटकना न पड़े। मनरेगा गांव में ही काम हासिल करने का सबसे बेहतर जरिया बना हुआ है। ऐसे में योजना के अंतर्गत पंजीकृत 2.11 लाख से अधिक जॉब कार्ड धारकों को काम मिल सके। गांवों में काम के अवसर निकाले जा रहे हैं। विभाग की ओर से मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में मानव दिवस सृजन के निर्धारित किए गए 27 लाख मानव दिवस के सापेक्ष 2.96 लाख मानव दिवस की पूर्ति की है, जो कि लक्ष्य से अधिक है। इसके तहत 84 हजार लोगों को रोजगार दिया गया है। जबकि 2024-25 में 47 लाख मानव दिवस सृजित कर 90 लाख लोगों को रोजगार देने की तैयारी की गई है। उपायुक्त मनरेगा रामसागर ने बताया कि अमृत सरोवरों के निर्माण, सौंदर्यीकरण से लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास, चकमार्ग निर्माण, पशु शेड का निर्माण, परिषदीय विद्यालयों के चहारदीवारी निर्माण, अनुदानित शौचालयों के निर्माण से लेकर व्यक्तिगत स्तर पर भी अन्य कार्यों के जरिए मानव दिवस सृजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को काम मिल सके।

### ऐसे समझें 47 लाख मानव दिवस सृजन को

इस तरह वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7397 जॉब कार्डधारक उपरोक्त कार्य करेंगे तो 32 लाख मानव दिवस सृजित होंगे। इसी तरह अगले वित्तीय वर्ष के लिए ये जॉब कार्डधारक एक ही कार्य को बार-बार करेंगे तो 47 लाख से अधिक मानव दिवस सृजित होंगे।

## स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान आज से

**बदायूं, अमृत विचार:** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद को कुष्ठ मुक्त बनाने के उद्देश्य से 30 से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान चलेगा। इस जागरुकता पखवाड़े में स्कूलों, ग्रामों एवं विभिन्न स्थानों पर गोष्ठियां कर जनमानस को कुष्ठ के प्रति विभाग जागरूक करेगा तथा संदिग्ध कुष्ठ रोगी के मिलने पर निःशुल्क जांच एवं उपचार किया जाएगा ।जिला कुष्ठ परामर्शदाता डा. सुधीर कुमार गुप्ता ने रविवार को बताया कि 30 जनवरी से स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। कुष्ठ रोग के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी।

**30 और 31 को होंगे कार्यक्रम:** जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ सुधीर कुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ मंगलवार से विभिन्न जगहों पर जागरुकता अभियान चलाएंगे। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ पंकज शर्मा ने बताया कि 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाते हुए सीएमओ डॉक्टर ए एस खान कार्यालय में जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। 31 को दोपहर 12 बजे परशुराम इंटर कॉलेज के बच्चों द्वारा सीएमओ कार्यालय से कुष्ठ के प्रचार प्रसार एवं जागरुकता हेतु एक रैली निकाली जाएगी जो कि रोडवेज बस अड्डे से पुलिस लाइन होते हुए अंबेडकर पार्क पर समाप्त होगी।

# पंचायत सहायक के पिता का देहांत, कार्रवाई हुई स्थगित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ग्राम पंचायत में होने वाली बैठक के बाद होगी कार्रवाई
- आवास के नाम पर रुपये लेने का वीडियो हुआ था वायरल
- डीपीआरओ ने संविदा समाप्त करने के दिए हैं आदेश

**अमृत विचार:** पंचायत सहायक की नौकरी जाने का खतरा तो बना हुआ है। दूसरी ओर उसके सिर से पिता का साया भी चला गया। पुत्री के गम में पिता की हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई है। उसके ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दो दिन बाद ग्राम पंचायत में होने वाली खुली बैठक में प्रस्ताव पास होने के बाद उसकी संविदा को समाप्त कर दिया जाएगा। जिसके आदेश डीपीआरओ ने प्रधान और सचिव को दिए हुए हैं।

ब्लॉक कादरचौक की ग्राम पंचायत कटिन्ना में पंचायत सहायक के पद पर एक महिला कर्मचारी नियुक्त है। उसके द्वारा एक लाभार्थी से रुपये लिए गए थे। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो सीडीओ और डीपीआरओ तक पहुंचने के बाद जांच के आदेश कर दिए गये। जांच में पंचायत सहायक दोषी पाई गई थी।

जांच आख्या मिलने के बाद डीपीआरओ ने ग्राम प्रधान और सचिव को पंचायत सहायक की संविदा समाप्त करने के आदेश कर दिए। आदेश दिया था कि गांव में खुली बैठक कर प्रस्ताव पास किया जाए और उसके बाद सहायक पंचायत की संविदा को समाप्त कर दिया जाए। डीपीआरओ का आदेश जब पंचायत सहायक और उसके पिता के पास पहुंचा तो यह सदमा उसके पिता बर्दास्त नहीं कर पाए और हृदय गति रुकने की वजह से उनकी मृत्यु हो गई। पंचायत सहायक पर अचानक से दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

कहीं ऐसा न हो कि नौकरी जाने व पिता का साया चले जाने पर पंचायत सहायक कोई गलत कदम उठाने के लिए विवश न हो जाए।

इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी गुलबहार और डीपीआरओ ने बताया कि पंचायत सहायक की संविदा को समाप्त कर दिया है लेकिन उसके पिता की मृत्यु होने पर फिलहाल कार्रवाई कुछ दिनों तक स्थगित करने को कहा गया है। पंचायत सहायक नॉर्मल होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## अधिवक्ताओं के चैंबर में शस्त्र लाने पर दर्ज होगी रिपोर्ट

- डीएम ने थाना प्रभारियों को ऐसे मामले सामने आने पर मुकदमा दर्ज करने के दिए आदेश

**बदायूं, अमृत विचार:** शस्त्रधारक सावधान हो जाएं। गलती से न्यायालय परिसर, कैंटीन या फिर जिला बार एसोसिएशन चैंबर में शस्त्र लेकर गये तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो जाएगी। साथ ही उनका लाइसेंस भी रद हो जाएगा। जिसके निर्देश डीएम ने सभी थाना प्रभारियों को दिए हैं। आदेशित किया है कि अगर ऐसा कोई प्रकरण सामने आता है तो फौरन कार्रवाई करते हुए संबंधित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाए।

जनपद न्यायाधीश द्वारा डीएम को पत्र जारी किया गया था। इसमें उनके द्वारा कहा गया था कि न्यायालय परिसर, कैंटीन एवं जिला बार एसोसिएशन तथा अधिवक्ताओं के चैंबरों में यदि कोई शस्त्रधारक शस्त्र लाइसेंस लेकर जाता है, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल एफआईआर पंजीकृत कराकर शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया जाए। जिस पर डीएम ने आदेश जारी कर न्यायालय परिसर, कैंटीन, जिला बार एसोसिएशन तथा अधिवक्ताओं के चैंबरों में शस्त्र ले जाने को प्रतिबंधित कर दिया है।

# काव्य संध्या: राम मिलेंगे शबरी के झूठे बेरों में...

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब के बैनर तले काव्य संध्या का आयोजन हुआ। इसमें नगर व दूरदराज से पधारे कवियों ने काव्य रस की धार बिखेरकर श्रोताओं को रोमांचित कर दिया। क्लब के अध्यक्ष डा. मनोज माहेश्वरी ने अतिथियों का माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का आरंभ रोटरी क्लब के अध्यक्ष डा. मनोज माहेश्वरी व वरिष्ठ रोटेरियन सुभाष चंद्र अग्रवाल ने किया। दिल्ली से पधारे कवि ऋषि कुमार शर्मा 'च्यवन' ने पेश किया 'राह में तेरे पलकें बिछाए हूं मैं, मुंतजिर हूं तुम्हारा चले आइए'। दिल्ली से ही पधारीं कवियित्री गीता शर्मा ने आधी आबादी की पीड़ा को कुछ यूं बयां किया ' मैं नारी हूं तो क्या, स्वाभिमान की पुजारी हूं तो क्या'। नगर के युवा शायर अभीक्ष पाठक 'आहत' ने फरमाया 'बनके सामे लिपट गई यादें, तुमको भूले नहीं भुलाने से'। श्रीदत्त शर्मा 'मुजतर' ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पेश किया 'राहे वफा पर जो न्यौछावर हो गए उनके लिए, मौत को भी जिंदगी की शक्ल में आना पड़ा। मुंबई से पधारे हास्य रस के प्रख्यात कवि हरीश शर्मा 'यमदूत' ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को जमकर हंसाया। ओज व जनवादी कवि सतीश दीक्षित नोएडा ने भगवान राम का गुणगान किया तो उपस्थित श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं कि ' राम मिलेंगे शबरी के झूठे बेरों में। पंडित साहित्य कुमार 'चंचल' ने साहित्यकार होने के धर्म पर कुछ यूं पेश किया ' लेखक व कवि होने का मैं अपना धर्म निभाता हूं'। देर रात तक चली काव्य संध्या में सीओ सुनील कुमार ने भी शहीदों के सम्मान में स्वरचित रचना पढ़ी। इस अवसर पर चेयरमैन अबरार अहमद, संजय गर्ग, मुदित अग्रवाल, आलोक गर्ग, रविप्रकाश अग्रवाल, डा. प्रवीन शर्मा, योगेश भारद्वाज, डा. संजय गुप्ता, राजेश भारद्वाज, अनूप शर्मा, डा. सुविधा माहेश्वरी, दुर्गेश आदि रहे।



रचना प्रस्तुत करतीं कवियित्री गीता शर्मा।


कवि संध्या कार्यक्रम में बैठे लोग। ● अमृत विचार

- रोटरी क्लब की ओर से आयोजित काव्य संध्या में कवियों ने बहाई रसधार

### रिश्वतखोरी के मामले में सचिव का वेतन रुका

**कादरचौक।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरामई में आवास की जियो टैग के नाम पर सचिव द्वारा रखे गए प्राइवेट कर्मचारी ने पांच सौ रुपये की रिश्वत मांगी थी। इस प्रकरण में एडीओ पंचायत ने सचिव का वेतन रोक दिया है। वहीं, दूसरी ओर शिकायतकर्ता शिवम द्वारा आईजीआरएस पर मुख्यमंत्री से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

# आयुष डॉक्टर एसोसिएशन का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** स्टेट बैंक रोड स्थित नारायण भवन में आयुष डॉक्टर एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनानी डिविजनल ऑफिसर बरेली जोन अब्बास अली खान तथा कार्यक्रम के विशेष अतिथि सहसवान के उप जिलाधिकारी प्रेमपाल सिंह, सहसवान चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रशांत त्यागी, सहसवान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मीर हादी अली उर्फ बाबर मियां आदि रहे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजपूताना मेडिकल कॉलेज राजस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. शफ़ीक नकवी रहे। आयुष डॉक्टर एसोसिएशन की स्थापना 25 जुलाई 2023 को हुई थी। रविवार रात नारायण भवन में सहसवान आयुष डॉक्टर्स एसोसिएशन का पहला वार्षिकोत्सव कामयाबी और कमरानी के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुनीर अख्तर की पुत्री जुबेरिया मुनीर ने क़ुरआने मजीद की आयत सूरह फातिहा और सूरह इख़लास की तिलावत करके की। मुख्य अतिथि और अतिथि विशेष के आने के बाद सुमैया फातिमा, अफीफ रहमान, हमजा नकवी और उरूज इशरत स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।कार्यक्रम के अंत में संगठन के संस्थापक डॉ मुजीबुर्रहमान व अध्यक्ष डॉ. गुफ़रान रिज़वी ने सभी का आभार प्रकट किया।



समारोह में शामिल अतिथियों का अभिवादन करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार






### भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज

**बदायूं।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के 23 बदायूं लोकसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन 30 जनवरी को लोकसभा प्रभारी एमएलसी कुंवर महाराज सिंह व जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया जाएगा। लोकसभा चुनाव कार्यालय कचहरी रोड स्थित हरिबोल कॉलोनी में बनाया गया है। जिसका उद्घाटन 30 जनवरी मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे पूरे विधि-विधान से पूजन कर पार्टी के जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया जाएगा। उक्त जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य ने दी है।

# धूप खिली तो सर्दी से मिली राहत, पार्कों में बढ़ी चहल-पहल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सोमवार की दोपहर में धूप खिलने से लोगों के चेहरे पर मुस्कान नजर आई। लेकिन, गलन के कारण लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखे। वहीं, धूप से राहत मिलने पर कुछ लोगों के जैकेट उतरने लगे। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिनों तक ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। वहीं अन्य दिनों की तुलना में पार्कों से लेकर बाजारों तक चहल- पहल रहेगी। वहीं सुबह के समय घना कोहरा होने की वजह से लोग ठिठुरते हुए नजर आए। वाहन भी लाइट जलाकर चलते हुए दिखाई दिए। वहीं धूप खिलने से तापमान में भी वृद्धि देखी गई। अधिकतम तापमान 24 और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

सोमवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। दिन चढ़ने के साथ धूप तो खिली, लेकिन ठंड और गलन से मामूली राहत मिली। धूप खिलने के बाद लोग छतों पर कपड़े सुखाने व धूप सेकने के लिए पहुंचे। कई घरों की छतों पर बच्चे पतंग उड़ाते दिखे। साथ ही धूप खिलने के बाद बाजार व सड़कों पर भी चहल-पहल दिखने लगी। धूप का आनंद लेने के लिए लोग पार्कों और खुले मैदान पर पहुंचे। जहां उन्होंने धूप का आनन्द लिया। पिछले एक माह से खराब मौसम के बाद खिली धूप से लोगों ने राहत महसूस की।

जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी किए गये अलर्ट के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण गलन बढ़ी है। इस वजह से बरसात होने की आशंका बनी हुई है। एक या दो दिन में बारिश हो सकती है। इसके बाद आने वाले दिनों में धूप निकलेगी, लेकिन तेज हवा के कारण गलन बरकरार रहेगी।


धूप सेंकते लोग। ● अमृत विचार

### रविवार को ऐसा था मौसम

शनिवार देर रात से हवा की रफ्तार तेज हो गई थी, जिससे रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। पूरे दिन धूप नहीं निकली। दिन भर वातावरण में कोहरे वाली स्थिति बनी रही। जिसकी वजह से अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से काफी कम था। वहीं, न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री कम रहा। कृषि विभाग के अनुसार दो से तीन फरवरी तक कोहरा बने रहने के आसार हैं। इसके बाद मौसम में परिवर्तन दिखने लगेगा।

**परेशानी** बच्चों को स्कूल छोड़ने गए अभिभावकों को हुई परेशानी

# अवकाश समाप्त, ठंड में कांपते हुए स्कूल पहुंचे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


- पिछले एक माह से बंद थे कक्षा आठवीं तक के स्कूल

**अमृत विचार:** कड़ाके की ठंड के चलते शिक्षा विभाग की ओर से छुट्टियां को 27 जनवरी तक बढ़ा दिया गया था, जिसके बाद सोमवार को स्कूल फिर से खुले और स्कूलों में विद्यार्थियों की रौनक फिर से लौटी, लेकिन ठंड और कोहरे की वजह से स्कूलों में बच्चों की संख्या नाममात्र ही रही। घने कोहरे और कंपकंपी के कारण बोर्ड की कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थी भले ही 90 फीसदी स्कूलों में पहुंचे, जबकि दूसरी कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या करीब 50 फीसदी से भी काफी कम रही।

सुबह के समय बच्चों को स्कूल छोड़ने पहुंचे अभिभावकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि सुबह ग्यारह बजे के बाद धूप खिलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। सुबह के समय बच्चों को स्कूल में छोड़ने वाले अभिभावकों को भी स्कूल में बच्चों को छोड़ते समय कंपकंपी ठंड का सामना करने पर मजबूर होना पड़ा। वाहनों पर स्कूल में बच्चे छोड़ने आए अभिभावक बच्चों को कपड़ों में ढककर लेकर पहुंचे। पहली से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों के स्कूल का समय सोमवार को सुबह दस बजे का रहा। ठंड और घने कोहरे के बीच बच्चे स्कूलों में पहुंचे।

हालांकि दूर दराज के क्षेत्रों से विद्यार्थी घने कोहरे के बीच साइकिलों पर पहुंचे। पुलिस लाइन स्थित परिषदीय स्कूल बच्चों की संख्या 40 फीसद ही रही। ऐसा ही हाल पटियाली सराय स्थित प्राथमिक स्कूल का हाल रहा।


शहर में होने के बाद भी ठंड की वजह से बच्चे स्कूल नहीं आए। देहात क्षेत्रों का और भी बुरा हाल रहा। बच्चों के साथ शिक्षक भी सुबह के समय कांपते नजर आए। हालांकि दोपहर बाद मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई जिससे बच्चों को राहत महसूस हुई। सुबह 11 बजे के बाद मौसम साफ होने पर अभिभावक भी निश्चिंत नजर आए।


स्कूल में प्रार्थना स्थल पर खड़े बच्चे। ● अमृत विचार

## दौड़ लगा रहे युवक के हाथ से फोन छीन ले गए बाइक सवार लुटेरे

**दबतरा, अमृत विचार:** सुबह को सड़क पर दौड़ लगा रहे एक युवक से बाइक सवार लुटेरे मोबाइल लूट कर भाग गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम करेंगी निवासी अविनाश सिंह पुत्र संजीव कुमार ने सोमवार को पुलिस को तहरीर दी जिसमें उन्होंने बताया कि सोमवार को सुबह आठ बजे वह आसफपुर रोड पर दौड़ लगा रहे थे तभी बाइक पर सवार तीन लुटेरे आ गए, उनके हाथ से मोबाइल छीन कर भाग गए। अविनाश ने उनका पीछा भी किया मगर वह भाग गए। पुलिस को सूचना देते हुए उसने मोबाइल लुटेरों की खोज करने की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि उस समय घना कोहरा था जिससे लुटेरे भागने में सफल रहे।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# कार की टक्कर से सड़क किनारे खड़े छात्र की मौत

## गांव के लोगों के मिलने पर युवक ने सड़क किनारे रोक रखी थी बाइक, बातचीत के दौरान हुआ हादसा

संवाददाता, फैजगंज बेहटा/ओरछी

**अमृत विचार** : जिला संभल के थाना बनियाठेर क्षेत्र में कार ने सड़क किनारे खड़े छात्र समेत तीन लोगों को टक्कर मार दी। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को भर्ती कराया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी है।

**▸▸ हादसे के बाद परिजनों में मची चीत्कार, गांव के पास मृतक का कराया अंतिम संस्कार**

फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव सिसरका निवासी अरुण (18) पुत्र चंद्रप्रकाश हाईस्कूल के छात्र थे। सोमवार सुबह अपने बहनोई के दोस्त थाना बहजोई क्षेत्र के गांव रमपुरा निवासी विशाल पुत्र जवाहर लाल के साथ बिलारी जा रहे थे। रास्ते में संभल के बिनायाठेर स्थित दाल मिल के पास सिसरका निवासी कुलदीप पुत्र सुंदरलाल, ब्रजेश पुत्र राम किशोर मिले। उन्हें देखकर अरुण ने बाइक रोक ली। ब्रजेश, अरुण, कुलदीप सड़क किनारे खड़े होकर बात करने लगे जबकि विशाल लघुशंका के लिए चले गए। इसी दौरान एक लग्जरी कार आई। विपरीत दिशा में आकर सड़क किनारे बाइक और ब्रजेश, अरुण, कुलदीप और बाइक को टक्कर मार दी। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कुछ समय के बाद अरुण की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। चालक को मय कार पकड़ लिया, जो कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव खंडुआ का रहने वाला है। पुलिस ने घायल ब्रजेश, कुलदीप को चंदौसी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया।


हादसे के बाद मौके पर पड़ी दुर्घटनाग्रस्त बाइक और कार। ● अमृत विचार


छात्र की मौत पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार


मृतक अरुण।


घायल कुलदीप।


घायल ब्रजेश।

### बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

**उझानी।** कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव रौली निवासी ओमकार सिंह बाजार से खरीदारी करके अपने गांव जा रहे थे। वहीं, कस्बा उझानी के मोहल्ला चटईया निवासी शिवकुमार मिश्रा पेट्रोल पंप से डीजल लेकर आ रहे थे। बाइपास पर गांव मानिकपुर के सामने दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गईं। बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया।

# दहगवां के शिक्षक को बीएसए ने किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**▸▸ प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक पर लगे हैं दुष्कर्म के आरोप**

**▸▸ कई माह से चल रहे थे अनुपस्थित, बीईओ की जांच के बाद हुई कार्रवाई**

**अमृत विचार:** दहगवां ब्लॉक के एक स्कूल में कार्यरत शिक्षक को बीएसए ने निलंबित कर दिया है। उस पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए शिक्षा विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसकी बीईओ द्वारा जांच की गई। पता चला कि वह कई माह से स्कूल नहीं आ रहा है। जांच आख्या मिलने पर बीएसए ने शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की है।

जिला बुलंदशहर निवासी एक महिला द्वारा ब्लॉक दहगवां के प्राथमिक स्कूल आंतर में कार्यरत शिक्षक पवन कुमार के खिलाफ बेसिक शिक्षा विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें महिला ने शिक्षक पर दुष्कर्म करने और जान से मारने का आरोप लगाया है। साथ ही अवगत कराया है कि शिक्षक के खिलाफ जिला गाजियाबाद के थाना घंटाघर में मुकदमा दर्ज है। तथा शिक्षक इन आरोपों के तहत जेल में निरुद्ध रह चुका है। महिला ने अपने शिकायती पत्र में शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर बीएसए दहगवां ब्लॉक के बीईओ से जांच कराई। जांच के दौरान पता चला शिक्षक नवंबर माह से स्कूल नहीं आ रहा है। फोन पर संपर्क करने की बीईओ द्वारा कई बार कोशिश की गई। लेकिन उसका फोन हर बार स्विच ऑफ मिला। बीईओ द्वारा शिक्षक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण भी मांगा गया। लेकिन उसका भी कोई जवाब नहीं मिल सका। बीईओ ने शिक्षक को निलंबित करने की संस्तुति करते हुए आख्या बीएसए को प्रेषित कर दी। बीईओ की जांच आख्या मिलने के बाद बीएसए ने शिक्षक पवन कुमार को निलंबित कर दिया। साथ ही दो सदस्यीय कमेटी बनाकर जांच के आदेश कर दिए।

## एक नजर

### प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू

**बिल्सी, अमृत विचार** : नगर के श्री महेश बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट कक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। प्रधानाचार्य डॉ रोहिताश कुमार ने बताया कि 29 जनवरी को गृह विज्ञान, 30 को रसायन विज्ञान, 31 को भौतिक विज्ञान एवं एक फरवरी को जीव विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा कॉलेज में सुबह 10 बजे से होगी।

# पंचायत घर बंद होने पर काटा हंगामा

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार:** पंचायत सहायकों की मनमानी के चलते अक्सर पंचायत घर बंद रहते हैं। इससे सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल रहा है। ऐसे में उन्हें ब्लॉक मुख्यालय के चक्कर काटने के लिए विवश होना पड़ रहा है। ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के गांव घटबेटी का पंचायत घर सोमवार को बंद रहा। जिस पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त कर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्राम पंचायत घटबेटी में बना पंचायत घर अधिकांश बंद रहता है। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान और ग्रामीणों द्वारा लगातार विभाग के बड़े अधिकारियों से की जा रही है। विभाग की नरमी के कारण पंचायत सहायक मनमानी कर रहे हैं। गांव निवासी धर्म सिंह, ओंमकार, मनोज, अंजू आदि लोग सोमवार को अपने काम को लेकर पंचायत घर पर पहुंचे थे, लेकिन पंचायत घर बंद था। इस पर ग्रामीणों ने हंगामा काटते हुए विरोध प्रदर्शन किया। पंचायतीराज विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। जानकारी होने पर ग्राम प्रधान वहां पहुंचे। हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।


पंचायत घर के बाहर खड़े ग्रामीण। ● अमृत विचार

**▸▸ पंचायत घर के नहीं खुले ताले ऑनलाइन कार्य न होने से परेशान दिखे ग्रामीण**

### जिला पंचायतीराज अधिकारी से शिकायत की तैयारी

उक्त संबंध में ग्राम प्रधान चंद्रपाल सिंह ने बताया कि गांव के लोग अपने कामों से पंचायत घर पर पहुंचे थे। पंचायत घर बंद होने पर उन्होंने हंगामा किया था। समझा बुझाकर लोगों को शांत किया है। मामले की शिकायत जिला पंचायत राज अधिकारी से करेंगे।

# लापता बालक बरामद परिजनों के खिले चेहरे

**बिल्सी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के परौली गांव के पास सड़क पर घूम रहे एक बच्चे को पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया। थाने में तैनात एसआई विनय कुमार सिंह ने बताया कि वह रविवार की देर शाम बिसौली मार्ग पर परौली गांव के निकट गश्त कर रहे थे। तभी एक दस वर्षीय बालक उन्हें रोते हुए दिखाई दिया। उन्होंने उसे गोद में उठा लिया उससे पूछताछ की। जिस पर उसने बिल्सी नगर के मोहल्ला संख्या आठ निवासी रमेश का पुत्र बताया। जिसके बाद पुलिस ने बालक को उसके परिजनों को सौंप दिया। रमेश ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र शाम के करीब चार बजे अचानक से घर से निकल गया। जो किसी तरह परौली गांव के पास पंहुच गया। जिसके बाद उसकी तलाश थी। जैसे ही पुलिस ने उक्त बच्चे को परिजनों को सौंपा तो परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं को परखेंगे पर्यवेक्षक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**यूपी बोर्ड**

**▸▸ व्यवस्थाओं में खरा न उतरने वाले केंद्रों की बढ़ सकती हैं मुश्किलें**

**▸▸ मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बरेली को किया पर्यवेक्षक नामित**

**▸▸ जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए 99 कॉलेजों को बनाया गया है परीक्षा केंद्र**

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए जिले में 99 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इनमें से करीब 50 से अधिक केंद्रों की फिर से व्यवस्थाओं को परखा जाएगा। जिले के केंद्रों की जांच के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से बरेली के मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक विनय कुमार को पर्यवेक्षक नामित किया गया है।

पर्यवेक्षक को जिले के कम से कम 50 केंद्रों की जांच करनी है। इस दौरान केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं और संसाधनों को देखना है। केंद्र में कमरों की संख्या, सीसीटीवी कैमरे व वॉयस रिकार्डर लगे होने की स्थिति, हाई स्पीड ब्रॉडबैंड इंटरनेट की उपलब्धता की स्थिति, बिजली जाने पर जनरेटर व इन्वर्टर की उपलब्धता की स्थिति की व्यवस्था को देखा जाना है। इसके अलावा जहां प्रश्नपत्र रखे जाने हैं, उस स्ट्रांग रूम की स्थिति, अग्निशमन की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, बाउंड्रीवाल, कमरों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था आदि को देखा जाना है। जो केंद्र नए बनाए गए हैं, उनकी जांच को प्राथमिकता दी जा सकती है। गत परीक्षा में जिन केंद्रों की शिकायत की गई थी, उन्हें भी पर्यवेक्षक द्वारा देखा जाएगा।

पर्यवेक्षक केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद अपनी रिपोर्ट माध्यमिक शिक्षा निदेशक को सौपेंगे। ऐसे में मानकों पर खरा न उतरने वाले परीक्षा केंद्रों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

जिले में पर्यवेक्षक नामित किए गए विनय कुमार ने बताया कि प्रत्येक तहसील के केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा। जिसकी शुरुआत जल्द की जाएगी। निदेशालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप केंद्रों की जांच की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से परीक्षा केंद्रों की सूची प्राप्त कर ली गई।

### केंद्र व्यवस्थापकों को आज मिलेगा प्रशिक्षण

जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए 99 कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। इन सभी में केंद्र व्यवस्थापक नामित कर दिए गये हैं। आगामी फरवरी माह में होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए आने वाले प्रश्न पत्रों के रखरखाव को लेकर केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए तीस जनवरी को होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए तीन मास्टर ट्रेनर हासी नगला के प्रधानाचार्य रतनेश कुमार सक्सेना, एसके कॉलेज के डॉ संदीप भारती और शिवदेवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के घनश्याम सिंह को नामित किया गया है। 30 जनवरी को एसके कॉलेज में कार्यक्रम में केंद्र व्यवस्थापकों को प्रश्न पत्रों के रखरखाव की ट्रेनिंग मास्टर ट्रेनर द्वारा दी जाएगी।

# सड़क किनारे मिला शव बीमारी से हुई थी मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**▸▸ सोमवार सुबह पुलिस को बालाजी मंदिर के पास मिला था शव**

**अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में बालाजी मंदिर के पास एक व्यक्ति का शव मिला। पुलिस ने उसकी शिनाख्त का प्रयास किया। कोतवाली सहसवान क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपने पिता के रूप में शिनाख्त की। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि बालाजी मंदिर के पास में कोई व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है। शेखूपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आसपास के लोगों से उसके बारे में पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस को लगा हो सकता है कि वह व्यक्ति बड़े सरकार की दरगाह पर आया हो। वहां भी जानकारी की गई। कुछ समय के बाद कोतवाली सहसवान क्षेत्र के कस्बा पठान टोला निवासी इस्लाम पुलिस के पास पहुंचे। उसने पुलिस को बताया कि मृत व्यक्ति उसके पिता बाबू शाह हैं। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह बिना बताए घर से निकल गए थे। दहगवां में कुछ लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया था। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया था। जानकारी होने पर परिजन जिला अस्पताल देखने आए थे। पता चला कि बालाजी मंदिर के पास किसी का शव मिला है तो आकर शिनाख्त की। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इसमें बीमारी से मौत होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव साथ ले गए।

# फर्जी मुकदमा से परेशान थे प्रेमपाल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** फर्जी मुकदमा दर्ज होने के बाद एफआर लगाने के नाम पर विवेचक ने रुपये मांगे तो प्रेमपाल परेशान हो गए थे। उन्हें पुलिस की कार्रवाई का डर सता रहा था। जिसके चलते उन्होंने विवेचक को सबक सिखाने की ठान ली थी। एंटी करप्शन टीम से शिकायत करके कार्रवाई कराई।

थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव समसपुर कूबरी निवासी बिजेंद्र कुमार पुत्र नरेश पाल ने तहरीर देकर बताया कि 20 जनवरी दोपहर 12 बजे गांव के प्रदीप पुत्र रामप्रसाद ने सरकारी स्कूल में छुट्टा गोवंश को घेरकर बंद करा दिया था। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे थे। आरोप लगाया था कि वहां मौजूद ग्राम प्रधान के बेटे प्रदीप पुत्र रामप्रसाद, प्रेमपाल पुत्र लीलाधर ने उनके साथ गाली-गलौज की और लात-घूसों से मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्रदीप और प्रेमपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। दहगवां के चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह विवेचना कर रहे थे। उन्होंने पूछताछ की। प्रेमपाल ने बताया कि उनके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उन्होंने गाली-गलौज की और न ही किसी से मारपीट की है।

बताया जा रहा है कि विवेचक चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह ने उनकी बात मानने को तैयार नहीं थे। जिसके चलते प्रेमपाल परेशान हो गए थे। उन्हें कार्रवाई का डर सता रहा था। जिसके चलते वह उपनिरीक्षक को रुपये देने को भी तैयार हो गए थे लेकिन बिना गलती के रुपये देने उन्हें खल रहा था। जिसके चलते उन्होंने हिम्मत जुटाई और एंटी करप्शन टीम से जाकर शिकायत की थी। बताया था कि उनके खिलाफ पंजीकृत झूठे मुकदमा में रिपोर्ट लगाने के नाम पर विवेचक रुपये मांग रहे हैं। शिकायतकर्ता की शिकायत का संज्ञान लेकर एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाकर मामले में दहगवां चौकी इंचार्ज और दलाल ऋषिपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया।


आरोपी चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह और दलाल ऋषिपाल।

### सीओ को फोन पर कर सकते हैं शिकायत

एंटी करप्शन टीम के सीओ यशपाल सिंह ने बताया कि बरेली मंडल का कोई भी पीड़ित व्यक्ति उनके मोबाइल नंबर 9454405475 और प्रभारी निरीक्षक के 9454401653 पर शिकायत कर सकते हैं। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# घर में लगी आग हजारों का नुकसान

**कछला, अमृत विचार** : कछला नगर में अलाव तापते समय अचानक घर में आग लग गई। इससे घर में रखे नगदी और अनाज जलकर राख हो गए। नगर के वार्ड संख्या सात निवासी होती लाल पुत्र माखनलाल अपने घर में सोमवार को आग से ताप रहे थे और उनके परिवार के अन्य लोग घर में खाना खा रहे थे। इसी बीच अचानक घर में आग लग गई, जिसमें घर में रखा सामान रजाई, गद्दा, घरेलू बर्तन, कम्बल, दो क्विंटल गेहूं, भूसा एवं पैंट की जेब में रखे बीस हजार रुपये जलकर राख हो गए। घर में चीख पुकार होने पर नजदीकी लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। होतीलाल ने बताया कि ठंड में आग जला कर सभी लोग हाथ सेंक रहे थे तभी अचानक आग की लपटों ने छप्पर को छू लिया जिससे छप्पर जलने लगा। चीख पुकार पर ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। आग लगने से बीस हजार की नगदी और घरेलू सामान जल कर राख हो गया।

# अपहरण मामले में कल्लू गैंग के सदस्य को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**▸▸ विशेष न्यायाधीश ने सुनाई सजा 10 हजार रुपये का डाला जुर्माना**

**अमृत विचार :** अपहरण करने में दस्यु कल्लू गैंग के सदस्य को विशेष न्यायाधीश, दस्यु प्रभावित क्षेत्र योगेश कुमार तृतीय ने आजीवन कारावास समेत दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है जबकि उसके दो साथी के फरार होने के कारण उनकी पत्रावली पृथक कर दी गई।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना दातागंज क्षेत्र के गांव कमा निवासी अवनीश कुमार मिश्रा पुत्र लक्ष्मी नारायण मिश्रा ने 3 जनवरी 2004 को तहरीर देकर बताया था कि उनके पिता और गांव के राधेश्याम उनकी बहन की शादी तय करके बाइक से जिला बरेली के थाना फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के गांव बरगबा से वापस गांव आ रहे थे। कटरी क्षेत्र के गांव नगरिया से होते हुए गुजरे। आम के बाग से असलाहधारी पांच बदमाश अचानक बाहर निकल आए। उनकी बाइक रोक ली। दोनों लोगों को बाइक से नीचे उतारकर कटरी में ले गए। उनके पिता और राधेश्याम की तलाश की। तब तक उनका कुछ पता नहीं चल सका। बाद में पता चला कि दस्यु कल्लू के गिरोह ने उनका अपहरण किया है। विवेचक ने जिला पीलीभीत के थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव परनिया निवासी देवेंद्र पुत्र रक्षपाल, कल्लू यादव, बुल्ले के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायाधीश ने उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक पशुपतिनाथ श्रीवास्तव और दूसरे पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनीं। देवेंद्र को दोषी पाते हुए सजा सुनाई जबकि कल्लू यादव व बुल्ले की पत्रावलियां पृथक कर दी गई हैं।

# डायलिसिस यूनिट का नया भवन तैयार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में एक कंपनी द्वारा लगाए गए डायलिसिस यूनिट का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए नया भवन बन कर तैयार हो गया है जिसमें दस बेड का यूनिट लगाया जाना है। बड़ा यूनिट एक मार्च से संचालित होगा।

जिला अस्पताल में एक कंपनी द्वारा पिछले साल अगस्त के महीने में तीन यूनिट का डायलिसिस यूनिट लगाया गया था। कुछ कमियों के चलते एक महीने बाद ही डायलिसिस यूनिट बंद हो गया।

जिला अस्पताल में डायलिसिस कराने वाले मरीज आने लगे तो सीएमएस ने स्वयं इस मामले में दखल दिया और कंपनी के अनुबंध में आ रही रुकावट को दूर कराया जिसके बाद डायलिसिस यूनिट फिर से चालू हो गया। अब तीन बेड वाला डायलिसिस यूनिट चल रहा है। डायलिसिस यूनिट का अब विस्तार किया जाना है। इसके लिए अस्पताल में ही नया भवन बन कर तैयार हो गया है। इस भवन में फरवरी में दस बेड का डायलिसिस यूनिट लगा दिया जाएगा और फिर एक मार्च से दस बेड का डायलिसिस यूनिट चालू हो जाएगा।

**यह होंगी विशेषताएं:** नए भवन में चार बड़े वार्ड बनाए गए हैं। इसी में डायलिसिस चलाने के लिए मशीन लगाई जाएगी साथ ही मैनेजर तथा तक्नीशियन भी इसी भवन में बैठेंगे। दस बेड का यूनिट लग जाने के बाद ही बिजली देने के लिए कंपनी का जनरेटर भी लगाया जाएगा।

जनरेटर के लिए फाउंडेशन तैयार कर लिया गया है। कंपनी कर्मचारियों की माने तो फरवरी में ही जनरेटर लग जाएगा। नए भवन के आसपास कोई अन्य वार्ड नहीं होगा। यहां पर आने वाले मरीजों का रजिस्ट्रेशन भी करीब दस दिन पहले किया जाएगा।


डायलिसिस को तैयार नया भवन।

**▸▸ जल्द शिफ्ट होगा 10 बेड का यूनिट और लगेगी डायलिसिस मशीन**

"अस्पताल में डायलिसिस यूनिट के लिए नया भवन बनकर तैयार है। यहां केवल मशीन लगनी हैं। दो वार्डों में पांच पांच डायलिसिस बेड होंगे जबकि एक वार्ड में डायलिसिस मशीनें लगाई जाएंगी। कंपनी ने अपने जनरेटर के लिए भी फाउंडेशन तैयार करा लिया है। नया डायलिसिस यूनिट एक मार्च से शुरू करा दिया जाएगा।
**- डा. कप्तान सिंह** - सीएमएस

**लापरवाही** | जगह जगह लगे गंदगी के ढेर, नालियां हुईं बंद, लोग हो रहे परेशान

# नूरपुर में नहीं आता सफाईकर्मी, लगे गंदगी के ढेर

संवाददाता, नूरपुर

**अमृत विचार :** कादरचौक ब्लॉक के नूरपुर गांव में सफाई कर्मचारी सफाई करने के लिए नहीं आता है। आरोप है कि प्रधान के आवास पर सफाई कर चला जाता है। कागजी कार्रवाई पूरी कराकर सरकार से मानदेय हर महीना लिया जा रहा है। गांव में सफाई न होने से भारी गंदगी फैली है।

गांव में सफाई कर्मचारी के न आने से पूरा गांव गंदगी के ढेर में तब्दील हो गया है। नालियां कीचड़ से भरी पड़ी हैं। पानी का निकास बंद है। सड़कों पर नाली का पानी बह रहा है जिससे लोगों का निकलना भी दूभर हो गया है। गांव की हर गली में गंदगी के चलते लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मचारी ग्राम प्रधान के आवास के आसपास सफाई करता है और हर महीने मानदेय निकाल लेता है। ग्रामीणों ने सफाई कराने की मांग की मगर इस पर ध्यान नही दिया गया। गांव के लोगों का कहना है कि सफाई कर्मचारी से सफाई कराने के लिए कई बार कहा गया उसने हर बार धमकी भरे लहजे में बात की और कहीं भी सफाई नहीं की। अब ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत करने की बात कही है।


नूरपुर गांव की नाली में जमा गंदा पानी व कीचड़। ● अमृत विचार

"नूरपुर गांव बड़ा है। एक महिला सफाई कर्मचारी है। हर रोज पूरे गांव में सफाई करना संभव नहीं है। इसलिए कुछ स्थानों पर गंदगी होना स्वाभाविक है। एडीओ पंचायत से एक सफाई कर्मचारी की मांग की गयी। मगर उन्होंने दूसरा सफाई कर्मचारी नहीं दिया, इसलिए परेशानी हो रही है।
– **नन्हें**– ग्राम प्रधान प्रतिनिधि


"मेरे घर के सामने कूड़े के ढेर लगे हैं। सफाई करने के लिए सफाई कर्मचारी गांव में कभी नहीं आता है। नाला भी कई महीनों से गंदगी से भरा पड़ा है, जिससे बीमारियों का खतरा बना हुआ है। – **सुरेश**


"सफाई कर्मचारी केवल ग्राम प्रधान के घर के बाहर सफाई करता है। गांव में अन्य कहीं सफाई नहीं की जाती है। जिससे पूरा गांव गंदगी के ढेर में तब्दील हो चुका है।
–**विजय सिंह**


"गांव में गंदगी का अंबार लगा है। सफाई करने के लिए कभी सफाई कर्मचारी आता ही नहीं है। बीमारी भी फैल सकती है। सफाई न होने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। – **सुनील कुमार**


"मोहल्ले में कभी सफाई नहीं की गई है और नहीं सफाई कर्मचारी सफाई के लिए आता है, सफाई कराने के लिए प्रधान भी कुछ प्रयास नहीं करते हैं। सफाई कर्मचारी के बारे में अब जिलाधिकारी से शिकायत की जाएगी। – **वीर सिंह**

# रेलवे स्टेशन महोत्सव में दिखा सौ साल का इतिहास

## चार करोड़ 68 लाख से रेलवे स्टेशन का होगा सौंदर्यीकरण, केक काटकर मनाया स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सोमवार को रेलवे स्टेशन महोत्सव मनाया गया। यहां पर रेलवे अधिकारियों ने रेलवे का इतिहास बताया और कहा कि 1906 में बना रेलवे स्टेशन आज देश के विभिन्न राज्यों को रेल लाइन से जोड़ रहा है। अब इस रेलवे स्टेशन का चार करोड़ 68 लाख से सौंदर्यीकरण किया जाएगा जिससे रेल यात्रियों को और बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

रेलवे विभाग प्रत्येक वर्ष 29 जनवरी को रेलवे महोत्सव मनाता है। 29 जनवरी 1906 को अस्तित्व में आए बदायूं के रेलवे स्टेशन की कई यादें हैं। सोमवार को रेलवे स्टेशन के स्थापना दिवस पर यहां पर भव्य सजावट की गयी। रेलवे के मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशीष त्रिपाठी ने यहां पर केक काट कर रेलवे का स्थापना दिवस मनाया। उन्होंने बताया कि रुहेलखंड और कुमाऊं रेलवे कंपनी ने 12 अक्टूबर 1882 के एक अनुबंध के तहत भोजीपुरा से काठगोदाम तक एक रेलवे लाइन का निर्माण कार्य शुरू किया। यह मुख्य लाइन थी। जिसे 1882 में मंजूरी दी गयी थी और 12 अक्टूबर 1884 को यातायात के लिए खोली गयी थी। बाद में इस लाइन को 1906 में बरेली से सोरों तक बढ़ा दिया गया। रेलवे लाइन कासगंज सोरों खंड का निर्माण 1885 में स्टेट रेलवे द्वारा किया गया था। बाद में जब आर के आर ने बरेली सोरों लाइन का निर्माण किया तो छोटा खंड सोरों कासगंज उसे सौंप दिया गया। बदायूं रेलवे स्टेशन 29 जनवरी 1906 को अस्तित्व में आया।

इस समय यहां पर दो प्लेटफार्म, तीन रेलवे लाइन, तीन टिकट बुकिंग विंडो, एक पूछताछ कार्यालय, ट्रेन संकेत बोर्ड व अन्य कक्षों का निर्माण किया गया ।बदायूं रेलवे स्टेशन बरेली जंक्शन- कासगंज रेलखंड के बीच में है। जिसका आमान परिवर्तन के साथ साथ विद्युतीकरण का कार्य 11 अगस्त 2020 को पूरा किया गया है। यहां पर दो प्लेटफार्म से लगभग 10 मेल, एक्सप्रेस एवं 15 मालगाड़ियां प्रतिदिन गुजरती हैं। यहां से हर रोज लगभग पांच हजार यात्री यात्रा करते हैं।


स्थापना दिवस के मौके पर केक काटते रेलवे अधिकारी आशीष त्रिपाठी।


स्टेशन महोत्सव पर सजा रेलवे स्टेशन।

### इन कार्यों के होने से बदल जाएगी सूरत

आशीष त्रिपाठी ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत पुर्नविकास किया जाना है। इस पर करीब 4 करोड़ 68 लाख का खर्च आएगा। इस धनराशि से यात्रियों को सुख सुविधाओं के लिए खर्च किया जाएगा। स्टेशन परिसर पर बने प्रसाधन को हटाकर आरक्षण कार्यालय से मुख्य प्रवेश पोर्टिको तक कवर्ड किया जाना है। बुकिंग हाल में फाल्स सीलिंग तथा भित्ति चित्र लगाए जाएंगे। प्लेटफार्म एवं पार्सल घर के बीच के स्थान पर प्रतीक्षालय बनाया जाएगा। पैदल पुल से प्लेटफार्म 1 एवं 2 के अंतिम छोर के बीच 2 वे प्लेटफार्म का निर्माण कराया जाएगा। क्षेत्रीय रेल परामर्शदात्री समिति सदस्य बीरेन्द्र धींगडा ने कहा कि अब नये भारत का नया रेलवे स्टेशन यहां पर देखने को मिलेगा। रेलवे बरेली से आए पीआरओ राजेन्द्र सिंह ने कहा कि बदायूं उझानी रेलवे स्टेशन को अब आधुनिक बनाया जाएगा।

### रेलवे स्टेशन उझानी का 11वां स्थापना दिवस मनाया

**उझानी, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन उझानी का 118 वां स्थापना दिवस रेलवे सभागार में सहायक वाणिज्य प्रबंधक (पीएस) ईश्वर चंद्र राणा की अध्यक्षता में मनाया गया। सहायक वाणिज्य प्रबंधक (पीएस) ईश्वरचंद्र राणा ने बताया कि अमृत भारत योजना के अंतर्गत उझानी स्टेशन के पुनर्विकास के बाद उझानी रेलवे स्टेशन पर पृथक प्रवेश निकास सड़क उपलब्ध कराई जाएगी। इज्जतनगर रेलवे स्टेशन की तर्ज पर उझानी रेलवे स्टेशन पर प्रवेश पोर्च का निर्माण कर स्टेशन में सुधार कर सर्कुलेटिंग एरिया में दो हाई मास्ट लाइटों की व्यवस्था की जाएगी। स्टेशन के निकास द्वार पर स्टेशन नाम का बोर्ड एवं भवन के ऊपर नया बोर्ड तथा सर्कुलेटिंग एरिया में एस्थेटिक साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे ।मंदिर एवं निकास द्वार के बीच उचित पार्किंग स्थान को चिह्नित कर प्रवेश द्वार के मुख्य भवन की दीवार से हरित पैच का विकास किया जाएगा। इस तरह अन्य विकास कार्य होने हैं ।इस अवसर पर स्टेशन परामर्शदात्री समिति के सदस्य अजय तोमर, आनंद मिश्रा, अखिल अग्रवाल के प्रतिनिधि के रूप में उनके भाई निखिल अग्रवाल, अमित कुमार शर्मा आदि ने केक काट कर स्थापना दिवस मनाया।



## एक नजर

### महिला बंदियों के बच्चों को बांटे गर्म कपड़े और खाने का सामान



**बदायूं।** कवि डॉ. अक्षत अशेष द्वारा सोमवार को खिलौना बैंक और सर्च फाउंडेशन के संस्थापक एवं प्रख्यात कवि सर्वेश अस्थाना के साथ जिला कारागार के महिला बंदियों एवं बाल शिशु गृह में छोटे बच्चों को उनके जरूरत की वस्तुएं जैसे नये गर्म ऊनी कपड़ों के सेट आदि वितरित किए। जिला कारागार अधीक्षक विनय कुमार, जेलर रणविजय सिंह, पार्वती आर्य कन्या इंटर कॉलेज के प्रबंधक अमोल शर्मा, बाल गृह के संयोजक अनूप सक्सेना, अध्यक्ष रमाकांत तिवारी, नरेश शंखधार का विशेष सहयोग रहा। कवि सर्वेश अस्थाना, डॉ. अक्षत अशेष ने कहा कि जब सम्भव हो। इनका सहयोग करें। ये बच्चे आपके इंतजार में हैं। इस उम्मीद के साथ कि आप नया साल, होली, दीवाली उनके साथ मनाएं।

### अमर प्रभात के एमडी को मातृशोक



**बदायूं।** अमर प्रभात के एमडी वेद भानु आर्य की माता राम बेटी आर्य (85) का सोमवार की सुबह निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहीं थी। पिछले कुछ दिनों से बरेली के निजी हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी अंतिम संस्कार विधि को कछला गंगा घाट पर पूरा किया गया। माता जी के निधन पर परिवार शोकाकुल है। जानकारी पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत लोगों ने उनके अंतिम संस्कार में शामिल होकर दुख प्रकट किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दो मिनट का मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि

**बिल्सी।** नगर के मोहल्ला संख्या दो में पत्रकार सुनील कुमार के आवास पर मीडिया कर्मियों की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें बदायूं अमर प्रभात के एमडी वेद भानु आर्य की मां के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर रविंद्र कुमार नन्दवंशी, संजीव राणा, सुनील कुमार, रामकुमार, गोविंद देवल, जयप्रकाश ओझा, प्रखर माहेश्वरी, नईम आजाद आदि मौजूद रहे।

# ख्वाजा सूफी मो. हसन शाह की फातिहा पर सजी महफिल


महफिल में कलाम पेश करते कव्वाल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के खेडा नवादा पुलिस चौकी के समीप स्थित सूफी संत आश्रम दरगाह अंसारी हसनी अजीजी जहांगीरी के सज्जादानशीन हजरत हाजी सूफी फरहत हुसैन शाह लियाकती उर्फ हाजी जी बब्बू भाई के मोहल्ला खंडसारी स्थित निवास पर सुल्तान उल औलिया सरकार हजरत ख्वाजा सूफी मो. हसन शाह की सालाना फातिहा के मौके पर जश्ने चिरांगां की महफिल सजाई गई।

बाद नमाज़-ए-असर फातिहा की रस्म अदायगी के बाद जशने चिरांगां की रस्म अदायगी की गई। साथ ही मगरिब की नमाज के बाद सलातो सलाम का नजराना-ए-अकीदत पेश करने के बाद महफिले शमां सजाई गईं। इसमें हाजिर कव्वाल ने अपनी टीम के साथ कव्वाली के पाकीजा कलामों की बौछार कर हाजिर लोगों का दिल जीत लिया। और कव्वाली के कलामों से खुश होकर लोग मस्ती में झूम उठे।

सज्जादानशीन हाजी सूफी फरहत हुसैन शाह लियाकती ने फातिहा कर वतन व कौम की सलामती के लिए दुआएं खैर की साथ ही हाजिर लोगों को दुआओं से नवाजा। इस मौके पर हाजी सूफी रिजवान गनी, हाजी सूफी शफी हुसैन, सूफी अनस हुसैन, सूफी इरफान, सूफी इमरान, फारूक हुसैन आदि रहे।

# जंगली शूकर का शिकार करते पुलिस ने तीन शिकारी दबोचे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- चोटिल बंदर का रेस्क्यू करने जा रहे थे पशु प्रेमी, रास्ते में दिखी थी पिकअप, तभी हुआ शक
- पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था ने पुलिस से की शिकायत, पुलिस ने की कार्रवाई

अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने जंगली शूकर का शिकार करते हुए दो लोगों को मौके से गिरफ्तार किया है जबकि एक व्यक्ति फरार हो गया। उनके पास से पिकअप में भरे 10 शूकर बरामद हुए।

बाद में पुलिस ने फरार हुए आरोपी को भी पकड़ लिया। तीन आरोपियों के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा गया है।

पशु प्रेमी गांव सिरसौली निवासी संजीव कुमार, पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष विकेंद्र शर्मा, मयंक प्रताप सिंह, सूर्या शर्मा रविवार रात लगभग नौ बजे बिसौली क्षेत्र में चोटिल बंदर का रेस्क्यू करने गए थे। आसफपुर मार्ग से गुजरे तो एक पिकअप पर नजर गई। इसमें कुछ संदिग्ध लोग बैठे थे। पास जाकर देखा तो पिकअप में जंगली शूकर भरे पड़े थे। उन्होंने आसफपुर चौकी पुलिस को सूचना दी।

पुलिस मौके पर पहुंची। दो आरोपी अखिलेश पुत्र रतिराम, विपिन पुत्र ऋषिपाल को पकड़ा जबकि एक आरोपी पुलिस को देखते ही फरार हो गया। संजीव कुमार ने तहरीर दी।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। उन्होंने बताया कि वह शूकरों को पकड़कर उनका वध करके मांस बेचते हैं। पुलिस ने कुछ देर के बाद तीसरे आरोपी महिपाल पुत्र छन्नू को भी पकड़ लिया। तीनों को जेल भेजा गया है। पिकअप को सीज किया। शूकरों को जंगल में छोड़ दिया गया।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# गृह क्लेश में दी जान

**सहसवान, अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव मानकपुर में गृह क्लेश के चलते महिला ने विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी। ग्रामीणों के अनुसार गांव निवासी रेखा पत्नी तेजपाल का अपने परिजनों से अक्सर ही विवाद होता रहता था। रविवार शाम किसी बात को लेकर घर पर झगड़ा हुआ था। सोमवार दोपहर लगभग तीन बजे तेजपाल किसी काम से घर के बाहर चले गए। रेखा ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ गई। वह तड़पने लगीं। आवाज सुनकर उनकी सास पहुंची। शोर मच गया। ग्रामीण पहुंच गए। रेखा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव अचलपुर में रेखा के मायका पक्ष को सूचना दी गई। सहसवान कोतवाल सौरभ सिंह ने बताया कि महिला की मौत की जानकारी नहीं दी गई है। तहरीर के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# अभियान में महिलाओं की भागीदारी पर जोर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


भारत जोड़ो यात्रा निकालते कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह व कार्यकर्ताएं।

- भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेसियों ने गाई राम धुन, लोगों को पार्टी की नीतियों से कराया अवगत

**अमृत विचार:** कांग्रेस पार्टी द्वारा जिले भर में प्रांतीय आह्वान पर भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। सोमवार को वजीरगंज ब्लॉक क्षेत्र में यात्रा निकाली गई। इस दौरान उनके द्वारा रघुपति राघव राजाराम रामधुन को गाया गया। साथ ही पार्टी की नीतियों से ग्रामीणों को अवगत कराया।

ब्लॉक वजीरगंज के गांव मनवा में कांग्रेसियों ने यात्रा निकाली। जिसका समापन उनके द्वारा गांव में स्थित आंबेडकर पार्क में किया। इस दौरान उनके द्वारा बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। रामधुन और राष्ट्रगान का भी गायन किया। इस दौरान मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि पार्टी के नेता राहुल गांधी पुनः भारत जोड़ो यात्रा के साथ लोगों को न्याय दिलाने निकल पड़े हैं। कहा कि पार्टी नेता का यही संदेश है कि यात्रा के दौरान कोई भी पदाधिकारी और कार्यकर्ता डरेगा नहीं और न ही झुकेगा। जिला महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सुनीता सिंह ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। महिलाओं को कांग्रेस पार्टी के साथ खड़ा होना चाहिए।

इस मौके पर मीना शाक्य, सोमपाल शाक्य, नरेंद्र कठेरिया ने सभी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सुनील सिंह ,आरिफ खान, परहलाद कुमार दिनेश पाल, सुरेश, दिनेश, महेंद्र रामपाल, पृथ्वी सिंह, गज्जू सिंह आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिल्सी में सम्मानित किए गए पर्यावरण मित्र

संवाददाता, बिल्सी


पर्यावरण मित्रों को सम्मानित करतीं पालिका अध्यक्ष ज्ञानदेवी सागर।

**अमृत विचार :** नगर के बिसौली रोड स्थित पदमांचल धाम पर सोमवार को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाली अरिहंत वृक्षारोपण समिति के पदाधिकारियों को पालिकाध्यक्ष ज्ञानदेवी सागर ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी का स्वच्छ भारत मिशन का सपना बिना पेड़ पौधे लगाए पूरा नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा अरिहंत वृक्षारोपण समिति द्वारा विगत सात वर्षों में 40 हजार से अधिक पौधे रोपित कर चुकी है, जो पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी को गंभीरता से लेना होगा। इसलिए सभी को चाहिए वह अधिक से अधिक पौधों को लगाए। इस मौके पर समिति संस्थापक प्रशांत जैन, जिलाध्यक्ष अनुज शर्मा, पीयूष वार्ष्णेय, अमनदीप उपाध्याय, मृगांक जैन, विष्णु असावा, अमन गिरी, बबलू कुमार, हरिओम शर्मा, जितेंद्र शर्मा, रामेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

### सख्ती के नाम पर फिर बदला झोलाछापों का पटल

**बदायूं।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में एक बार फिर झोलाछापों को देखने का पटल बदल दिया गया है। मंगलवार को सभी एमओआईसी झोलाछापों पर की गई कार्रवाई का हिसाब देंगे और फिर इस पर लगाम लगाने के लिए आगे की रणनीति बनाई जाएगी। सीएमओ कार्यालय में इन दिनों आपाधापी का माहौल है। पिछले माह जिले के झोलाछापों पर डा. पंकज शर्मा ने कार्रवाई की तो झोलाछापों में खलबली मच गयी। यह कार्रवाई विभाग के ही कुछ डॉक्टरों को हजम नहीं हुई और फिर 9 जनवरी को झोलाछापों का पटल बदल दिया गया। नए नियम के अनुसार 15 ब्लॉकों पर एमओआईसी को झोलाछापों को देखने की जिम्मेदारी दे दी गयी। अब मंगलवार को हकीकत सामने आएगी।

# जेटीबीएस पर टिकट का मूल्य सवा गुना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीस रुपये के टिकट की वसूली जा रही है 40 रुपये कीमत, जानकर अनजान बने हुए हैं रेलवे अफसर

**अमृत विचार :** जंक्शन पर जनता टिकट बुकिंग सेवा यानी जेटीबीएस काउंटर से टिकट खरीदने पर यात्रियों को 25 फीसदी तक ज्यादा मूल्य चुकाना पड़ रहा है। यात्रियों का आरोप है कि रेलवे अफसरों के अनजान बने रहने की वजह से जेटीबीएस एजेंट खुलकर मनमानी कर रहे हैं।

जंक्शन पर आरक्षण कार्यालय की टिकट विंडो पर लंबी कतार से बचने के लिए हजारों यात्री बाहर जेटीबीएस काउंटरों पर टिकट खरीदते हैं। इन्हें बतौर फ्रेंचाइजी चलाने वाले प्राइवेट एजेंट के लिए रेलवे ने प्रति टिकट दो रुपये का कमीशन निर्धारित किया गया है मगर जेटीबीएस काउंटर पर टिकट पर यात्रियों से 25 प्रतिशत तक ज्यादा पैसा लिया जा रहा है। बरेली जंक्शन पर तीन जेटीबीएस काउंटर हैं। इनमें एक पूर्वोत्तर रेलवे और दो काउंटर उत्तर रेलवे संचालित हैं। यात्रियों की शिकायत है कि तीनों काउंटरों पर अवैध वसूली होती है।

यात्रियों का आरोप है कि जेटीबीएस पर टिकटों की ब्लैक काफी समय से हो रही है। अफसरों की जानकारी में भी है लेकिन वे जानकर अनजान बने रहते हैं। उनके लिए यह संभव नहीं है कि अपनी ट्रेन छोड़कर शिकायत करने जाए।

### बढ़ गया किराया, ऊपर से मनमानी

जेटीबीएस एजेंटों की मनमानी का सबसे ज्यादा शिकार छोटे रूट और पैसेंजर ट्रेनों में सफर करने वाले यात्री हो रहे हैं। कोविड के दौर के बाद ट्रेनों का न्यूनतम किराया तीस रुपये कर दिया गया था। ऐसे में न्यूनतम दूरी के स्टेशनों के लिए भी 40 रुपये का टिकट खरीदना पड़ रहा है।

> अतिरिक्त शुल्क वसूलने की शिकायत पर पहले एक-एक हजार रुपये का जुर्माना जेटीबीएस एजेंटों पर डाला जा चुका है। अब भी कोई ऐसा कर रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। – **राकेश कुमार सिंह**, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक

# प्रधानमंत्री की क्लास में सीखे तैयारी के गुर


परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को देखते मदर एथीना स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार


परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को देखते जीलॉट स्कूल के बच्चे और शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- प्रधानमंत्री की परीक्षा पर चर्चा का स्कूलों में देखा गया लाइव प्रसारण
- सभी बोर्ड के स्कूलों में बच्चों के साथ शिक्षकों ने देखा कार्यक्रम

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा के सातवें संस्करण में देशभर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत की। करीब पौने दो घंटे तक प्रधानमंत्री की मेगा क्लास में बच्चों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन से लेकर अच्छे नागरिक बनने के गुर सीखने को मिले। कार्यक्रम को बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता और शिक्षकों ने भी इसे देखा।

प्रधानमंत्री ने बेहद सरल और मजेदार अंदाज में बच्चों को परीक्षा संबंधी जानकारी दी कि कैसे बोर्ड परीक्षा की तैयारी की जाए, टाइम मैनेजमेंट कैसे हो, मोबाइल के दुष्प्रभाव से कैसे बचा जाए? प्रधानमंत्री ने उन्होंने ये भी बताया कि वो कैसे इतने पॉजिटिव रहते हैं और उनके सामने आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करते हैं।

सोमवार को दिल्ली में तालकटोरा स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित हुआ था। इसमें देश के विभिन्न स्थानों से बच्चे और शिक्षक शामिल हुए थे। जिले के माध्यमिक और सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में शिक्षकों ने बच्चों के साथ इस कार्यक्रम को देखा। प्रधानमंत्री ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे बच्चों से परीक्षा को लेकर तनाव मुक्त रहने का आह्वान किया।

शहर के जीलाट पब्लिक स्कूल में शिक्षकों ने कक्षा 6 से 12 तक के छात्र/ छात्राओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को देखा। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद स्कूल की प्रधानाचार्य ज्योति लता ने बच्चों को सदैव तनावमुक्त रहकर अध्ययन करने का आह्वान किया। इधर, मदर एथीना स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को शिक्षकों के साथ बच्चों देखा।

# बच्चों ने देखा परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण

संवाददाता,बिल्सी

**अमृत विचार:** नगर के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के विभिन्न प्रांतों के विद्यार्थियों अभिभावकों व अध्यापकों से जुड़े और उनके द्वारा पूछे गए परीक्षा से उत्पन्न समस्याओं के समाधान का समस्त परीक्षार्थियों विद्यार्थियों और अभिभावकों ने प्रत्यक्ष समाधान देखा ।विद्यालय के डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय ने परीक्षा को ध्यान में रखते हुए कहा कि सोशल मीडिया की अति से बचें। ज्यादा से ज्यादा ध्यान अपनी परीक्षा पर ध्यान लगाकर अच्छे नंबरों से परीक्षा को उत्तीर्ण करें ।विद्यालय की प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक अमित माहेश्वरी सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।


प्रधानमंत्री मोदी की परीक्षा पर चर्चा लाइव देखते स्कूल के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## शहर में आज

- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- जिला उद्योग बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराहपरिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।

## एक नजर

### दंपती से मारपीट, महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**एटा।** एटा के रिजोर थाना क्षेत्र के ग्राम निधौलीखुर्द निवासी महिला ने पुलिस को बताया है कि गांव के अवनीश पुत्र राजपाल सिंह समेत चार लोगों ने एकराय होकर उसके पति के साथ मारपीट की। उसके विरोध करने पर पीड़िता को बुरी नीयत से पकड़ लिया और छेड़खानी की। उसके कपड़े फाड़ दिए। आसपास के लोगों के पहुंचने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। एसआई रूपचंद्र ने बताया है कि महिला की तहरीर पर अवनीश समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। आरोपी फरार है। गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सर्प दंश से बुजुर्ग की हालत बिगड़ी

**कासगंज।** सहावर के गांव नगला माधौ में सोमवार सुबह खेत पर शौच को गए बुजुर्ग देवेंद्र को सर्प ने डंस लिया। इसका पता लगने पर परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां उनका उपचार चल रहा है।

### करंट लगने से वृद्धा झुलसी

**कासगंज।** थाना ढोलना के गांव फिरोजपुर निवासी 62 वर्षीय मोरश्री पत्नी रूप सिंह घर में बिजली का स्विच खोल रही थीं। तभी अचानक उन्हें करंट लग गया। परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार है।

### जिला उद्योग बंधु की बैठक आज

**कासगंज।** डीएम सुधा वर्मा की अध्यक्षता में आज मंगलवार को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग चद्रभान भास्कर द्वारा दी गई।

# सीडीपीओ पर घूसखोरी का आरोप लगाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

## प्रमोशन के नाम पर लाखों रुपये लेने का आरोप, सीडीपीओ की हादसे में हो चुकी है मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समझाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले की कुछ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सीडीपीओ पर घूसखोरी का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। आरोपी सीडीपीओ की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। घूसखोरी का सह मामला तब सामने आया जब सोमवार को परिजन सीडीपीओ का सामान लेने पहुंचे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच का भरोसा देकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समझाकर शांत किया।

कासगंज में तैनात सीडीपीओ कुसुम वर्मा की पिछले महीने कन्नौज में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई थी। वह यहां प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर तैनात थीं। कुसुम वर्मा के परिजन सोमवार को किराए के मकान से सामान लेने के लिए सोमवार को आवास विकास कॉलोनी पहुंचे। इसी दौरान काफी संख्या आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एकत्रित होकर वहां पहुंच गई। उन्होंने सीडीपीओ पर प्रमोशन के नाम पर लाखों रुपये ऐंठने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था की सामान तभी भरने दिया जाएगा जब उनके रुपये किए जाएंगे। सीडीपीओ के परिजनों ने काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नहीं मानी। इस बीच किसी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी।

- कोतवाली पुलिस ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समझाकर किया शांत

कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार राघव के निर्देश पर पुलिस मौके पर जा पहुंची और लोगों को समझाने की कोशिश की। पुलिस ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा कि यदि उनके साथ गलत हुआ है तो न्याय मिलेगा। इसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांत होकर वहां से चली गईं।

> सीडीपीओ कुसुम वर्मा की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। परिवार वाले उनका सामान लेने आए थे। यहां कुछ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उनका सामान रोक लिया। इसकी सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया। मामले में जांच कराई जा रही है। **-सुधीर कुमार राघव,** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली

## पॉक्सो का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**कासगंज।** सोरों कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि वांछित आरोपी राजेश यादव निवासी मुहल्ला रामबक्श जलेसर थाना जलेसर जनपद एटा को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध कोतवाली में पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज था।

पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

## सिढ़पुरा पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

**कासगंज।** सिढ़पुरा थाने के उपनिरीक्षक अतुल कुमार व धर्मेंद्र कुमार ने सूचना के आधार दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि वारंटी गुलाब सिंह निवासी ग्राम अनंगपुर थाना सिढपुरा एवं सर्वेश कुमार निवासी मुहल्ला सुदामानगर कस्बा सिढपुरा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# मेडिकल कॉलेज बनाने को नहीं मिल रहे पार्टनर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- वर्ष 2020 में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए शासन ने दी थी स्वीकृति
- पिछले साल-शासन ने 284 करोड़ से मेडिकल कॉलेज के लिए जारी की थी बिड

**अमृत विचार :** शासन ने करीब तीन साल पहले जिले में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बनाने की स्वीकृति दे दी थी। शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन ने मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए जमीन भी तलाश ली थी। मगर पिछले तीन सालों से मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए पार्टनर नहीं मिल रहा। पिछले साल शासन ने 284 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज के निर्माण की ग्लोबल बिड जारी की थी।

जिले में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण होना है। वर्ष 2020 में मेडिकल कॉलेज निर्माण की स्वीकृति शासन ने दे दी थी। इसके बाद जिला प्रशासन को मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन तलाशने के निर्देश दिए गए थे। तत्कालीन डीएम सीपी सिंह ने कलेक्ट्रेट के समीप पीपीपी मॉडल पर तैयार होने वाले मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन चिह्नित की और प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेज दिया था। इसके बाद शासन स्तर के अधिकारियों ने कासगंज पहुंचकर जमीन का जायजा लिया था। जांच रिपोर्ट भी शासन को सौंप दी गई थी। तभी से हर साल पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बनाए जाने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। पिछले साल शासन ने 284 करोड रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए स्वीकृत दी और ग्लोबल बिड जारी करते हुए इच्छुक निविदा दाताओं से निविदाएं आमंत्रित कर ली, लेकिन अभी तक कोई भी इच्छुक व्यक्ति मेडिकल कॉलेज के सहयोग के लिए आगे नहीं आया है।

> अभी मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए कोई दिशा निर्देश नहीं मिले हैं। टेंडर प्रक्रिया शासन स्तर से ही पूरी होनी है। शासन को ही सभी अधिकार सुरक्षित हैं। वहीं से प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। **-डॉ. राजीव अग्रवाल,** सीएमओ

# 25 हजार का इनामी बदमाश भाई समेत गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पुलिस ने शहर के मोहल्ला गड्ढा में घेराबंदी कर दबोचा
- आरोपियों के कब्जे से अवैध नशीला पदार्थ बरामद



सदर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में इनामी बदमाश नवीन उस्तरा व उसका भाई।

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने सोमवार शाम एक बड़ी सफलता हासिल की। लंबे समय से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश व उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की घेराबंदी के दौरान बड़ी संख्या में शहर के मोहल्ला गड्ढा में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस इनामी बदमाश व उसके भाई से पूछताछ कर रही है। दोनों के कब्जे से नशीला पदार्थ बरामद हुआ है।

शहर के मोहल्ला गड्ढा निवासी नवीन उर्फ उस्तरा पर कई अपराधी मुकदमे दर्ज हैं। वह न्यायालय के आदेश के बाद भी फरार चल रहा था। उस पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने जितेंद्र दुबे के निर्देशन में सीओ सिटी अजीत चौहान के नेतृत्व में इनामी बदमाश नवीन की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें लगाईं। सोमवार को कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार राघव को जानकारी मिली कि नवीन उर्फ उस्तरा एवं उसका भाई मोहल्ला गड्ढा निवासी रितिक को अवैध नशीले पदार्थ की तस्करी करने आया है। इसके बाद कोतवाली प्रभारी ने पुलिस बल के साथ गड्ढा मोहल्ला जाकर घेराबंदी कर 25 हजार के इनामी बदमाश नवीन व उसके भाई रितिक को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से नशीला पदार्थ बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि अवैध नशीले पदार्थ एवं स्मैक की तस्करी बड्डू नगर निवासी नाजिम के लिए करते हैं। पुलिस नाजिम की भी तलाश में जुटी है।

> नवीन उर्फ उस्तरा पर 25 हजार का इनाम घोषित है। आरोपी नवीन और उसके भाई रितिक को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस नाजिम को यह लोग नशीले पदार्थ की तस्करी करते हैं। उसकी भी तलाश की जा रही है। **-अजीत चौहान,** सीओ सिटी

# सिर पर डंडा मारने से घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- 27 नवंबर को पटियाली के नगला खार में हुई थी वारदात
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में धाराएं तरमीम करेगी पुलिस



मृतका हरवेजी देवी।

**अमृत विचार :** करीब दो माह पहले झगड़े के दौरान विरोधी पक्ष के लोगों ने सिर में डंडा मारकर वृद्धा को घायल कर दिया था, जिसकी सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है। इसके बाद मुकदमे की धाराएं तरमीम की जाएंगी।

बदायूं के गांव नगला कदम निवासी कुलदीप अपने बहनोई पटियाली के गांव नगला खार निवासी संजू के घर आया था। जहां 27 नवंबर 2023 को कुलदीप व उसके बहनोई संजू का पड़ोस में रहने वाली हरवेजी देवी (72) से झगड़ा हुआ।

झगड़े के दौरान विरोधी पक्ष के लोगों ने हरवेजी के सिर में डंडे से बार किया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। इसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

उधर, घायल हरवेजी का अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां उपचार के दौरान हरवेजी ने दम तोड़ दिया। पुलिस इस मामले को हत्या की धाराओं में तरमीम करेगी।

पटियाली कोतवाली प्रभारी गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि वृद्धा के परिजनों की ओर से पोस्टमार्टम की मांग की गई। मुकदमे की धारा में बदलाव किया जाएगा। आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर चार्जशीट लगाई जाएगी।

# सफाई कर्मियों के वेतन व बोनस भुगतान की मांग



डीएम सुधा वर्मा को ज्ञापन देते स्थानीय निकाय सफाई संघ के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने अपनी आठ सूत्रीय मांग पत्र डीएम को सौंपा। इसमें मुख्य रूप से संविदा सफाई कर्मचारियों के बकाया वेतन व बोनस का भुगतान करने की मांग की गई है।

डीएम सुधा वर्मा को दिए गए ज्ञापन में सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि एक जनवरी को नगर पालिका में सभी भुगतान के लिए साढे. तीन करोड़ रुपये की धनराशि आ चुकी है, लेकिन अभी तक किसी भी सफाई कर्मचारी का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारियों का बकाया भुगतान कराया जाए। स्थाई सफाई कर्मचारियों के रुके वेतन तथा एरियर एवं बोनस का भुगतान किया जाए। पेंशनर का 2016 से वर्तमान समय तक का एरियर नहीं दिया गया है। ठेका सफाई कर्मचारियों का का बकाया वेतन दिलाया जाए। ज्ञापन देने वालों में सोनू भंडारी, मुकेश, ओमीलाल रामखिलाड़ी रहे।

## पुलिस ने जरूरमंदों को बांटे कंबल



कंबल वितरित करते इंस्पेक्टर।

**अमांपुर, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर सोमवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यतीन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। कोतवाली प्रभारी ने समाजसेवी एवं सक्षम लोगों से निर्धनों की मदद करने की अपील की। उन्होंने बताया कि वह गाड़ी में कंबल लेकर चलते है। जहां कोई असहाय, जरूरतमंद व्यक्ति दिखता है उसे कंबल दे देते हैं। इस दौरान लेखपाल दीपक भारद्वाज, उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह, एसआई गयाप्रसाद सिंह, एसआई चंद्रपाल सिंह, शीलेन्द सिंह, शशांक दुबे, अवधेश कुमार, अनुरुद्र यादव, सतीश कुमार, विशु कुमार, शुभम, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं कार्यकर्ता

संवाददाता, न्यौली



भाजपा नगरिया मंडल की बैठक में मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान व कार्यकर्ता।

- भाजपा नगरिया मंडल की बैठक में कार्यकर्ताओं के साथ किया विचार विमर्श

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी नगरिया मंडल की बैठक सोमवार को मिर्जापुर के सेंट वीएन पब्लिक स्कूल में हुई। इसमें मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की। उन्होंने फिर एक बार मोदी सरकार के दीवार लेखन का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। साथ ही बूथ मजबूत करने को कहा।

मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने 2024 में 400 पार का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं एवं पन्ना प्रमुखों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इसके लिए आवश्यक है सभी बूथ समितियां एवं पन्ना प्रमुख दुरुस्त हों। उनका सत्यापन भी जरूरी है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से अपने-अपने स्थान पर कम से कम पांच दीवारों पर कमल का फूल बनाने और फिर एक बार, मोदी सरकार लिखने का आह्वान किया। विधानसभा विस्तारक गौरव चौहान ने कहा कि सक्रिय बूथ की पहचान है कि छह राष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन हो। प्रत्येक महीने मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना जाता हो, व्हाट्सएप ग्रुप सक्रिय रूप से कार्य करता हो।

बैठक में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी सोलंकी, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष मोहर सिंह, अतुल सोलंकी, अभय प्रताप सोलंकी, धीर सिंह राठौर, जयकुमार वर्मा, जितेंद्र मौर्य, ओम सिंह सागर, कर्मवीर सोलंकी, संजय बघेल, नीरज रघुवंशी, दुष्यंत चौहान, हिम्मत सिंह, सत्यपाल सिंह, राजकुमार, आलोक नायक, मनोज राघव, राजीव मौर्य, सत्यवीर शर्मा, रमन दिवाकर, महावीर बघेल, सोशल मीडिया संयोजक रामू सोलंकी मौजूद रहे।

# जिले में आज 213 जोड़े बनेंगे जीवनसाथी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जिले के सात विकासखंडों में होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

**अमृत विचार :** जिले के सात विकासखंडों में मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह आयोजित होगा। इस दौरान 213 जोड़े दांपत्य सूत्र बंधन में बंधेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर अधिकारियों ने अंतिम रूप दे दिया है। जनप्रतिनिधि और जिले के आला अधिकारी विवाह समारोह में वर-वधू को आशीर्वाद देंगे।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय ने बताया कि ब्लॉक परिसर कासगंज, सोरों, गंजडुंडवारा, सिढ़पुरा, अमांपुर, पटियाली और सहावर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन होगा। एक सप्ताह पूर्व तक पोर्टल पर प्राप्त 213 आवेदकों को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

विकास खंड परिसर कासगंज में होने वाले कार्यक्रम में 82, विकास खंड सहावर के लखन मैरिज होम रानी अवंतीवाई नगर मोहनपुर रोड सहावर में 65 तथा विकास खंड सिढ़पुरा के बृज फार्म हाउस एटा रोड में होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 66 जोड़े शामिल होंगे। इस प्रकार कुल 213 जोड़ों का विवाह कराया जाना है।

उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह योजना के तहत सहायता राशि 35 हजार रुपये कन्या के खाते में अंतरित की जाती है। विवाह संस्कार के लिए 10 हजार रुपये का सामान भेंट स्वरूप एवं छह हजार रुपये कार्यक्रम आयोजन के लिए भोजन पंडाल, पेयजल विद्युत, प्रकाश एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर व्यय करने का नियम है।

# समाज के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाए योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



बैठक में मौजूद सांसद राजवीर सिंह, डीएम, सुधा वर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

- लोक निर्माण विभाग और जल निगम के कार्यों में लापरवाही पर सांसद ने जताई नाराजगी
- कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**अमृत विचार :** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इसमें सांसद ने लोक निर्माण विभाग और जल निगम के कार्यों में लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। बैठक में सांसद ने कहा कि समाज के हर अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए।

सांसद राजवीर सिंह ने गोराहा नहर के किनारे अधूरे सड़क निर्माण, अमांपुर से सिढ़पुरा व सिढ़पुरा से पटियाली सड़क निर्माण की जांच कराने को कहा। जल निगम द्वारा पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कों को तत्काल ठीक न कराने पर भी सांसद ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि आदर्श गांवों और अमृत सरोवरों की स्थिति की जांच जनप्रतिनिधियों से कराएं। सांसद खेल प्रतियोगिता को भव्यता के साथ आयोजित कराया जाए। जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। फाइलों को इधर- उधर न घुमाया जाए। किसान दुर्घटना बीमा योजना में फाइलों का निस्तारण शीघ्रता से किया जाए।

सांसद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों व योजनाओं को निर्धारित समय पर गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण कराएं, जो धरातल पर दिखायी दे। शासन की मंशा के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। कोई भी पात्र प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। सभी अधिकारी, जन प्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कार्य करें। जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों और प्रस्तावों पर पूरा ध्यान दिया जाए। बैठक में डीएम सुधा वर्मा ने कहा कि सभी निर्देशों का शत प्रतिशत पालन कराया जाएगा। बैठक में विधायक सदर देवेंद्र राजपूत, विधायक अमांपुर हरिओम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, सीडीओ सचिन, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बैठक में इन योजनाओं की हुई समीक्षा

बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन शहरी व ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल इंडिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, शहरी विकास, स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, मिड डे-मील योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना सहित सभी योजनाओं की गहनता से समीक्षा की गई।

# पीडीए पखवाड़े के तहत सपाइयों ने गांवों में लगाई जन पंचायत, पार्टी की नीतियां बताईं

संवाददाता, गंजडुंडवारा



गांव सैलई में पत्रक बांटकर लोगों को पार्टी की नीतियां बताते सपा नेता।

- लोगों के बीच पहुंचकर सपा की नीतियां बता रहे कार्यकर्ता

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पीडीए पखवाड़े के तहत पटियाली तहसील के गांवों में पहुंचकर पीडीए जन पंचायत लगाई। इसमें समाजवादी पार्टी की नीतियों को गिनाया। केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की विफलताओं के बारे में लोगों को बताया गया।

सपा प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने बताया कि पीडीए जन पंचायत तीनों विधानसभाओं के गांवों के हर बूथ पर चल रही है। सपा कार्यकर्ता लोगों से मिलकर 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी के बारे में बता रहे हैं। बूथों को मजबूती प्रदान करने की कोशिश की जा रही है। सपा का यह कार्यक्रम एक पखवाड़े चलेगा, जिसमें हजारों लोगों के साथ संपर्क किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को अभियान के तहत पटियाली विधानसभा के सिढपुरा ब्लॉक के गांव सैलाई, सैलोट, गंगसारा, भुजपुरा, लोंगपुर में पीडीए पखवाड़ा के तहत बैठक हुई। जिसमें लोगों को समाजवादी पार्टी की नीतियों को समझाया गया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रांजल यादव, पटियाली विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मुनेंद्र शाक्य, सचिव फरमान अंसारी व शैलई गांव के बूथ प्रभारी प्रदीप शाक्य आदि रहे।

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)


धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

# लखनऊ के लिए राजधानी बस सेवा बंद

## परिवहन निगम ने पिछले साल संचालित की थीं दो बसें, लगातार हो रहा था घाटा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


शहर के रोडवेज पर खड़ी बस।

**अमृत विचार :** कासगंज से सीधे लखनऊ के लिए चलाई गई राजधानी बस सेवा परिवहन निगम के लिए घाटे का सौदा साबित हुई। घाटा होने पर परिवहन निगम ने कासगंज से सीधे लखनऊ जाने आने वाली राजधानी बसें बंद कर दी। इससे लखनऊ जाने वाले रोडवेज यात्रियों को खासी दिक्कत होगी। परिवहन निगम के अधिकारियों का मानना है कि रोडवेज की अपेक्षा ट्रेनों में लखनऊ तक का किराया काफी कम है। इस कारण ज्यादातर लोग कासगंज से ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं।

पिछले साल कासगंज से लखनऊ के बीच परिवहन निगम ने दो राजधानी बसें चलाई थीं। इन बसों का संचालन करने के समय अधिकारियों को भरोसा था कि इससे निगम के राजस्व में बढ़ोतरी होगी और यात्रियों को कासगंज से सीधे लखनऊ जाने-आने की सुविधा मिलेगी। जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर बस संचालन की शुरूआत कराई थी। इस पर खासी खुशी जताई थी। मगर इन बसों में यात्रियों की संख्या काफी कम रही, जिसकी वजह से परिवहन निगम को घाटा होता रहा।

दरअसल कासगंज से सीधी लखनऊ के लिए ट्रेन सेवा है। कासगंज से ट्रेन लगभग 6 से 7 घंटे में लखनऊ तक का सफर तय करती है। ट्रेनों का किराया भी कम है। जबकि रोडवेज की बसों का किराया अधिक है। सड़कों में गड्ढे होने से बसों में धक्के भी खाने पड़ते हैं। सड़कें खराब होने से सफर में समय भी ज्यादा लगता है। इस कारण कासगंज-लखनऊ के बीच ज्यादातर लोग ट्रेनों में यात्रा करना पसंद करते रहे हैं। इससे रोडवेज को घाटा हुआ। लगातार घाटा होने से रोडवेज के अधिकारियों ने कासगंज-लखनऊ के बीच चलने वाली राजधानी बसों को बंद करने का निर्णय ले लिया। इसके बाद कासगंज से लखनऊ के बीच बस सेवा बंद संचालन बंद हो गया। लोगों का कहना है कि रोडवेज की सीधी बस सेवा बंद होने से लखनऊ आने जाने में खासी दिक्कत होगी। बसों के बंद होने से लखनऊ जाने के लिए केवल ट्रेनों का सहारा रह गया हैं। निगम को बसें बंद करने के बजाय राजस्व बढ़ाने को दूसरे प्रयास करना चाहिए था।

### ...तो अभी सीधे अयोध्या के लिए नहीं चलेगी बस

अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई। देश भर के लोग अयोध्या में श्रीराम के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में कासगंज से अयोध्या के लिए बस सेवा की मांग उठी, लेकिन रोडवेज के अधिकारियों का कहना है कि जब लखनऊ तक ही यात्री नहीं बैठ रहे हैं तो लखनऊ तक तो बस खाली जाएगी। उसके बाद भले ही कुछ यात्री मिल जाए। ऐसे में रोडवेज को घाटा रहेगा और बस चलाना ठीक नहीं रहेगा।

▶▶ **रोडवेज के अधिकारियों ने माना बसों की अपेक्षा कम है ट्रेनों का किराया**

"कासगंज से लखनऊ के बीच बस सेवा बंद कर दी गई है। क्योंकि लगातार राजस्व का घाटा हो रहा था। अयोध्या तक बस चलाने का अभी कोई विचार नहीं है। –**जिय गंगवार**, एआरएम

# छुआछूत से नहीं, हवा में फैले संक्रमण से होता है कुष्ठ रोग

**कुष्ठ रोग दिवस पर विशेष**

▶▶ **कुष्ठ रोगियों को न करें अनदेखा, उनकी सेवा के लिए आगे आएं**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** स्वस्थ शरीर इंसान की सबसे बड़ी पूंजी है। मगर कुछ बीमारियां ऐसी होती हैं, जो इंसान को शारीरिक रूप से तो नुकसान दायक होती हैं, साथ ही मानसिक और सामाजिक रूप से भी आघात पहुंचाती हैं। इनमें कुष्ठ रोग (लेप्रोसी) भी शामिल है।

जिले में कुष्ठ रोग निवारण के लिए नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कुष्ठ रोग छुआछूत से नहीं फैलता है। इसलिए कुष्ठ रोगियों की सेवा के लिए आगे आयें और उनकी मदद करें। सोरों-लहरा के बीच आश्रम में कुछ कुष्ठ रोगी अपना जीवन बिता रहे हैं। उन्हें बेहतर संरक्षण की जरूरत है।

**लक्षण**
- चेहरे या कान के आसपास गांठें या सूजन, जिसमें दर्द न हो।
- त्वचा पर हल्के रंग के धब्बे, जो चपटे और फीके रंग के दिखाई देते हों।
- पैरों के तलवों में ऐसे घाव, जिसमें दर्द महसूस न हो।
- मांस पेशियां कमजोर हो जाती हैं।
- छाती पर बड़ा, अजीब से रंग का घाव या निशान होना।

"जिला अस्पातल और सभी सीएचसी एवं पीएचसी में उपचार व जांच की व्यवस्था है। कुष्ठ रोग संक्रमित व्यक्ति के जीवाणु से फैलता है, जो संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने और थूकने से स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करता है। यदि समय से कुष्ठ रोग की पहचान कर ली जाए तो उपचार कर मरीज पूरी तरह सही हो सकता है। – **डॉ. राजीव अग्रवाल**, सीएमओ

# एनसीसी वन ने 17 रनों से जीता क्रिकेट टूर्नामेंट


फीता काटकर मैच आरंभ करते ज्वाइंट कमिश्नर राजेश यादव।

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार :** जलेसर में सोमवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए एनसीसी वन की टीम ने 17 रनों से मैच जीत लिया।

टूर्नामेंट का आयोजन पूर्व क्रिकेटर व मौजूदा समय में आगरा में ज्वाइंट कमिश्नर राजेश यादव, मुरादाबाद में खंड विकास अधिकारी प्रेमपाल सिंह, नोएडा के उद्योगपति अश्विनी गुप्ता, व्यापारी नेता मनोज बजरंगी आदि की ओर से किया गया। इसमें एनसीसी वन की टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। एनसीसी वन ने 10 ओवरों में 112 रन बनाए थे। इसके जवाब में मैदान पर उतरी एनसीसी टू की टीम केवल 95 रनों पर ढेर हो गई। अमान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। प्रतभागियों को जॉइंट कमिश्नर राजेश यादव ने पुरस्कृत किया। इस दौरान गजेंद्र सिंह धनगर, बृजपाल राजपूत, कमलेंद्र कुशवाहा एडवोकेट, देवेंद्र यादव, पवन जैन आदि मौजूद रहे।

# धारदार हथियार से ग्रामीण पर जानलेवा हमला

**एटा, अमृत विचार :** सकीट थाना क्षेत्र के गांव चपरई सिकंदरपुर निवासी ओमवीर सिंह ने बताया कि गांव के शिवम ने रंजिशन के चलते उसे गांव में घेर लिया और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की और हत्या के इरादे से धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। चीख पुकान सुनकर लोग मौके पर जा पहुंचे और उसे बचाया। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। जैथरा के गांव पौडरी निवासी दुर्गेश का आरोप है कि पीड़ित की रोडवेज बस के आगे बस लगाकर रास्ता रोक दिया। विरोध करने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इधर, जलेसर के मोहल्ला हथौड़ निवासी असलम खां का कहना है कि उसे कस्बा के मोहल्ला महावीरगंज में बंधक बनाकर प्रवीन शर्मा समेत दो लोगों ने मारपीट की।

# दो वाहनों की भिड़ंत में चालक की मौत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** मलावन थाना क्षेत्र में रविवार देर रात जीटी रोड स्थित टोल प्लाजा के पास ट्रक व कैंटर की भिड़ंत हो गई। इसमें एक चालक की मौके पर मौत हो गई।

▶▶ **मलावन थाना क्षेत्र में रविवार देर रात जीटी रोड स्थित टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा**

जनपद मैनपुरी के बिछवां थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हिम्मत निवासी हरिओम सिंह (30) पुत्र श्याम सिंह कैंटर गाड़ी लेकर जा रहे थे। मलावन थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास पहुंचने पर उनकी गाड़ी में सामने से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें हरिओम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर पहुंची इलाका पुलिस वाले घायल हरिओम को मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे का पता लगने पर परिजन भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए, जिससे कोहराम मच गया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा भतीजा घायल, हालत नाजुक


घायलों को एंबुलेंस से उतारकर ले जाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र के शिकोहाबाद रोड़ पर तेज रफ्तार कार ने एक बाइक पर सवार चाचा-भतीजे को टक्कर मारकर घायल कर दिया। दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जनपद फिरोजाबाद के जसराना थाना क्षेत्र के ग्राम मकनऊ निवासी प्रवीन कुमार और उसके चाचा प्रेमचंद्र सोमवार दोपहर एटा से बाइक पर आपने गांव जा रहे थे। दोनों कोतवाली नगर क्षेत्र के शिकोहाबाद रोड स्थित बापूनगर के समीप पहुंचे होंगे। तभी उनकी बाइक में एक कार ने टक्कर मार दी। इससे चाचा-भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस बीच पहुंची एम्बुलेंस में दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी पहुंच गए।

# कई दिन बाद खिली धूप, मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


गांव भामों में चौपाल पर बैठकर धूप सेंकते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में मौसम का मिजाज बार-बार बदल रहा है। सोमवार को धूप खिली तो लोगों ने सर्दी से राहत महसूस की। इधर, मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में बारिश की चेतावनी का अलर्ट जारी किया है। इसको लेकर फिर से मौसम बिगड़ सकता है।

▶▶ **दो दिनों में बिगड़ सकता है मौसम, बारिश के आसार**

पिछले कई दिनों से शीतलहर चल रही है, जिससे सूर्य के दर्शन नहीं हो रहे थे। हालांकि, बीच-बीच में कभी-कभी लुका छुपी हो जाती थी, लेकिन शीतलहर से ठिठुरन भरी सर्दी बनी रही। इसको लेकर स्कूलों में शीतकालीन अवकाश भी रहे। अब स्कूल खुल गए हैं। मौसम में भी बदलाव आया है। सोमवार को धूप निकली। मौसम विभाग ने जिले में आगामी दो दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया है।

बारिश होने से फसलों को खासा फायदा होगा। मगर तेज हवा चलने से सरसों को नुकसान हो सकता है। बारिश के दौरान होने वाली ठंड का लोगों की सेहत पर असर पड़ सकता है।

"सोमवार को धूप खिली। लोगों ने सर्दी से राहत महसूस की है, लेकिन अभी यदि बारिश के बाद मौसम बिगड़ता है तो सेहत पर उसका प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में लोगों को चाहिए कि वह सेहत के प्रति बेहद संवेदनशील रहें। –**डॉ. संजीव कुमार**, सीएमएस

# अप्रेंटिस मेले का आयोजन 31 को

**एटा, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एटा में अप्रेंटिस मेले का आयोजन 31 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से शाम 3 बजे तक किया जायेगा। इसमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रीशियन, फिटर, आरएसी, टर्नर, कोपा, वायरमैन आदि व्यवसायों से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी जिनकी आयु 14 से 27 वर्ष है वे अप्रेंटिस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी बेवसाइट पर अपना पंजीकरण कर मेले में अपने समस्त शैक्षिक व तकनीकी मूल प्रमाण पत्र एवं उसकी छाया प्रतियों का एक सैट, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज दो फोटो व बैंक पास बुक की फोटो कापी और बायोडाटा के साथ पहुंचे।

# आयोग के निर्देश पर जिले में जागरुकता अभियान जारी

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी ने बताया कि जनपद की तीनों तहसील और उनमें समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 103 अलीगंज, 104 एटा, 105 मारहरा एवं 106 जलेसर और उनमें आने वाले प्रत्येक मतदान केन्द्र, मतदेय स्थलों पर ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रचार-प्रसार हेतु एलईडी वैन क्रियाशील है। समस्त तहसील मुख्यालय तथा जनपद मुख्यालय पर लोगों को ईवीएम जागरूकता हेतु केंद्र स्थापित किए गये हैं।

▶▶ **जिला व तहसील मुख्यालयों पर बनाए गए केंद्र**

जनपद में चलाए जा रहे जागरुकता एवं प्रचार-प्रसार अभियान में समस्त मतदाता सहभागी होकर अधिक से अधिक संख्या में जागरूक होकर मतदान प्रक्रिया को आयोग की मंशा के अनुरूप सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

प्रशासन ने अपील की है कि जनपद के सभी लोगों से अपील की जाती है कि जागरुकता हेतु जनपद में एलईडी वैन और तहसील व जनपद मुख्यालय पर स्थापित केंद्र के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया से पूर्ण रूप से जागरूक होने का कष्ट करें।

# दिल्ली में केंद्रीय मंत्री ने योग प्रशिक्षक अनिल कुशवाहा को किया सम्मानित


दिल्ली में स्मृति चिह्न के साथ योग प्रशिक्षक अनिल कुशवाहा व अन्य।

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर केंद्र सरकार की ओर से भिन्न राज्यों के चुनिंदा योग प्रशिक्षकों को दिल्ली बुलाकर सम्मानित किया गया। केंद्रीय आयुष मंत्री सरमानंद सोनवाल ने आयुष विभाग के चुनिंदा योग के शिक्षकों को सम्मानित किया। इनमें जलेसर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के योग परिषद के अनिल कुशवाहा भी शामिल रहे।

अनिल कुशवाहा के अनुसार इस दौरान उन्हें दिल्ली में आयोजित परेड देखने का मौका मिला। साथ ही उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान दिल्ली के प्रमुख स्थान पीएम कार्य कॉरिडोर कुतुब मीनार एवं मोरारजी देसाई योग संस्थान का भ्रमण कराया। साथ ही उनसे कार्य को ईमानदारी से करने का आह्वान किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार आयुष मिशन सोसाइटी के कोऑर्डिनेटर डॉ. सुरेश यादव, यूपी के कोआर्डिनेटर डॉ. महेंद्र विक्रम सिंह भी रहे।

**बैठक** | जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में केंद्रीय मंत्री व सांसद ने दिए निर्देश

# सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे कोई पात्र

संवाददाता, एटा


बैठक में केन्द्रीय मंत्री एसपी बघेल, सांसद राजवीर सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सांसद राजवीर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक हुई। इस दौरान डीएम प्रेम रंजन सिंह ने सांसद राजवीर सिंह, केन्द्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

बैठक में सांसद राजवीर सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं। सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं से गांव, शहरी क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिन पात्रों का चयन किया गया है। इन पात्रों को लाभान्वित किए जाने हेतु तुरंत कार्यवाही करें। सांसद ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में सड़क खोदने के के बाद समय से ठीक कराई जाएं।

पानी की टंकी जिन ग्रामों में लगी हैं उनका समय-समय पर विभागीय अधिकारी निरीक्षण करें। गांवों में लोगों की समस्याओं को सुनकर निस्तारित कराएं। यदि कहीं पाइप लाइन बदलने की आवश्यकता है तो उसे ठीक कराया जाए। केन्द्रीय मंत्री सांसद एसपी सिंह बघेल ने कहा कि जलेसर में सरसों खरीद केंद्र का संचालन कराएं। ग्रामों में भ्रमण के दौरान यह देखा जा रहा है कि बड़ी संख्या में पेंशन योजनाओं के पात्र अभी भी वंचित हैं। उन्हें लाभान्वित किए जाने हेतु कैम्प का आयोजन किया जाए। केन्द्रीय मंत्री ने सीएमओ को निर्देश दिए कि आभा आईडी पात्रजनों की बनाने हेतु तेजी लाई जाए। साथ ही आयुष्मान भारत योजना का ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार कर 2011 की सूची, उज्ज्वला योजना के लाभार्थी, श्रम विभाग के पंजीकृत श्रमिक, अंत्योदय कार्डधारक आदि के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।

बैठक के अंत में डीएम जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों एवं सुझावों पर अमल करते हुए जनपद के विकास को नई गति प्रदान की जाएगी। इस दौरान पर मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, एमएलसी आशीष यादव, जिलाध्यक्ष संदीप जैन, ब्लाक प्रमुख शीतलपुर पुष्पेन्द्र कुमार लोधी, ब्लाक प्रमुख मारहरा रवी वर्मा, एसएसपी राजेश कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. यूके त्रिपाठी, सीडीओ डॉ. एके बाजपेयी, एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी आदि मौजूद रहे।

# लाखों के माल समेत ट्रक लूटकर भाग रहे दो बदमाशों को एटा पुलिस ने दबोचा

## मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल, मेडिकल कॉलेज में भर्ती

संवाददाता, एटा


मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल बदमाशों से पूछताछ करते एसएसपी। ● अमृत विचार

▸▸ गैंग का तीसरा बदमाश मौके से फरार, लूटा गया ट्रक माल समेत बरामद

**अमृत विचार :** लाखों का सामान भरा ट्रक लूटने के बाद भागे दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया। उनका तीसरा साथी भागने में सफल रहा। फायरिंग के दौरान पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने लूटा गया ट्रक सामान समेत बरामद कर लिया।

एसएसपी राजेश सिंह ने बताया है कि रविवार रात पिलुआ थाना क्षेत्र में सुन्ना नहर के पास बदमाशों ने एक ट्रक लूट लिया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस व इंटेलिजेंस टीम ने मौके पर जाकर ट्रक की बरामदगी व बदमाशों की तलाश में चैकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम गोकुलपुर के जंगलों में बदमाश लूटे गए ट्रक से सामान उतारकर दूसरे ट्रक में लोड कर रहे हैं। पुलिस ने रात में करीब 2:50 बजे पुलिस गोकुलपुर के जंगल में जाकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। बदले में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से बदमाश विपन कुमार पुत्र रामकिशोर निवासी काजीखेड़ा थाना मारहरा, अनिल पुत्र विशेष यादव निवासी बड़ेरा थाना कोतवाली देहात पैर में गोली लगने से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने दोनों बदमाशों को हिरासत में ले लिया। फिर दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। उनका तीसरा साथी परविन्द्र उर्फ बीपी पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी नंगला बेल थाना पिलुआ भागने में सफल रहा।

गिरफ्तार किए गए बदमाशों के कब्जे से लूटा गया ट्रक, उसमें भरा नेस्ले कम्पनी का सामान, दो तमंचे जिंदा, कारतूस और मोबाइल बरामद हुए। अलीगढ़ के आईजी ने पुलिस टीम को 50 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**कलान, अमृत विचार:** बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे के गढ़िया छवि तिराहा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान में भर्ती कराया।

रविवार की रात रसूलपुर निवासी सत्यवीर बाइक से अपने गांव रसूलपुर जा रहे थे। जैसे ही वह गढ़िया छवि तिराहे के पास पहुंचा तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीर मौके पर एकत्रित हो गए। एंबुलेंस की मदद से कलान सीएचसी पर भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने घायल युवक का उपचार कर गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# रेलवे बोर्ड ने मांगा संपत्तियों का ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज




▸▸ कासगंज में रेलवे की तमाम संपत्तियां हो गई हैं अनुपयोगी तलाश रहे अधिकारी

**अमृत विचार :** रेलवे बोर्ड ने अपनी खाली संपत्तियों का ब्योरा मांगा है। बोर्ड का आदेश आने के बाद रेलवे के स्थानीय अफसरों ने विभाग की जमीन खोजना शुरू कर दिया है। रेलवे की अनुपयोगी जमीनों पर कामर्शियल भवन बनाए जाएंगे।

जिले में रेलवे की तमाम संपत्तियां अनुपयोगी हो गई हैं। कई संपत्तियों पर अवैध कब्जे भी हो गए हैं। रेलवे इसको लेकर काफी गंभीर है। रेलवे बोर्ड ने अपनी संपत्तियों का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है। कासगंज शहर के अलावा आसपास के कस्बों में रेलवे की संपत्तियां चिह्नित की जाएंगी। रेलवे के अधिकारी रिकॉर्ड के आधार पर देख रहे हैं कि किस क्षेत्र में कौन सी संपत्ति अनुपयोगी है। सभी संपत्तियों का ब्योरा संतुलित कर उच्चाधिकारियों को भेजने की तैयारी की जा रही है।

> रेलवे बोर्ड ने खाली संपत्तियों का ब्योरा मांगा गया है। संबंधित अधिकारी रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। ब्योरा संकलित कर जल्द ही रेलवे बोर्ड को भेजा जाएगा।
> –राजेंद्र सिंह, पीआरओ इज्जतनगर रेल मंडल

### पूर्व में नोटिस दे चुका है रेलवे

सहावर गेट इलाके में रेलवे की कई संपत्तियां ऐसी हैं जिन पर अवैध कब्जे हैं। रेलवे पूर्व में अतिक्रमणकारियों को नोटिस दे चुका है। मगर अभी तक इन संपत्तियों से कब्जे नहीं हटे हैं। अब फिर से रेलवे अभियान चलाएगा।

### असामाजिक तत्वों का अड्डा बने रेलवे के अनुपयोगी आवास

रेलवे की लोको कॉलोनी काफी पुरानी है, लेकिन लंबे समय से कॉलोनी में बाशिंदे नहीं रह रहे हैं। यहां आवास खंडहर हो रहे हैं। रेलवे ने इस कॉलोनी की ओर जाने वाली क्रॉसिंग को भी बंद कर दिया है। एक बड़े क्षेत्रफल में रेलवे की संपत्ति पर आवास बने हुए हैं। इन आवासों में असामाजिक तत्व घूमते रहते हैं।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.


# ऑपरेशन दस्तक : अपराधियों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ अलग-अलग अपराधों में संलिप्त रहे अपराधियों पर रखी जा रही पैनी नजर

**अमृत विचार :** अलग-अलग अपराधों में शामिल रहे अपराधियों का ब्यौरा कासगंज पुलिस खंगाल रही है। तीन दिन का विशेष अभियान चलाकर ऑपरेशन दस्तक के तहत अपराधियों का ब्यौरा निकाला गया है। देखा गया है कि किस तरह व्व जीवन यापन कर रहे हैं। अपराध की दुनिया में कहीं फिर से सक्रिय तो नहीं है, हालांकि अलग-अलग मामलों में शामिल रहे अपराधियों का एक-एक बिंदु पर ब्यौरा एसपी ने जुटा लिया है। अब इन पर हर पल पैनी नजर रहेगी।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में आपरेशन दस्तक के अन्तर्गत चोर, लुटेरे, डकैत, नकबजन एवं हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का सत्यापन का अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में 862 चोर, 253 लुटेरे, 245 नकबजन, 92 डकैत सहित कुल 1452 अपराधियों में से 1115 अपराधियों का सत्यापन किया गया है। इसके अलावा जनपद में 985 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों में से 630 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के निवास स्थान एवं संभावित स्थानों पर आपरेशन दस्तक अभियान के माध्यम से सत्यापन किया गया। इनके जमानतदारों की जानकारी कर सूचनाएं संकलित की गयी है। इस दौरान जो अपराधी घर से बाहर अन्यत्र स्थानों पर रह रहे है। उनको वीडियों कॉल कर सत्यापन किया गया। उनकी गतिविधियों की गहनता से जानकारी की गयी है। जिससे कई जानकारियां प्राप्त हुई हैं।

> जिले में अलग-अलग अपराधों में शामिल रहे अपराधियों का स्थलीय सत्यापन किया जा रहा है, जिससे कि उनकी प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा सके और अपराध नियंत्रण पर बेहतर पहल हो सके। –अपर्णा रजत कौशिक, एसपी

# पंजाबी गायक सुक्खी के देर से पहुंचने पर गुस्साए दर्शकों ने कुर्सियां तोड़ीं


कार्यक्रम स्थल पर टूटी पड़ीं कुर्सियां। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

▸▸ तय समय से दो घंटे देर से पहुंचे पंजाबी गायक, डेढ़ घंटे बाद चले गए

▸▸ भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को डंडे फटकारने पड़े

**अमृत विचार :** राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनीय महोत्सव में पंजाबी गायक सुक्खी के देर से पहुंचने पर दर्शकों का गुस्सा भड़क उठा। नाइट शो में पहुंचे दर्शकों ने गुस्से में आकर कुर्सियां तोड़ डालीं। वहां मौजूद पुलिस ने बल प्रयोग करके लोगों को शांत किया।

राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनीय महोत्सव में प्रशासन की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रविवार की रात पंजाबी गायक सुक्खी का कार्यक्रम आयोजन हुआ।

सुक्खी के आने का समय 7 बजे का तय किया गया था। इससे शाम सात बजे से पहले ही पंडाल खचाखच भर गया। तमाम पास धारकों को जगह नहीं मिली। काफी देर इंतजार करने के बावजूद पंजाबी गायक सुक्खी नहीं पहुंचे तो लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया, जो धीरे-धीरे आक्रोश में बदल गया। रात करीब 9 बजे सुक्खी कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्हें देखते ही बाहर खड़े लोग शोर मचाने लगे।

सुक्खी मंच पर पहुंचे बाहर खड़े लोग अपने गुस्से को नहीं रोक पाए और भीड़ कुर्सियां तोड़ते हुए आगे बढ़ गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को डंडे फटकारने पड़े। हंगामे के चते डेढ़ घंटे बाद ही सुक्खी कार्यक्रम स्थल से चले गए।

# गड्ढों में बदल गई बाकलपुर की सड़क


बाकलपुर की गड्ढेदार सड़क से गुजरते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, अवागढ़

▸▸ सड़क के गड्ढों में भरा रहता है पानी, आए दिन होते रहते हैं हादसे

**अमृत विचार :** विकास खंड अवागढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत इसौली के गांव बाकलपुर की मुख्य सड़क जर्जर होने के बाद गड्ढों में बदल गई। इसकी वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। सड़क के गड्ढों में गंदा पानी भरा है। इसकी वजह से लोग बेहद परेशान हैं।

बाकलपुर की मुख्य सड़क से होकर जलेसर, सिकंदराराऊ, हाथरस आदि स्थानों के लिए बालू भरे दर्जनों ओवरलोड डंपर गुजरते हैं। शिकायतों के बावजूद इन ओवरलोड वाहनों चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। सोमवार सुबह गांव में सड़क किनारे रखा ट्रांसफॉर्मर जलने पर उधर से गुजर रही श्याम वीर सिंह की 12 वर्षीय पुत्री आग की चपेट में आने से कीचड़ में गिरकर बेहोश हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी रोष है।

सड़क की दुर्दशा की शिकायत लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों से करने के बाद भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया। उदयवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, विनोद पाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, अजेंद्र प्रताप सिंह बन्टू, श्यामवीर, रामवीर, ऊदल सिंह, बलवीर सिंह, रेशम पाल सिंह, राजबीर सिंह, अशोक कुमार, दिनेश पाल सिंह, शिशुपाल सिंह आदि ग्रामीणों का कहना है कि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

# डेढ़ दशक में घटकर महज 25 फीसदी रह गया गन्ने का रकवा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** चीनी मिल के समय से फसल का भुगतान न मिलने से आहत किसान गन्ने की खेती से मुंह मोड़ रहे हैं। इस कारण बीते डेढ़ दशक के दौरान जिले में गन्ने का रकबा घटकर 25 फीसदी रह गया है।

प्रदेश के गन्ना उत्पादन करने वाले चुनिंदा क्षेत्र में पहचान रखने वाला जनपद कासगंज के तराई के इलाके में फसल का रकबा तेजी से घटा है। इस क्षेत्र में शायद ही कोई ऐसा किसान रहता हो जिसके खेत में गन्ने की खेती न होती हो। नतीजतन जिले में गन्ना का रकबा अच्छा खासा था। सोरोंजी, सहावर, गंजडुंडवारा के तराई इलाके गन्ना की खेती के लिए मशहूर थे। वर्ष 2008 तक जिले में 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल तक में गन्ने की फसल होती थी, लेकिन आज हालत यह हैं कि किसानों का इसकी खेती से तेजी से मोह भंग हो रहा है। चीनी मिल से समय से भुगतान न मिल पाने से किसान अब अन्य फसलों को करने में प्राथमिकता देता है। उसे बाजार में बेचने के बाद नकद भुगतान मिल जाता है, जबकि गन्ना को बेचने के बाद किसान को चीनी मिल से एक साल तक इंतजार करना पड़ता है। उसके बाद भी टुकड़ों में भुगतान मिलता है। वर्तमान में स्थिति यह है कि जिले में गन्ने की खेती का रकबा घटकर महज 25 प्रतिशत रह गया है।

> जिले में एक रिकॉर्ड के अनुसार कभी गन्ने की काफी खेती होती थी। कुछ परिस्थितियों ऐसी रहीं कि चीनी मिल ने किसानों का सहयोग नहीं किया और किसान धीमे-धीमे गन्ने की खेती से मोहभंग करने लगे। हम किसानों को प्रेरित कर रहे हैं कि गन्ने की खेती बढ़ाएं।
> –ओउम प्रकाश, जिला गन्ना अधिकारी

## पटई चौराहे पर हुई बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** थाना पुवायां क्षेत्र में पटई चौराहे के पास बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक सवार मौके से मय बाइक के भाग गया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। ग्राम पंचायत उदारा नवादा के गांव पटवा निवासी ओमप्रकाश का पुत्र शिवांशु कुमार शर्मा(19) रविवार शाम भूरखेड़ा गांव में स्थित चक्की पर गेहूं पिसवाने के लिए बाइक से गया था। वहां से लौटते समय शाम करीब 5:30 बजे वह पटई चौराहे पहुंचा, तभी अनावा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने शिवांशु की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे शिवांशु मय बाइक सड़क पर दूर जा गिरा और छटपटाने लगा। इसी बीच टक्कर मारने वाले युवक को मामूली चोटें आई और इसी का फायदा उठाते हुए मय बाइक मौके से भाग गया। घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई। गांव से कुछ दूरी पर हुई घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और उसे लेकर सीएचसी पुवायां पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।


## रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल

पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली। मो. 8077808309

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर बाल रोग विभाग

दिनांक : 29, 30 व 31 जनवरी 2024 | समय प्रातः 09 बजे से सांय 04 बजे तक

यदि आपका बच्चा निम्न बीमारियों/लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 9 में सम्पर्क करें।

**(C.P.) CEREBRAL PALSY (मानसिक पक्षाघात)**



- बच्चे को दौरे या (मिर्गी) आना
- सुनने में कठिनाई
- दृष्टि और असमान्य नेत्र गति
- चलने में असमर्थता
- बौद्धिक विकलांगता

**(DMD) (वंशानुगत मांसपेशी विकार)**



- पैरों और कूल्हों की मांसपेशियाँ कमजोर होना
- पंजों पर चलना या ठीक से नहीं चल पाना
- चलते हुए बार-बार गिर जाना
- सीढ़ी न चढ़ पाना
- बैठकर उठने में परेशानी होना।

**AUTISM (ऑटिज़्म)**



- बच्चे को अपनी बात कहने या बताने में परेशानी होना।
- बच्चे का अन्य बच्चों से मित्रता नहीं करना या अकेले रहना।
- किसी भी व्यवहार या काम को नियमित रूप से करना या बार-बार करना।
- आंखों के संपर्क से बचना या आंख ना मिलाना।
- चेहरे पर किसी हाव-भाव का ना होना

**ADHD (ध्यानाभाव या अतिसक्रियता विकार)**



- ध्यान लगाने में दिक्कत होना
- किसी भी कार्य को पूरा करने में कठिनाई होना
- बच्चे का अत्यधिक सक्रिय होना
- बच्चे में अधिक उतावलापन रहना

Dr. Priyanka Tripathi
M.D. (Ayu. Paediatric), NIA, Jaipur

नोट : निम्न बीमारियों की चिकित्सा पंचकर्म/आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा की जाती है।

## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण — स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

**साइज व रेट**

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**
**200 गज आवासीय प्लॉट बिकाऊ है-**
**30 गज फ्रंट, 20 फिट चौड़ा रोड**
**मलिक एनक्लेव, शाहजहांपुर रोड, नकटिया, बरेली (उ.प्र.)**
**संपर्क करें:- 9358714078**

**विद्याश्री पार्थ महाविद्यालय**
चठिया फैजू, बरेली
**आवश्यकता है**
प्राचार्य, स्नातक स्तर पर कला संकाय में समाजशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, चित्रकला शिक्षण हेतु यू.जी.सी. मानकानुसार शिक्षक मिलें। इच्छुक अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्रों के साथ 7 दिनों में मिलें।
कैंप कार्यालय स्टेशन रोड, फरीदपुर
प्रबंधक-9452003519

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# परास्नातक विषम सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा तीन फरवरी से

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने महाविद्यालयों को 29 फरवरी तक परीक्षा कराने के दिए निर्देश

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमए, एमएससी और एमकॉम विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि 3 से 29 फरवरी तक परीक्षा कराकर अंक अपलोड कर दें। सोमवार को बरेली कॉलेज में प्राचार्य प्रो. ओपी राय, चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने सचल दल के साथ स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा में सघन चेकिंग की।

वहीं परास्नातक विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। एमए के छात्र उर्दू का प्रश्नपत्र नहीं खुलने

**▸▸ फार्म भरने की तिथि भी 30 तक बढ़ाई, बरेली कॉलेज में प्राचार्य ने सचल दल के साथ की चेकिंग**

से फार्म नहीं भर पा रहे थे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के फार्म 30 जनवरी तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। छात्रों को भरे हुए फार्म 31 जनवरी तक महाविद्यालय में जमा करने होंगे। परीक्षा फार्म 10 जनवरी से भरे जा रहे हैं और परीक्षा 17 फरवरी से शुरू होगी।

**एलएलबी और बीएएलएलबी के प्रवेश पत्र जारी :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी और बीएएलएलबी के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। छात्र विश्वविद्यालय के पोर्टल से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। विधि की परीक्षा 1 फरवरी से शुरू होगी।

**अंग्रेजी की छूटी हुई मिड टर्म आज होगी :** बरेली कॉलेज में बीए, बीएससी और बीकॉम की अंग्रेजी साहित्य और भाषा की छूटी हुई मिड टर्म परीक्षा मंगलवार को दोपहर 12 बजे से होगी। अंग्रेजी विभाग की प्रभारी प्रो. ज्योति अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा विभाग में होगी।

### एमएससी कृषि में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आज से पंजीकरण

**बरेली।** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए एक बार फिर से पंजीकरण खोले हैं। अब छात्र 30 जनवरी से 6 फरवरी तक ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश होंगे। बीएससी कृषि का सत्र देरी होने से प्रवेश प्रक्रिया देरी से शुरू हो सकी है। कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने सोमवार को महाविद्यालयों को निर्देश दिए कि सत्र 2023-24 के लिए एमएससी कृषि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छात्र 30 जनवरी से 150 रुपये शुल्क के साथ ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। महाविद्यालयों को छात्रों के पंजीकरण और प्रवेश 6 फरवरी तक करने होंगे। इससे पहले 20 जनवरी को विश्वविद्यालय ने एमएससी कृषि में प्रवेश संबंधी निर्देश जारी किए थे। इसके तहत महाविद्यालयों को पंजीकृत छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया 21 से 27 जनवरी तक पूरी करनी थी। इस दौरान सीटें रिक्त रह गईं, जिसकी वजह से तिथि बढ़ाई गई।

### भूमि श्रेणी परिवर्तन की फाइल बेवजह निरस्त करने पर लेखपाल सस्पेंड

**बरेली।** सदर तहसील के एक गांव के व्यक्ति ने एक माह पहले दो बीघा जमीन की श्रेणी परिवर्तित करने के लिए आवेदन किया था। क्षेत्र के माधोपुर माफी के लेखपाल सौरभ जौहरी फाइल को लंबे समय तक लटकाए रहे और बाद में बिना किसी कारण आवेदन निरस्त कर दिया। उच्चाधिकारियों को गुमराह करते हुए गलत रिपोर्टिंग भी कर दी। ग्रामीण ने 24 जनवरी को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार से शिकायत की। डीएम ने एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव को जांच सौंपी। एसडीएम की जांच में आरोप सही पाए गए। डीएम के आदेश पर सोमवार को लेखपाल सौरभ जौहरी को निलंबित कर दिया गया।

## गोतस्करों पर सख्त कार्रवाई के आईजी ने दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** रेंज के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ मासिक समीक्षा बैठक में आईजी डॉ. राकेश सिंह ने गोतस्करों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। साथ ही महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर अपराधों को लेकर जरूरी निर्देश दिए।


आईजी ने कहा कि महिला आरक्षियों को गांव, स्कूल, कॉलेज, पंचायत भवन, प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैण्ड, मेलों समेत अन्य जगह जाकर बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर अपराधों के विषय में जानकारी देते हुए जागरूक करना चाहिए। डकैती, लूट, हत्या, दुष्कर्म, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, गो तस्करी, धर्मान्तरण एवं साम्प्रदायिक संघर्ष जैसे मामलों में पुलिस अधिकारियों को खुद मौके पर जाकर जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए। लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संबन्धी तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बरेली एसएसपी सुशील चंद्रभान समेत अन्य जिलों के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## मजदूरी करने गया युवक लापता, अनहोनी की आशंका

**▸▸ पीड़ित मां ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मोहल्ला मोहम्मद वासिल निवासी नैयमत बी पत्नी फकरुद्दीन ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनका पुत्र अजरुद्दीन (25) को करीब डेढ़ माह पूर्व मोहल्ला तकिया का एक व्यक्ति भिकारीपुर के ईंट भट्ठे पर काम कराने की बात कहकर ले गया था। मगर भिकारीपुर के भट्ठे पर ले जाने की बजाए उसे हरियाणा में बादली इलाके के भट्ठे पर ले गया। इसकी जानकारी परिवार को भी नहीं दी गई थी। जब बेटे का पता नहीं चला तो मोहल्ले के लोगों को बताया। भट्ठे पर ले जाने वाले व्यक्ति का नंबर तलाशकर कॉल की तो पता चला कि उसने अजरुद्दीन के लापता होने की बात कहकर टाल दिया। काफी तलाशने के बाद भी पुत्र का पता नहीं लग सका है। आरोपी ने बाद में यह कहना शुरू कर दिया कि बेटे की खुद ही तलाश करो। गाली गलौज कर धमकी देने लगा। बेटे के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए न्याय की गुहार लगाई है।



अजुरुद्दीन।

**ट्रू कालर पर खुद को दिखा रहा पीलीभीत एसपी**

पीड़ित की ओर से की गई शिकायत में यह भी बताया है कि आरोपी खुद को ट्रू कालर पर पीलीभीत एसपी दर्शा रहा है। इसे चेक किया तो यह बात निकलकर सामने आई। इसके बाद परिवार और डरा सहमा है।

"इस तरह की कोई शिकायत अभी तक किसी ने कोतवाली आकर नहीं की है। मामले की जानकारी कराई जाएगी।

-नरेश त्यागी, कोतवाल

## आईवीआरआई ने हस्तांतरित की शीप पॉक्स वैक्सीन

**बरेली, अमृत विचार :** भेड़ों में होने वाली चेचक बीमारी की रोकथाम के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) की ओर से बनाई गई शीप पॉक्स वैक्सीन को सोमवार को रिलायंस लाइफ साइंसेज को हस्तांतरित की गई। निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि विकसित वैक्सीन में स्वदेशी शीप पॉक्स वायरस स्ट्रेन का उपयोग किया गया है। यह वेरो सेल लाइन में वृद्धि के लिए अनुकूलित है, जो वैक्सीन उत्पादन को आसानी से मापन-योग्य बनाता है। यह छह महीने से अधिक उम्र की भेड़ों के लिए इम्युनोजेनिक है। इसका मूल्यांकन इन-हाउस और फील्ड दोनों जगह किया गया है। यह टीका भेड़ों को 40 महीने की अवधि तक शीप पॉक्स से रक्षा करता है। टीके का विकास आईवीआरआई मुक्तेश्वर में डॉ. भानु प्रकाश व टीम ने किया।

### सभी का हज पर जाना तय... कोटा ज्यादा, आवेदन कम

**बरेली।** हज पर जाने वालों के लिए राहत भरी खबर है। इस बार उन्हें लॉटरी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जितने लोगों ने आवेदन किए हैं, उनका हज पर जाना तय है, क्योंकि प्रदेश को मिले कोटे से भी बेहद कम आवेदन उत्तर प्रदेश हज कमेटी को प्राप्त हुए हैं। बरेली मंडल से सिर्फ 1084 लोगों ने हज पर जाने के लिए आवेदन किया है। उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के सदस्य डॉ. सैयद एहतेशामुल हुदा ने बताया कि प्रदेश के सभी हज आजमीन को लॉटरी में शामिल हुए बिना ही सीधे हज जाने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस साल बीते वर्षों के मुकाबले आवेदन बेहद कम आए हैं। कुल 19702 लोगों ने आवेदन किए हैं। जबकि प्रदेश को 31180 हज यात्रियों का कोटा मिला है। शेष 11478 कोटा हज कमेटी ऑफ इंडिया को वापस कर दिया है। प्रदेश में आवेदन करने के मामले में मुरादाबाद जिला अव्वल रहा। यहां से सबसे अधिक 2030 लोगों ने हज के लिए आवेदन किया है। दूसरा नंबर लखनऊ का है, यहां से 1007 लोगों ने आवेदन किया है। सहारनपुर तीसरे नंबर पर है। जहां से 921 लोगों ने आवेदन किया है। सबसे कम आवेदन चित्रकूट से आए हैं। जहां मात्र दो लोगों ने आवेदन किया है। बरेली मंडल में बरेली से 655, बदायूं से 180, पीलीभीत से 120, शाहजहांपुर से 129 लोगों के आवेदन किए हैं। जबकि गत वर्ष मंडल से आवेदनों की संख्या करीब दो हजार थी।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

### प्रधान पर झोपड़ी में आग लगा कर फायरिंग करने का आरोप

**बरेली।** शेरगढ़ क्षेत्र के एक गांव के प्रधान पर जमीन विवाद में झोपड़ी जलाने और फायरिंग करने का आरोप लगा है। महिला ने सोमवार को एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से शिकायत की। एसएसपी ने जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है। रम्पुरा परगना निवासी दनको देवी के मुताबिक उन्होंने चार बीघा तीन जमीन दो साल पहले खरीदी थी। दो साल पहले ही प्रधान ने भी जमीन खरीदी थी। इसके बाद प्रधान ने अपने भाई के साथ मिलकर उनकी जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया। आरोप है कि शनिवार की सुबह 9 बजे प्रधान और उसके भाई ने उनका घरेलू सामान, झोपड़ी, दुकान की बल्ली और फंटी जला दी।

### शुद्धि पत्र

दिनांक 29.01.2024 के अंक में ग्राम पंचायत डूंगरपुर की निविदा प्रकाशित हुयी है। जिसमें नियम व शर्तो के प्वाइंट-4 में डूंगरपुर के स्थान पर रजपुरामाफी त्रुटिवश प्रकाशित हुआ है।

### कार्यालय ग्राम पंचायत मियांपुर दियौरा वि.खं. इस्लामनगर बदायूं

**अल्पकालीन निविदा 29-01-2024**

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, सरिया, एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना/2023-24) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत मियांपुर दियौरा वि.खं. इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 05.02.2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

1-**कार्य का नाम :** इन्द्रपाल के घर से सरकारी नल तक (मजरा कुन्दनपुर) सी सी/नाली निर्माण कार्य **अनुमानित लागत :** प्राकल्लन के अनुसार

सचिव　　प्रधान

### कार्यालय ग्राम पंचायत फैज़नगर वि.खं. भुता, जिला बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक 30.1.2024

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फैज़नगर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्य नरेश के घर से रोड तक सीसी निर्माण कार्य कार्य होना है, जिसकी अनु.लागत 3.99 लाख है, जिसके लिए सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा आदि सामग्री की आवश्यकता है, सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण की जाती है, जिन्हें कार्यालय ग्राम पंचायत में 05.02.2024 तक जमा कर सकते हैं, जिन्हें उसी शाम 4 बजे खोला जायेगा।

चन्द्रकली, प्रधान　　ब्रजेश कुमार, सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत सखामई वि.खं.इस्लामनगर, बदायूं

**अल्पकालीन निविदा 29-01-2024**

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, सरिया पेंट रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग, केन्द्र वित्त आयोग/मनरेगा योजना (2023-24) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत सखामई वि.खं. इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 05.02.2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | अम्मा बाले तालाब का जीर्णोद्धार कार्य अमृत सरोवर निर्माण कार्य | प्राकल्लन के अनुसार |
| 2. | रामरहीस के घर से विनोद जाटव के घर तक सी सी निर्माण कार्य | प्राकल्लन के अनुसार |
| 3. | लाखन जाटव के घर से नरेश ठाकुर के घर तक सीसी निर्माण कार्य | प्राकल्लन के अनुसार |
| 4. | धर्मपाल चौधरी के घर से रंजीत चौधरी के घर तक सीसी निर्माण कार्य | प्राकल्लन के अनुसार |
| 5. | रंजीत चौधरी के घर से धर्मेंद्र कोरी के घर तक सी सी निर्माण कार्य | प्राकल्लन के अनुसार |
| 6. | इंद्रपाल पासी के घर से हरिओम पासी के घर तक सीसी निर्माण कार्य | प्राकल्लन के अनुसार |

सचिव　　प्रधान

### कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रा. सहकारी समिति
चाँदापुर, ददरौल, शाहजहाँपुर

पत्रांक : मेमो./सहकारिता　　दिनांक : 28.1.2024

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा.पं. चाँदापुर में बी-पैक्स-चाँदापुर वि.ख. ददरौल, तहसील सदर जिला शाहजहाँपुर समिति भवन प्रांगण में गिरे पड़े यूकेलिप्टस के 2 पेड एवं 1 पेड नीम की नीलामी प्रक्रिया समिति भवन कार्यालय पर दिनांक 12.02.2024 को दिन सोमवार को समय 11 बजे नियमानुसार सम्पन्न की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक तक सुबह 11 बजे तक अपने आवेदन प्रस्तुत कर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। नियम एवं शर्ते समिति कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

विनीत श्रीवास्तव
सचिव
बी पैक्स-चाँदापुर, वि.ख. ददरौल

### कार्यालय ग्राम पंचायत धुल्लिया वि.खं. निगोही (शाहजहाँपुर)

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत, नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा वाहन, ई-रिक्शा, केन्द्र का निर्माण, सोक पिट, फिल्टर चेम्बर लीचपिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इंसीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेंटिंग, स्वच्छता नारा लेखन, नाली निर्माण नाली मरम्मत, इन्टरलॉकिंग निर्माण, खडंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने है। उपरोक्त कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेता, सीमेन्ट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, इन्टरलॉकिंग, ईट, गेट विंडो आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा दिनांक 02.02.2024 को दोपहर 12 बजे तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें उसी दिन दोपहर 02 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

बीरेश सिंह यादव-प्रधान　　अजय कुमार-सचिव

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर खीरी

पत्रांक : 2216/जननिर्माण/एम.बी.एल./2023-24　　दिनांक : 27.01.2024

**ई-निविदा सूचना**

पालिका निधि के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/विकास कार्य हेतु दिनांक 30.01.2024 सायं 05:00 बजे से दिनांक 20.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 30.01.2024 सायं 05:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि 20.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि 20.02.2024 अपरान्ह 04:00 बजे।
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेंगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आई.टी.बी. के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निरानी रखें।

अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डानलोड करें।

(संजय कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर

(डा. इरा श्रीवास्तव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत सेवा ज्वालापुर, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सेवा ज्वालापुर की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/मनरेगा कन्वर्जेस के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदाएं 03.02.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन दिनांक 03.02.2024 को ग्राम पंचायत अध्यक्ष महोदय/ प्रधान एवं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | सामग्री अनु. | अनु. लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कालोनी देवस्थान से रामपाल के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | 110X3 मी. | प्रथम ईट, सीमेंट मौरंग, पत्थर, रोड़ा, बजरी, बजरफुट, सरिया आदि | 3,97,300.00 |
| 2. | डालचन्द के घर से ठाकुरदास के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | 119X3 मी. | प्रथम ईट, सीमेंट मौरंग, पत्थर, रोड़ा, बजरी, बजरफुट, सरिया आदि | 3,80,000.00 |

**नियम शर्ते :** 1. निविदादाता निविदा के साथ पैन नं. की छाया प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करेंगे। 2. समस्त सामग्री आर. ई. डी. / पी. डब्लू. डी. विभाग के मानक के अनुसार आपूर्ति की जायेगी। 3. निविदाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करनी होगी, जिसका कोई भी भाड़ा देय नहीं होगा। 4. निविदा फार्म संबंधित दिशा- निर्देश व शर्ते अधोहस्ताक्षरी ग्राम पंचायत सेवा ज्वालापुर बरेली के कार्यालय में रुपये 200/- व 14 प्रतिशत वैट नगद जमा कर दिनांक 01.02.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। 5. किसी भी समय ग्राम पंचायत द्वारा निविदा निरस्त की जा सकती है।

प्रधान-श्रीमती पूनम देवी　　सचिव-पुष्पेन्द्र कुमार गंगवार

### कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी पीलीभीत

पत्रांक : मु.चि.अ./स्प.कु.जा.अभि./2023-24/27068　　दिनांक : 29 जनवरी 2024

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान-2024

**"भेदभाव का अन्त करें, सम्मान को गले लगायें"**

**30 जनवरी 2024 से 13 फरवरी 2024 तक**

(1) जन्द जांच व समय से इलाज। (2) नियमित इलाज विकलांगता से बचाव। (3) चमड़ी पर दाग, चकत्ते, सुन्नतापन कुष्ठ रोग हो सकता है। (4) कुष्ठ रोग की शंका होने पर पास के स्वास्थ्य केन्द्रों पर संपर्क करें। (5) कुष्ठ रोग का मुफ्त इलाज सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध है। (6) कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक हो सकता है। 7. कुष्ठ रोगी से बचाव से भेदभाव न करें।

जिला कुष्ठ अधिकारी पीलीभीत।　　मुख्य चिकित्सा अधिकारी पीलीभीत।　　जिला अधिकारी पीलीभीत।

### कार्यालय ग्राम पंचायत अम्बरपुर वि.खं. भदपुरा (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अम्बरपुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | आलोक के घर से डा. नरेश के घर तक CC व नाली निर्माण कार्य | 100 मी. | 3.97 लाख |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 30.01.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में नियत तिथि व समय तक डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदा दिनांक 31.01.2024 को दोपहर 03 बजे निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध हैं जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

नन्हीं देवी, प्रधान　　उमेश गंगवार, सचिव　　काशीराम, रोजगार

### कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 1949/नीलामी सूचना/2023-24　　दिनांक : 29 जनवरी 2024

**संशोधित नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा फल बहार नीलामी लेने वाले इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राजकीय उद्यान पौधशाला पुवायाँ में स्थित आम 263 एवं नाशपाती 26 पेड़ों की फल बहार की नीलामी तिथि 16.01.2024 को प्रात: 11:30 बजे से 1:30 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, भूतल विकास भवन, शाहजहाँपुर मे सम्पन्न की जानी है जो अपरिहार्य कारणोंवश निरस्त करते हुए तिथि 01.02.2024 को प्रात: 11:30 बजे से 1:00 बजे तक स्थान उक्त पर लिफाफा बन्द निविदा के माध्यम से की जायेगी। इच्छुक ठेकेदार नीलामी से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन स्थित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय तथा प्रभारी राजकीय उद्यान पौधशाला, पुवायाँ के कार्यालय में फल बहार नीलामी सम्बन्धी शर्तो आदि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला उद्यान अधिकारी,
शाहजहाँपुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत बेहटा सनवात, वि.खं. पुवायां, जनपद शाहजहाँपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेहटा सनवात विकास खंड पुवायां शाहजहाँपुर में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, व्यक्तिगत और सामुदायिक नाडेप, कचरा वाहन, बैटरी रिक्शा, आर.आर.सी. केन्द्र का निर्माण, सोक पिट, फिल्टर चैम्बर, लीच पिट , प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इन्सीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेटिंग, स्वच्छता प्रचार लेखन, नाली निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव, सड़क निर्माण/मरम्मत, शौचालय, रेट्रो फिटिंग सामुदायिक शौचालय मरम्मत, हैंडपंप चबूतरा निर्माण आदि कार्य कराये जाने हैं। उपरोक्त कार्य हेतु प्रथम श्रेणी ईट, सीमेंट, मौरंग, रोड़ी, रेता, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, सरिया, बजरफुट, सरिया, बिजली फिटिंग सामग्री और प्लंबिंग कार्य, इंटरलॉकिंग ईट, टाइल्स, सेनेट्री सामग्री आदि क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस तक कुटेशन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदा छपने के 3 दिन बाद ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

आशीष पाण्डेय, प्रधान　　राजेश कुमार, सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत दियुरिया गुटैया, वि.खं. पुवायां, जनपद शाहजहाँपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दियुरिया गुटैया विकास खंड पुवायां शाहजहाँपुर में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, व्यक्तिगत और सामुदायिक नाडेप, कचरा वाहन, बैटरी रिक्शा, आर.आर.सी. केन्द्र का निर्माण, सोक पिट, फिल्टर चैम्बर, लीच पिट , प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इन्सीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेटिंग, स्वच्छता प्रचार लेखन, नाली निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव, सड़क निर्माण/मरम्मत, शौचालय, रेट्रो फिटिंग सामुदायिक शौचालय मरम्मत, हैंडपंप चबूतरा निर्माण आदि कार्य कराये जाने हैं। उपरोक्त कार्य हेतु प्रथम श्रेणी ईट, सीमेंट, मौरंग, रोड़ी, रेता, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, सरिया, बजरफुट, सरिया, बिजली फिटिंग सामग्री और प्लंबिंग कार्य, इंटरलॉकिंग ईट, टाइल्स, सेनेट्री सामग्री आदि क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस तक कुटेशन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदा छपने के 3 दिन बाद ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

सुनीता, प्रधान　　राजेश कुमार, सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत गंगसरा, वि.खं. पुवायां, जनपद शाहजहाँपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गंगसरा विकास खंड पुवायां शाहजहाँपुर में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, व्यक्तिगत और सामुदायिक नाडेप, कचरा वाहन, बैटरी रिक्शा, आर.आर.सी. केन्द्र का निर्माण, सोक पिट, फिल्टर चैम्बर, लीच पिट , प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इन्सीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेटिंग, स्वच्छता प्रचार लेखन, नाली निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव, सड़क निर्माण/मरम्मत, शौचालय, रेट्रो फिटिंग सामुदायिक शौचालय मरम्मत, हैंडपंप चबूतरा निर्माण आदि कार्य कराये जाने हैं। उपरोक्त कार्य हेतु प्रथम श्रेणी ईट, सीमेंट, मौरंग, रोड़ी, रेता, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, सरिया, बजरफुट, सरिया, बिजली फिटिंग सामग्री और प्लंबिंग कार्य, इंटरलॉकिंग ईट, टाइल्स, सेनेट्री सामग्री आदि क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस तक कुटेशन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदा छपने के 3 दिन बाद ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

जंगली, प्रधान　　राजेश कुमार, सचिव

# धर्म दर्शन


## दिव्यगुणों से युक्त अग्निदेव

हे सोम! आप अग्नि की भांति ऊर्जा प्रदान करने वाले अग्निरूप हैं। आप दिव्य पोषक रस के रूप में हैं। आप यज्ञ में आए अतिथियों का यथोचित सत्कार करने वाले हैं। धन ऐश्वर्य प्रदान करने वाले, संपूर्ण जगत के पोषक अग्नि एवं विष्णु देवता की तृप्ति के लिए हम आपको ग्रहण करते हैं। हे शकल! आप अग्नि उत्पादन के आधार हैं। हे कुशाओं! अग्नि उत्पन्न करने में सक्षम होने के कारण आप वीर्य स्वरूप हैं। हे घृत! आप अग्नि को आयु प्रदान करने वाले अर्थात् देर तक प्रज्वलित रखने वाली हैं।



हे अग्निदेव! आपको प्रकट करने के लिए गायत्री, त्रिष्टुप तथा जगती छंदों के साथ हम मंथन करते हैं। वेदज्ञाता ऋषियों के पुत्र स्वरूप हे ऋत्विकगण! प्रमादवश दिए गए शापों से यजमान के रक्षक ये आवहनीय अग्निदेव यज्ञ कुंड में प्रतिष्ठित होकर हवन का सेवन करते हैं। हे अग्निदेव! आप यजमानों के लिए कल्याणकारी होते हुए यज्ञ में दी गई आहुतियां को ग्रहण करें और इन्द्रादि देवताओं तक पहुंचाएं।

सर्वत्र गमन करने वाले, सर्वव्यापी, बलशाली हे आज्य! हम आपको यज्ञ कार्य के लिए स्वीकार करते हैं। सरल तथा श्रेष्ठ मार्ग पर ले चलने वाले आप यज्ञ कर्म में हमें स्थापित करें। हे व्रत पालन में अग्रगण्य अग्ने! आप हमारे वर्तमान व्रत का पालन करने वाले हैं। व्रत कार्यों के द्वारा अग्नि और यजमान समान रूप से आदर के पात्र हों। तपस्या का अधिपति गुरु तथा तपश्चर्या करने वाला शिष्य दोनों समान भाव वाले हों। हे सोमदेव! सोमवल्ली के संपूर्ण अवयव धनवान इंद्र के लिए प्रीतिकर होते हुए वृद्धि को प्राप्त करें। हे सोमदेव! आपका कल्याण हो। आपकी कृपा से हम सोम-यज्ञ कार्य को शीघ्र ही समाप्त करें। आपकी अनुकंपा से हम धन प्राप्त करें। हे अग्निदेव! जो आपका लौहमय, रजतमय तथा स्वर्णमय शरीर है, वह देवताओं की मनोकामना को पूर्ण करने वाला, असुरों को दुर्गम स्थान वाली गुफाओं में अवस्थित करने वाला, राक्षसों के कठोर शब्दों को नष्ट करने वाला तथा देवताओं के निमित्त आरोप प्रत्यारोप पूर्वक उच्चारण किए गए कथन को पूर्णतया प्रभावहीन कर देने वाला है। इस प्रकार के महिमाशाली शरीरधारी आपके लिए यह आहुति प्रदान की जा रही है। हे पृथ्वीदेवी! आप ही आप 'तप्तयानी' अर्थात् ऊर्जा प्रदान करने वाली और 'वित्तयानी' अर्थात् धन प्रदान करने वाली हैं। दीनता से हमे बचाएं। हे उत्तरवेदि! आप सिंहनी रूप हैं। आप आदित्य को प्रसन्न करने वाली हैं। आप ब्राह्मण एवं क्षत्रियों को हर्षित करने वाली हैं। इस रूप वाली आपको आहुति प्रदान की जाती है। हे मध्य परिधि! आप स्थिर हैं, अतः पृथ्वी को आप दृढ़ करें। हे दक्षिण परिधि! आप अंतरिक्ष में स्थिर यज्ञ में निवास करने वाली हैं, अतः आप अंतरिक्ष को पुष्ट करें। हे उत्तर परिधि! आप द्युलोक रूप हैं, अतः द्युलोक को स्थिर करें। हे गुग्गुल आदि सुगंधित द्रव्य समूह! आप अग्नि को पूर्ण करने वाले हैं। महान, सर्वज्ञ, वेदों का भलीभांति अध्ययन करने वाले ऋत्विकगण, सांसारिक विषयों से मन हटाकर यज्ञकार्य की पूर्णता के विषय में विचार करने लगते हैं। संपूर्ण प्राणियों के साक्षीभूत, प्रेरणा देने वाले, सर्वदा श्रेष्ठ स्तुतियों से प्रशंसित सविता देवता को अनुकूल करने के लिए यह आहुति प्रदान की जाती है। हे विष्णुदेव! आप अपने सर्वव्यापी प्रथम पद पृथ्वी में, द्वितीय पद अंतरिक्ष में तथा तृतीय द्युलोक में स्थापित करते हैं। भूलोक आदि इनके पद-रज में अंतर्हित है। इन सर्वव्यापी विष्णुदेव को यह आहुति दी जाती है। हे पृथ्वी एवं द्युलोक! आप लोगों के लिए कृषि, संपत्ति से युक्त अनेक गौओं को देने वाले, यवादि श्रेष्ठ अन्नों को देने वाले तथा विवेकवान पुरुषों के लिए यज्ञ साधनों को प्रदान करने वाले हैं। आपके लिए हम यह आहुती समर्पित करते हैं। राक्षसों एवं अभिचार साधनों का विनाश करने वाले विष्णु देवता से संबंधित गर्त (गड्ढे) का हम प्रोक्षण करते हैं। हे उदुंबर (गूलर की लकड़ी) शाखे! आप स्थिर हों। यजमान भी अपने घर में पुत्र तथा पशुओं से पूर्ण होता हुआ स्थिर हो। इस घृत आहुति से आप द्युलोक और पृथ्वी को संव्याप्त करें। हे तृण निर्मित छप्पर! आप इंद्र से जुड़ गए हैं, अतः आप सभी लोगों के छाया स्वरूप हैं। हे रज्जु! आप इंद्रदेव का संबंध जोड़ने के सीवन रूप हैं। हे ग्रंथि! आप इंद्रदेव से संयुक्त होकर स्थिर हों। हे आग्नीध! आप इंद्रदेव से संबंधित हो गए हैं। सभी देवताओं से संबंधित हो जाएं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## वेदांत दर्शन: विशिष्टाद्वैतवाद

विशिष्टाद्वैतवाद जैसा कि इसके नाम से ही संकेतित है, 'अद्वैत' से मिलता-जुलता संप्रदाय है। 'अद्वैत' के पूर्व गुणवाचक 'विशिष्ट' विशेषण के जुड़ने से इसकी उत्पत्ति हुई है। इस मत के अनुसार "ब्रह्म" ऐकांतिक होते हुए भी 'पुरूष' (ईश्वर) है। इसके दो विशिष्ट अंग क्रमशः चित (जीवात्मा) तथा अचित (जड़जगत), जो वास्तविक और उससे भिन्न या पृथक है। इन तीन तत्वों (तत्वत्रय) अर्थात् ब्रह्म, चित और अचित से ही सृष्टि संघटित है। तीनों में एकता होते हुए भी अभेद नहीं है अर्थात् अलगाव भी है। जीवात्मा, ईश्वर की कृपा से ही सृष्टि कर सकता है। इस मत का प्रतिपादन रामानुजाचार्य रचित 'ब्रह्मसूत्र' (बादरायण कृत) ग्रंथ पर लिखित "श्रीभाष्य" है। किंतु रामानुजाचार्य के विषय में विवरण अंकित करने से पूर्व वेदांतियों के दो अन्य महत्वपूर्ण संप्रदायों- 'द्वैतवादी' और 'द्वैताद्वैतवादी' पर प्रकाश डालना सर्वथा उचित प्रतीत होता है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

("द्वैतवाद") "ब्रह्मसूत्र" प्रणेता हमारे सुप्रसिद्ध बादरायण से पहले ही वेदांत के कई आचार्यों ने आत्मा एवं ब्रह्म के विषय में अपने-अपने मत का प्रतिपादन किया है। इनके तीन सिद्धांत क्रमशः द्वैत, अद्वैत एवं द्वैताद्वैत या भेदाभेद पर्याप्त लोकप्रिय हुए। द्वैत मत के संस्थापक औडुलोमि हैं। उनके मतानुसार 'आत्मा', 'ब्रह्म' से बिल्कुल भिन्न या अलग है, जब तक कि वह 'मोक्ष' को प्राप्त कर 'ब्रह्म' में विलीन नहीं हो जाता है। वेदांत के अतिरिक्त सांख्य, न्याय एवं वैशेषिक दर्शनों में भी आत्मा को प्रकृति या ब्रह्म से अलग स्वतंत्र तत्व माना गया है। स्पष्ट है इस मत के द्वैतवेदांती, सांख्य एवं वैशेषिक तीनों ही समर्थक हैं।

"द्वैताद्वैतवाद" इसी को 'भेदाभेदवाद' भी कहा गया है। इस मत या संप्रदाय के लोग, 'द्वैत' और 'अद्वैत' दोनों को ही सत्य स्वीकारते हैं। इस मत के प्रमुख प्रवर्तक निम्बार्क, भास्कराचार्य या आचार्य भास्कर माने जाते हैं। इस संप्रदाय को ही देवर्षि संप्रदाय, हंस संप्रदाय एवं सनकादि संप्रदाय नामों से भी जाना जाता है। निंबार्काचार्य के जन्मकाल को लेकर पर्याप्त मत भेद है। महाभारत के अर्जुन के पौत्र एवं परीक्षित के पुत्र जन्मे जय का समकालीन मानने वाले भी हैं। जबकि डॉ. राजबली पांडेय सहित अधिकांश आधुनिक विद्वान इनको 11 वीं में हुआ निंबार्क स्वामी से अभिन्न बताते हैं, जिन्होंने 'ब्रह्मसूत्र' की विष्णुपरक व्याख्या कर के 'द्वैताद्वैत' अथवा 'भेदाभेद' मत की स्थापना की (-डॉ. राजबली पांडेय-हिंदू धर्मकोश, पृष्ठ 337)। आचार्य निंबार्काचार्य के मतानुसार ब्रह्म, जीव और जड़ अर्थात् चेतन और अचेतन से पृथक एवं अपृथक दोनों हैं।

इसी अलगाव या अलगाव अथवा भेद और अभेद पर उनका सिद्धांत आधारित है। इनके अनुसार जीव और जगत दोनों ब्रह्म के परिणाम हैं। दोनों ही ब्रह्म से भिन्न और अभिन्न हैं। यही इस मत का सार है।

## गणपति क्यों हैं अधिपति



भारतीय ऋषियों के चिंतन को व्यापक रूप से देखने पर उसमें अध्यात्म के साथ विज्ञान की भी झलक मिलती है। अनेक वैज्ञानिक अन्वेषणों का आधार भारतीय ऋषियों के ज्ञान पर आधारित मिलता है। इसी क्रम में आधुनिक कम्प्यूटर साइंस में जिस माउस से पूरी दुनिया ही नहीं, बल्कि आकाश-पाताल की परिक्रमा की जाती है, वही माउस (चूहा) देवाधिदेव महादेव के पुत्र गणेश जी का वाहन है। गणेश ने माता-पिता के चरणों की परिक्रमा पलभर में करके प्रथम पूज्य का स्थान प्राप्त किया, उसी माउस से आपरेटर पलभर में वांछित परिणाम हासिल करता है।

अनेक तर्कशास्त्रियों का यह आरोप है कि पार्वती जी के शरीर के मैल से गणेश जी का जन्म व्यावहारिक नहीं है। प्रथम दृष्टया इसे सही मान तो लिया ही जाएगा, लेकिन कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से मैल को परिभाषित किया जाए तो पेन-ड्राइव, सीडीआर सहित सभी स्टोरेज मीडिया, पीडीएफ, हाइपर टेक्स्ट तथा अन्य फाइल फार्मेट, ई मेल जैसे मल्टीमीडिया आदि के कंटेट कम्प्यूटर के आपरेटिंग सिस्टम के मैल (इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट) ही हैं, जो कार्य उस सोर्स कम्प्यूटर जिसमें पूरी फाइल विद्यमान है। वहीं से डाउनलोड कर पेन ड्राइव आदि में फाइल के रूप में लिया जाता है। इन्हीं माध्यमों को प्राचीन ऋषियों ने 'मैल' नाम दिया तो आधुनिक दौर में उसे ई मेल जैसे एप या पेन ड्राइव मीडिया का कंटेट कह रहा है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

तर्कशास्त्री इस बात के लिए भी व्यंग्य करते हैं कि महादेव सर्वज्ञ थे तो उन्हें जान लेना चाहिए था कि गणेश जी उनके पुत्र हैं। फिर युद्ध की क्या जरूरत पड़ गई? इसे भी कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से देखा जाए तो यह विदित है कि चाहे जितना भी साफ्टवेयर, उसके लैंग्वेज या आपरेटिंग सिस्टम का कुशल कर्ता और ज्ञाता हो, वह बिना पासवर्ड के पेन ड्राइव और एप आदि से वांछित सामग्री नहीं ले पाएगा। क्योंकि जब तक सृष्टि के हितविधान में अपरिहार्य न हो, तब तक देवताओं के विनियामक व्यवस्था में इथिकल हैकिंग भी पूरी तरह अनिथिकल होती है। इसी के साथ गणेश जी का गर्दन काटकर हाथी का गर्दन क्यों लगाया गया, इस पर भी तर्कशास्त्री सवाल खड़ा करते हैं। इस पर मनन किया जाए, तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि कम्प्यूटर संचालित करते वक्त खुद के मन से नहीं, बल्कि कम्प्यूटर के प्रोग्रामिंग से ही उसे संचालित किया जा सकता है। हाथी की तरह धरती, आकाश और पाताल भी है, उस पर दृष्टि उस नियंता आपरेटर को रखनी पड़ती है। निरंतर अपग्रेड के लिए साफ्टवेयर के लैंग्वेज को रिराइट और मदरबोर्ड, रैम-रोम आदि को संशोधित करना पड़ता है। इसलिए संदर्भित पौराणिक कथा को इस दृष्टि से देखना चाहिए।

## चौपाई के शब्द उच्चारण में भ्रांतियां

'द्रवउ सो दसरथ अजिर बिहारी' अर्धाली बालकांड के 112 वें दोहे की दूसरी चौपाई में दूसरी अर्धाली है। यह पंक्ति ख्याति प्राप्त गायकों के द्वारा जब गाई जा रही होती है तो, 'अजिर' की जगह 'अजर' गाया जाता है। हालांकि फिल्म उद्योग से जुड़े लोग 'अजिर' शब्द को जानबूझकर, 'अजर' के रूप में अपभ्रष्ट करके नहीं गाते। 'ज' को 'जि' करने से भी मात्रा की दृष्टि से वर्ण में कोई अंतर नहीं आता। तब भी दोनों वर्ण लघु या ह्रस्व ही रहते हैं। फिर गवैया यह वैयाकरणिक अभ्यास क्यों करेंगे? न ही ये अधिकतर फिल्मी गायक लक्षण ग्रंथों के रचयिता, आचार्य, शास्त्री या वैयाकरण होते हैं। वास्तविकता यह है कि 'अजिर' को 'अजर' गाने वाले फिल्मी गायकों को न यह मालूम है कि, 'अजर' का अर्थ 'अ'+'जर', यानि जरा रहित, अर्थात 'युवा' होता है और न यह मालूम है, कि 'अजिर' का अर्थ, 'आंगन' होता है। इनके द्वारा, 'अजिर' को बिना सोचे-समझे फ्लो या फर्राटे के साथ, 'अजर' गाने का प्रमुख कारण, शंकर जी से और उनकी स्तुतियों-स्तवनों से जुड़े 'अजर-अमर' शब्द युग्म से है, जो इन्होंने कई बार सुन और अपनी व्यावसायिक गायिकी में भी फिट कर रखा है, लेकिन इसका वास्तविक अर्थ ये लोग नहीं जानते। तुलसी ने 'रामचरितमानस' में निवेदन या प्रार्थना के पर्यायवाची के रूप में, 'अस्तुति' शब्द का सैकड़ों बार प्रयोग किया है और 'स्तुति' को शायद भूलकर एक बार भी नहीं। जबकि 'अस्तुति' को हिंदी में 'स्तुति' का विलोम, 'निंदा' माना जाता है। यानि खड़ी बोली, हिंदी में जो, 'स्तुति', यानि प्रशंसा है, अवधी बोली में वही, 'अस्तुति', यानि निंदा है। यदि तुलसीदास हिंदी शब्दों को तोड़-मरोड़ कर अवधी शब्द बनाने की सामर्थ्य रखते थे, तो उन्होंने, 'मानस' के अपने ही पाठकों को सैकड़ों स्थानों पर भ्रमित होने से बचाने के लिए 'अस्तुति' के स्थान पर 'स्तुति' का ही प्रयोग क्यों नहीं किया? पर उनके द्वारा ऐसा किया जाना बहुत बड़ा अक्षम्य अपराध हो गया होता। इसलिए हमें अपने पांडित्य-प्रदर्शन के लिए तुलसी जैसे अतुल्य व अलौकिक विभूतियों को नहीं घसीटना चाहिए।



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

# आसपास

## ओवरहेड टैंक और अटल आवासीय विद्यालय निर्माण की धीमी प्रगति पर कमिश्नर नाराज

### सामूहिक विवाह योजना में बदायूं की स्थिति ठीक नहीं, लक्ष्य पूरा करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ मंडलीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने कहा, गुणवत्ता को ध्यान में रखकर खोदी गई सड़कों का करें निर्माण

**अमृत विचार :** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने हर घर नल योजना में ओवरहेड टैंक के निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अधिकारी से कहा कि प्रगति बढ़ाकर लक्ष्य को पूरा करें। योजना के तहत खोदी गई सड़कों का निर्माण जल्द पूरा करें।

मंडलायुक्त ने सोमवार को कमिश्नरी में विकास से जुड़ी योजनाओं की मंडलीय समीक्षा बैठक की। अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण की प्रगति सुस्त मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने राजगीर और मजदूरों की संख्या बढ़ाकर साप्ताहिक प्लान से अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग टीम लगाकर कार्य को 30 अप्रैल 2024 तक पूरा करने के आदेश दिए। बिजली आपूर्ति में शाहजहांपुर की ग्रेडिंग कम होने को लेकर मुख्य अभियंता को सप्लाई व्यवस्था बेहतर करने पर जोर दिया। उप निदेशक समाज कल्याण ने बताया कि छात्रवृत्ति वितरण के लिए 99 प्रतिशत डाटा विद्यालयों से फारवर्ड करा दिया गया है।

सामूहिक विवाह योजना में बदायूं की प्रगति कम होने पर नाराजगी जताते हुए लक्ष्य को पूरा करने के आदेश दिए। भूमि अधिग्रहण की समीक्षा करते हुए बरेली और पीलीभीत के भूमि अध्यापित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जमीन एनएचएआई को 15 फरवरी 2024 तक उपलब्ध करा दें। बैठक में डीएम बरेली रविंद्र कुमार, डीएम पीलीभीत प्रवीण कुमार लक्षकार, बदायूं डीएम मनोज कुमार, शाहजहांपुर डीएम उमेश प्रताप सिंह, अपर आयुक्त न्यायिक प्रीति जयसवाल, सभी जिलों के सीडीओ समेत अन्य मंडलीय अधिकारी रहे।

**सीडीओ पता लगाते रहें, जूट के कंबल ओढ़ रहे हैं गोवंश या नहीं :** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने सभी सीडीओ को निर्देश दिए कि वृहद गौशालाओं का निरीक्षण करें। संरक्षित गोवंशों के सापेक्ष भुसा, हरा चारा, पानी की उचित व्यवस्था रखें। ठंड से बचाने के लिए गोवंशों को जूट के कंबल ओढ़ाए जा रहे हैं या नहीं, निरीक्षण कर इसकी जानकारी करते रहें। आश्रय स्थल के खुले स्थानों को तिरपाल से ढक कर रखें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि मरीजों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही न हो।

### बरेली, पीलीभीत के अफसरों की सराहना

शासन के फ्लैगशिप कार्यक्रमों के तहत दिसंबर 2023 की रैंकिंग में पीलीभीत प्रदेश में दूसरे, बरेली के छठे स्थान पर आने को लेकर कमिश्नर ने जिला स्तरीय अधिकारियों की सराहना की। शाहजहांपुर 33वें, बदायूं 56वें स्थान पर आया था। वहां के अधिकारियों को सुधार के आदेश दिए।

### 50 लाख से अधिक परियोजनाओं की हुई समीक्षा

कमिश्नर ने 50 लाख से अधिक निर्माणाधीन परियोजनाओं में (सड़क छोड़कर) समीक्षा की। पाया कि 322 परियोजनाओं के सापेक्ष 84 परियोजनाएं पूरी हो गई हैं। मंडल में 22 परियोजनाएं शुरू नहीं हुई थीं, जिनमें से सात का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। 15 पर निर्माण कराया जाएगा। संबंधित अधिकारियों, कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए बाकी परियोजनाओं में निर्माण कार्य को शुरू कराना सुनिश्चित करें।

## जनसाधारण एक्सप्रेस के यात्रियों ने 11 घंटा 50 मिनट किया इंतजार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लाख प्रयास के बाद भी मंडल में ट्रेनों का समयबद्ध संचालन संभव नहीं हो पा रहा है। ट्रेनों के देरी से चलने के बाद यात्री फाग सेव डिवाइस, जीपीएस सहित अन्य उपकरणों की उपयोगिता को लेकर सवाल उठा रहे हैं। सुबह से ट्रेनों के इंतजार में यात्री ठिठुरते रहे, लेकिन दोपहर बाद कुछ राहत मिली। कुंभ एक्सप्रेस 10 घंटे 41 मिनट, जनसाधारण 11 घंटा 50 मिनट, गरीब रथ 8 घंटा 43 मिनट, सरयू यमुना एक्सप्रेस 5 घंटा 20 मिनट, पंजाब मेल 1 घंटे 30 मिनट, गरीब नवाज एक्सप्रेस 2 घंटा 9 मिनट, राजधानी एक्सप्रेस 3 घंटा 10 मिनट, हिमगिरी एक्सप्रेस 3 घंटा 42 मिनट और पोरबंदर 2 घंटा 29 मिनट विलंब से चल रही है, जबकि पुरबिया अकालतख्त, काठगोदाम, उत्तरांचल संपर्कक्रांति एक्सप्रेस 1 घंटा 7 मिनट, सियालदह एक्सप्रेस 1 घंटा 18 मिनट, अवध-असम, सुपरफास्ट चंडीगढ़ एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें विलंब से चलीं।

## विपक्ष कर रहा राम के नाम पर राजनीति

संवाददाता, बहजोई (संभल)

▸▸ जनपद दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह का विपक्ष पर हमला

▸▸ कलयुग में भी त्रेता युग जैसा हो रहा माहौल, मदरसों में भी रामायण पढ़ने को उत्साह

**अमृत विचार:** जनपद दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने विपक्षी नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा राम मंदिर पर राजनीति नहीं करती। बल्कि अब विपक्ष राजनीति कर रहा है। निमंत्रण नहीं मिला तो कहते थे कि निमंत्रण नहीं दिया। निमंत्रण दिया तो वह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए। उन्होंने कहा कि भाजपा एक समुद्र है नीतीश अब भाजपा रूपी समुद्र में मिल गए हैं। प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी

जनपद दौरे के तहत कलेक्ट्रेट पर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राम प्राण हैं, आधार हैं, आस्था है, सभ्यता है, व्यवस्था हैं। इसी को लेकर बीजेपी आगे बढ़ रही है। अब ऐसी तस्वीर आ रही है कि मदरसे में भी रामायण पढ़ने के लिए उत्सुकता है। उन्होंने नीतीश के एनडीए में शामिल होने को लेकर कहा कि देर आए दुरुस्त आए। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी और समुद्र है, इस समुद्र में नदियां मिल रही हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी और देश में 400 लोकसभा की सीट जीतने का लक्ष्य पूरा होगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिला महामंत्री कमल कुमार कमल, बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू, कुमोद वार्ष्णेय, ललित मोहन शर्मा आदि मौजूद रहे।



पत्रकारों से वार्ता करते प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

### पशुओं को छोड़ने वालों को दें नोटिस, न माने तो हो मुकदमा

बहजोई। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि निराश्रित पशुओं से प्रदेश के सभी जिले जूझ रहे हैं। संभल की समस्या ज्यादा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निराश्रित पशुओं को गोशाला में आश्रय दिया जाए। निराश्रित पशुओं की ईयर टैगिंग की जाए। कोई भी व्यक्ति अगर पशुओं को छोड़ने का काम करता है तो उसे दो बार नोटिस दिया जाए। इसके बाद भी वह नहीं मानता है तो उसके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। कहा कि जनपद की सुरक्षा को लेकर एसपी को निर्देश दिए गए हैं। वहीं विकास की योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतरने के लिए डीएम से भी समीक्षा की गई है।

## अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने में चालक गिरफ्तार

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

▸▸ ओवरलोडिंग में छह डंपर सीज, देर रात खनन अधिकारी ने पुलिस टीम के साथ चलाया अभियान

**अमृत विचार:** खनन और ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत खनन अधिकारी ने उत्तराखंड की ओर से आ रहे छह डंपरों को सीज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। टीम के साथ अभद्रता व सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में बरेली के रहने वाले चालक को गिरफ्तार भी किया है। यह डंपर गिट्टी से भरे बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई रविवार-सोमवार की देर रात की गई है।

रविवार रात एक बजे खनन अधिकारी अजय कुमार को सूचना मिली कि उत्तराखंड की ओर से कुछ डंपर यूपी की ओर आ रहे हैं। तभी उन्होंने रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी अमित कुमार के साथ हाईवे पर डिबडिबा मोड़ पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान उत्तराखंड की ओर से आ रहे एक के बाद एक छह डंपरों को रुकने का इशारा किया तो, उनके चालक वाहनों को लेकर भागने का प्रयास करने लगे। तभी टीम ने उन्हें कुछ दूर पकड़ लिया। टीम ने पकड़े गए चालकों से रॉयल्टी आदि के बारे में पूछताछ की। लेकिन उनके चालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर खनन अधिकारी ने वाहनों को सीज कर दिया। बरेली जनपद के थाना भोजीपुरा के रहने वाले इमरान ने टीम के साथ अभद्रता की। सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया। इस पर टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि सभी वाहनों को कोतवाली के बाहर खड़ा करा दिया गया है।

## बंजारा समाज को मुख्यमंत्री आवासीय योजना में मिलेगा घर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सदियों से बेघर बंजारा जाति को राज्य सरकार ने सर छुपाने के लिए छत देने की कवायद शुरू कर दी है। सरकार ने मुरादाबाद जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को बंजारों को आवासीय योजना में शामिल करने के निर्देश दिये हैं। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ने सोमवार को सभी लेखा अधिकारी व लेखा सहायक से बैठक में खंड विकास अधिकारियों को प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात कही है। सचिव अपने क्षेत्र में रहने वाले बंजारों का सर्वे कर एक सप्ताह में रिपोर्ट भेजेंगे। सरकार ने खानाबदोश नाम के साथ जीने वाली बंजारा जाति को राज्य में अब मुख्यधारा में लाने के मन बना लिया है। जिसमें मुरादाबाद जिला ग्राम विकास अभिकरण सतीश प्रसाद मिश्रा ने सरकार के निर्देश को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है।

## निजी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत, परिजनों ने लगााया जाम

संवाददाता, मंडी धनौरा (अमरोहा)

▸▸ हंगामा होने पर अस्पताल का स्टाफ फरार, पुलिस ने परिजनों को समझाकर खुलवाया जाम

**अमृत विचार :** महादेव चुंगी स्थित मैक्स नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा किया और चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया। नाराज परिजनों ने गजरौला चांदपुर स्टेट हाईवे जाम लगा दिया। हंगामे के दौरान कर्मचारी अस्पताल से भाग गए। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया और कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

मृतकों के परिजनों ने बताया कि सोमवार दोपहर एक बजे महादेव चुंगी स्थित मैक्स नर्सिंग होम में पूजा उम्र 28 वर्ष पत्नी अमित कुमार निवासी गांव दासपुर को प्रसव के लिए भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक की इलाज में लापरवाही के कारण जच्चा-बच्चा की मौत हुई है। जच्चा-बच्चा की मौत के बाद आरोपी चिकित्सक ने अपना बचाव करते हुए महिला की गंभीर हालत बताकर अन्य चिकित्सक के यहां रेफर करने की बात कही थी। जिस पर परिजन महिला को अन्य चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे तो वहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जब परिजन महिला के शव को लेकर फिर से वापस मैक्स नर्सिंग होम लेकर पहुंचे तो वहां से चिकित्सक अपने स्टाफ के साथ फरार हो गया था। परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा किया और चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गजरौला-चांदपुर स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया।

## दो पासपोर्ट मामले में कोर्ट नहीं पहुंचा गवाह, सुनवाई टली

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में सोमवार को गवाह कोर्ट नहीं पहुंचा। इसके चलते सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 31 जनवरी को सुनवाई होगी। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट रखने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। यह मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में विचाराधीन है। सोमवार को मामले में गवाह को सफाई साक्ष्य के लिए कोर्ट आना था, लेकिन उसके नहीं पहुंचने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में बुधवार को सुनवाई होगी। वादी के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि दो पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला आजम की तरफ से सोमवार को कोई गवाह कोर्ट नहीं आया।

## ट्रक क्लीनर की हत्या में चार लोगों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ दो आरोपी मुरादाबाद और दो उत्तराखंड के हैं रहने वाले

▸▸ एफटीसी द्वितीय की कोर्ट ने सोमवार को सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** ट्रक क्लीनर की हत्या के मामले में एफटीसी द्वितीय की कोर्ट ने चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दो आरोपी मुरादाबाद और दो उत्तराखंड के रहने वाले हैं।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला अजीतपुर निवासी इकबाल ट्रक मालिक हैं। उनके ट्रक को थाना भोट के गांव मोतियापुर निवासी चालक ओमपाल सिंह और क्लीनर सलीम चलाते थे। एक जून 2008 को जब इकबाल ट्रक लेने के लिए बरेली गेट स्थित वर्कशॉप पर गए तो वहां से ट्रक गायब था। ट्रक का चालक और क्लीनर भी गायब थे। काफी तलाशने के बाद क्लीनर सलीम का शव गंज थाना क्षेत्र पहाड़ी गेट के पास नहर किनारे पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा था। कुछ देर ही बाद चालक भी आ गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। विवचेना में पुलिस ने जिला मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव नियामतपुर निवासी नवाब अली, थाना कटघर के मोहल्ला जाहिदनगर निवासी कामिल, उत्तराखंड में रुद्रपुर के गांव खेड़ा निवासी शफीक और रुद्रपुर के ही किच्छा बाईपास निवासी प्रेम सिंह के नाम शामिल किए थे। पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एफटीसी द्वितीय की कोर्ट में चल रही थी। सोमवार को पीठासीन अधिकारी ने चारों आरोपियों को आजीवन कारावास और प्रत्येक को 10-10 हजार का जुर्माना की सजा सुनाई है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

क्षिप्रं विजानाति चिरं श्रृणोति विज्ञाय चार्थ भते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं, लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं। किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।


## संपादकीय

# बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर

बिगड़ती भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, भारत 2024 में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। भारत को आगामी वित्तीय वर्ष में 7 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद है। लाल सागर में हाल की घटनाओं ने वैश्विक सप्लाई चेन पर निर्भरता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। वैश्विक व्यापार में पहले से ही धीमी वृद्धि है। यदि सप्लाई चेन में व्यवधान जारी रहा तो यह व्यापार, परिवहन लागत, आर्थिक उत्पादन और वैश्विक मुद्रास्फीति को प्रभावित कर सकता है। हालांकि भारत इन उभरती चुनौतियों के प्रबंधन को लेकर आश्वस्त है। अगले तीन वर्षों में भारत के पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। अगले वित्त वर्ष का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किए जाने से पहले वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। ध्यान रहे दस साल पहले भारत 1.9 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था। वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की जनवरी माह की समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि 10 साल की यह यात्रा ठोस एवं क्रमिक दोनों तरह के कई सुधारों से गुजरी है। इससे देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत के विकसित देश बनने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है। सुधारों की यात्रा जारी रहने के साथ, यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। साथ ही राज्य सरकारों की पूर्ण भागीदारी से चल रहे सुधार अधिक उद्देश्यपूर्ण और फलदायी होंगे।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी आर्थिक मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन और भी बेहतर दिखाई देता है। अमेरिका, ब्रिटेन और जापान सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आने वाले वर्ष में आर्थिक विकास दर में मंदी देखी जा सकती है। उधर भारत ग्लोबल अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है। यह रुझान भारत को 2030 तक जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर ले जाएगा। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स जैसी तमाम एजेंसियां का अनुमान है कि भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि क्या भारत अगला बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन सकता है, जो एक बहुत बड़ा अवसर है। साथ ही एक मजबूत लॉजिस्टिक्स ढांचा विकसित करना भारत को सेवा-प्रधान अर्थव्यवस्था से विनिर्माण-प्रमुख अर्थव्यवस्था में बदलने में महत्वपूर्ण होगा।

# महात्मा गांधी और भारत की लोकचेतना





डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे। महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं।

यह ठीक है कि गांधी एक व्यक्ति थे, किंतु व्यक्ति का क्या? व्यक्ति तो करोड़ों और अरबों-खरबों ही हैं, पहले भी हुए हैं, फिर गांधी पर ही नजर क्यों टिकती है? अनुयायी हों या विरोधी सभी की चर्चा के केंद्र में गांधी क्यों रहते हैं? वास्तव में जब कोई व्यक्ति अपने को सर्वजन-चेतना से अभिभूत कर लेता है, जब व्यक्ति-चेतना अथवा अहंता-ममता की बर्फ पिघलकर जलधारा बन जाती है, तब व्यक्ति व्यक्ति नहीं रहता, वह कोटि-कोटि जन की अभिव्यक्ति बन जाता है।

वास्तव में गांधी व्यक्ति नहीं रह गए थे, वे समष्टिचेतना बन गए थे, भारत के लोकजीवन की मूल्य प्रणाली, विश्वास प्रणाली, विचार प्रणाली और अभिव्यक्ति प्रणाली का युगावतार। भारत की सामान्य जनता की निष्ठा के संबंध मे महात्मा गांधी ने एक बार यूरोप के एक पत्रकार से बात की। पत्रकार रेवरेंट माट् ने पूछा कि श्रीमान सार्वजनिक-जीवन में आपको आशा और निराशा दोनों ही होती होंगी। आपको किस बात से आश्वासन मिला और किस बात से निराशा हुई? महात्मा गांधी ने उत्तर दिया- भारत की सामान्य जनता बहुत कष्ट में जीवन व्यतीत कर लेती है, किंतु अहिंसा की वृत्ति को नहीं छोड़ती। इससे मुझे आश्वासन मिला है। महात्मा गांधी ने कहा कि निराशा की बात यह है कि शिक्षित लोगों के हृदय में दयाभाव का स्रोत सूखता जा रहा है, इससे मुझे चिंता होती है।

2 अप्रैल 1947 को दिल्ली मे एक इंटर एशियन रिलेशंस कान्फ्रेंस हुई थी जिसमें महात्मा गांधी ने जो भाषण दिया था, उसमें आपको उसी भारतीय लोकचेतना का स्वर सुनाई देगा। गांधीजी ने कहा कि आप सभी दोस्तों ने जो भारत है, उसे वाकई नहीं देखा है। यह कांफ्रेंस भी असल भारत में नहीं हो रही है। दिल्ली, बॉम्बे, मद्रास, कलकत्ता, लाहौर- बड़े शहर होने की वजह से ये सभी पश्चिम से प्रेरित हैं। उन्होंने एक कहानी सुनाई - "एक बार की बात है, फ्रांस के तीन वैज्ञानिक सत्य की खोज में निकले। तीनों एशिया के अलग-अलग हिस्सों में चले गए। इनमें से एक वैज्ञानिक ने भारत में अपनी खोज जारी रखी। वह उस वक्त के तथाकथित शहरों में गया। यह अंग्रेजों और मुगलों के आधिपत्य से पहले की बात है। उसने यहां के कथित ऊंची जाति के लोगों, पुरुषों व महिलाओं को देखा, मगर उसे संतुष्टि नहीं मिली। अंत में थक-हार कर वह एक साधारण सी कुटिया में जा पहुंचा। वहां उसे उस सत्य के दर्शन हुए जिसकी उसे लंबे समय से तलाश थी।" गांधीजी ने कहा कि "अगर आप वाकई भारत को देखना चाहते हैं तो आपको यहां के गांवों में बसे दलितों के बेहद साधारण-से घरों में आना होगा। यहां ऐसे सात लाख गांव हैं जिनमें अड़तीस करोड़ लोग रहते हैं। इस भारत को मैंने खुद अपनी आंखों से देखा है। मैंने भारत की एक छोर से दूसरे छोर तक यात्रा की है। मुरझाई आंखों से मैंने यहां मनुष्यता की दयनीय तस्वीर देखी है। भारत यहीं बसता है। गोबर से सनी इन मामूली झोपड़ियों में मिलते हैं, वे दलित जिनमें मिलेगा आपको खाटी ज्ञान। लोकतंत्र और निर्धनतम लोगों के जागरण के इस दौर में आप पूरी ताकत से इस संदेश को फैला सकते हैं। गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे।"

महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं। सच्चाई, ईमानदारी, सादगी, समानता, भाईचारा, लोकमंगल, विश्वशांति आदि लोकजीवन के मूल्य जैसे महात्माजी के रूप में जीवंत हो गये थे। गांधी ने भारत के लोकजीवन का प्रत्यक्ष दर्शन और अनुभव किया था। गांधी ने भारत को जानने के लिए भारत को पाने के लिए भारत की पैदल-पैदल यात्रा करते हुए लोकमन से तादात्म्य की साधना की और और लोकमानस में जगह बनाई थी। लोक को जगाया था, लोक के विश्वास को जगाया था और लोक का विश्वास जीता था। लोक ने भी उनको विश्वास दिया था। 6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द फौज रेडियो से सुभाष चन्द्र बोस ने एक पत्र महात्माजी के नाम प्रसारित किया था, उसमें उन्होंने महात्माजी कहकर संबोधित किया और उन्हें लोकजागरण का प्रतीक बतलाया। कहा कि भारत और भारत के बाहर रहने वाले भारतीयों की दृष्टि में आप हमारे देश के वर्तमान जागृति के जनक हैं।

गांधी लोकजीवन को इतना उद्वेलित नहीं कर पाते यदि वे स्वयं ही सामान्यजन न बन गए होते। वे तो बैरिस्टर थे, लेकिन सामान्यजन के बीच घुलमिल जाने के लिए उन्होंने सिर के बाल हटा दिए, आधी धोती पहन ली और आधे से शरीर ढक लिया। पैरों में चप्पल डाल ली। सामान्यजन की वह असामान्यता कि गोलमेज-सम्मेलन असफल हो गया, होना ही था, किंतु उस दौरान सम्राट पंचम जार्ज ने बर्किंघम पैलेस में विशालभोज दिया। दो हजार मेहमान थे जिनमें राजनयिक थे, लार्ड थे तथा भारत के राजा, महाराजा और नवाब-लोग बड़े ठाठ-बाट से सजे सजाए खड़े हुए हीरे और जवाहरातों की नुमाइश कर रहे थे। उस वैभवशाली समारोह में उन सभी महिमाशाली लोगों ने देखा कि घुटनों तक धोती बांधे, सफेद दुपट्टा डाले बड़े गौरव के साथ एक सामान्य आदमी आ रहा है। सभी की नजर उस धोती-वाले पर ही जा टिकीं। थोड़ी देर में पंचम जार्ज आए, उन्होंने चारों ओर देखा और उस सामान्यजन के पास आकर खड़े हो गए। सम्राट कुछ देर तक तो उन्हें देखते रहे, फिर बोले कि आप अफ्रीका में तो हमारे मित्र थे, मैं नहीं समझ पाया कि अब आप हमारे विरुद्ध कैसे हो गए? बापू ने उन्हें देखा और मुसका दिए।

सम्राट फिर बोला मैं आपको चेतावनी देता हूं कि आपने भारत में गड़बड़ी की और मेरी सरकार के साथ सहयोग नहीं किया तो वहां मेरी सेना उपद्रवियों को उड़ा देगी। यह बात इतनी धीरे से कही गई थी कि वहां खड़ी हुई सरोजिनी नायडू ने ही सुनी। गांधी उस समय तो मुसका दिए, किंतु जब प्रतिनिधियों की सबसे बड़ी समिति की बैठक हुई तो वे बोले भारत में मेरे बच्चे ब्रिटिश बमों को केवल पटाखे समझते हैं। महात्मा गांधी के लिए लोकतंत्र का क्या अर्थ था, इस बात को हम उनके जीवन की एक घटना समझ सकते हैं।

महात्मा गांधी से (पहले से ही समय लेकर) गांव के दो किसान मिलने आए थे, महात्माजी उनको कुछ समझा रहे थे कि इसी बीच वायसराय के यहां से कोई अंग्रेज-अफसर गांधीजी से मिलने आ गया। थोड़ी देर तो उसने किसानों से महात्माजी की बातें सुनी फिर बोला मुझे आपसे बात करनी है। महात्मा गांधी ने कहा ठीक है, कहिए। वह अफसर उन किसानों को वक्र-दृष्टि से देखते हुए बोला मुझे राज्य के संबंध में गोपनीय बातें करनी है। महात्मा गांधी बोले ठीक है, करिए। उसने फिर से उन किसानों की ओर देखा। महात्मा गांधी बोले-हां, वे तो उस राज्य के मालिक हैं जिसके संबंध में आप गोपनीय बात करना चाहते हैं। राज्य के मालिक से छिपकर क्या बात करनी है? राज्य के मालिक से दुराव-छिपाव क्यों?

लोकचेतना की तरह ही महात्मा गांधी सामान्यजन के बीच खींची जाने वाली किसी भी रेखा या दायरे को अस्वीकार करते थे। जीवन भर वे दायरों को तोड़ते ही रहे। बापू की हत्या हुई तब कविवर बालकृष्ण शर्मा नवीन ने एक बड़ी कविता लिखी थी, उसका सार यह था - ऐसे संत-पुरुष के मरने का दुःख नहीं है, दुःख तो मनुष्य और मनुष्यता के मर जाने का है। ऐसे रामभरोसे रहने वाले आदमी पर जिन हाथों से गोली चली। क्या वह मनुष्य था? क्या उसकी मनुष्यता मर गई थी? लोक नायक पर प्रहार का स्वाभाविक परिणाम यह हुआ कि आजादी की लड़ाई के समय हुंकार भरने वाली लोकचेतना नींद में चली गई और बाजार के रूप में व्यष्टि चेतना समष्टि चेतना पर हावी हो गई।

## व्यंग्य

# मैं आई हूं यूपी बिहार लूटने

नट उठकर खड़ा होते हुए बोला- डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआ भर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी- नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था।

एक कार्यक्रम में सौभाग्य भरे इत्तेफाक से लुप्त हो रही नौटंकी विधा का रसास्वादन हुआ। मजा आ गया। मैं आई हूं यूपी-बिहार लूटने... ये गीत गाकर नाच रही नटी से नट बोला-लग रहा है लोकसभा चुनाव 2024 के मंच पर भाजपा है तू। नटी बोली- तुझे जलन क्यों हो रही है। यूपी के अस्सी मेरे और अब तो बिहार के चालीस भी मेरे। मंडल भी मेरा कमंडल भी मेरा। श्रीराम भी मेरे, कर्पूरी ठाकुर भी मेरे। नीतीश भी मेरे। बिहार की नैया के मांझी भी मेरे, पासवान के चिराग भी मेरे। यूपी के पीले गमछे वाले राजभर भी मेरे, निषाद भी मेरे, पटेल भी... और अब देशभर के कुर्मी भी मेरे। ब्राह्मण, बनिया, ठाकुर तो पहले से ही मेरे हैं। यूपी भी मेरा, बिहार भी मेरा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश...सब मेरा।

नट-तो फिर मेरा क्या है? नटी-जा दक्षिण में कहीं सिर छिपा ले। नट-दक्षिण भी कहां छोड़ रही है तू, वहां भी फन फैलाए बैठी हो, जहां तुम्हारा जलवा नहीं चलता वहां भी तो डोरे डाल रही हो।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

नटी-सब हमारे आंशिक हैं, पूरा देश हमारा है। तुम्हें क्यों जलन हो रही कलमुंहे? नटी ने ये कहते हुए नट के सीने पर हाथ मारा तो नट जमीन पर गिर गया। दर्शकों में किसी ने हूटिंग की- इंडी गठबंधन है क्या, जो धड़ाम से गिर गया? दूसरा दर्शक बोला- इसे पप्पू से मिलवा दो। वो न्याय बांटता घूम रहा है और इनके अपने गठबंधन के साथी न्याय न पाकर गश खाकर गिरे पड़ रहे हैं। तीसरा दर्शक बोला-भला हो मोटे भाई का, इससे पहले कि कोई गिरने वाला हो, वो इस्ट्रएचर लिए खड़े रहते हैं। ईडी, सीबीआई के पहिए वाला इस्ट्रएचर पहले कमलछाप साबुन से नहलाकर पवित्र करता है और ऑपरेशन लोटस की अपार सफलता का सिलसिला जारी रखता है। नटी- ठीक तो है, हमारी छोटी सी शर्त है। कुंवारे रहकर एकला चलो या हमारे साथ ब्याह करो।

दर्शक- जैसा कि दिल्ली में खांसी वाले और उनके पंजाब के साथी दारूवाला, यूपी के भइया और बंगाल की दीदी बहन जी की तरह एकला चलो की राह पर चल सकते हैं। नटी-समझदार हैं ये लोग, इस मुवे की तरह (जमीन पर पड़े नट की तरह इशारा करते हुए) खड़गे... ओह आज जबान बहुत फिसल रही है। गड्ढे में नहीं गिरना चाहते हैं ये लोग। नट उठकर खड़ा होते हुए बोला- डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआभर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी- नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था। हलाला करवाकर दोनों को फिर अपना बना लिया। अब इन्हें जोरू का (अपना) गुलाम बनाऊंगी। नट-शर्म करो नास पीटी, लज्जा नहीं आती। डायन भी सात घर छोड़कर डसती है, तू तो ऐसी डायन है कि अपनो को भी नहीं छोड़ती, तूने तो एमपी वाले अपनी मामा और राजस्थान वाली अपनी मामी को भी डसने में कसर नहीं छोड़ी।

नटी-जा-जा मेरा पीछा छोड़, पप्पू की न्याय यात्रा में जाकर मेरे अन्याय को उजागर कर दे। मुझे कोई चिंता नहीं। राम कसम जनता हम पर भरोसा करती है, मेरी गारंटी पर भरोसे का दौर चल रहा है। कुछ तो है न मुझमें जो तुझमें नहीं है। मेरी काबिलियत की गर्मी देखकर अब वो ठिठुर रहा है। पिछली बार जीरो डिग्री में हाफ टी-शर्ट में घूम रहा था। अब इलेक्ट्रिक हीटर में कोयले जला रहा है मूर्ख...

आडियंस हंसने लगी और पर्दा गिर गया।

# अस्वाभाविकताओं का दौर



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं, जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए।

हम अस्वाभाविकताओं के दौर में जी रहे हैं। दलित चेतना की आभा की प्रतीक रहीं मायावती किन्हीं अज्ञात कारणों से प्रतिरोध की मुख्यधारा से बाहर हैं। समर्थक हों या विरोधी, सब लगभग एक स्वर में कहते थे कि नीतीश कुमार विपक्ष के एकमात्र ऐसे बड़े चेहरे हैं जिन्हें केंद्रीय जांच एजेंसियों के दायरे में लाना आसान नहीं है। विश्लेषकों का एक वर्ग नीतीश को नरेंद्र मोदी के बरक्स खड़ा करने का मजबूत तर्क देता था। सपाट तरीके से सोचें तो यह तर्क प्रभावित भी करता था, क्योंकि नीतीश का ओबीसी होना, हिंदी पट्टी का प्रभावशाली नेता होना आदि भी महत्वपूर्ण कारक के रूप में गिनाए जाते थे।

बहुत सारे विश्लेषक तो ऐसी रणनीतियों पर लंबी-लंबी परिचर्चाएं करते थे कि नीतीश उत्तर प्रदेश की किसी अनुकूल लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे और इंडिया गठबंधन के वोट बैंक को यूपी में ही नहीं, मध्य प्रदेश और झारखंड के भी कई इलाकों में एक नया विस्तार देंगे, लेकिन दौर चूंकि अस्वाभाविकताओं का है। हमने टीवी स्क्रीन पर देखा कि बुझे और थके चेहरे के साथ नीतीश कुमार राज्यपाल के समक्ष रिकार्ड नवीं बार नई सरकार चलाने की शपथ ले रहे थे और उनकी बगल में भाजपा के उनके नए सहयोगियों की कतार थी। लोगों ने ऐसे मंजर कम ही देखे होंगे कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो रहा हो और शपथ लेने वालों में एकाध को छोड़ किसी का चेहरा उल्लास से दमक न रहा हो। जीतनराम मांझी के सुपुत्र जी और एक निर्दलीय जी को छोड़ किस शपथ लेने वाले के चेहरे पर आंतरिक खुशी नजर आ रही थी। चाहे जातीय गणना का मुद्दा हो, आरक्षण के दायरे को बढ़ाने का मामला हो या कम समय में रिकार्ड तोड़ संख्या में सरकारी नौकरियां देने का क्रेडिट हो, अब अतीत बन चुकी महागठबंधन की सरकार अच्छी खासी चल रही थी, लेकिन सवाल उठता है कि नीतीश कुमार के ऐसे कौन से निकट सहयोगी-सलाहकार थे जिन्हें इस सरकार को गिराने और भाजपा के साथ नई सरकार बनाने की बेताबी थी। निश्चय ही कुछ सांसद होंगे जिन्हें डर होगा कि वे पिछला चुनाव लालू विरोधी मतों को पाकर जीते हैं और अगला चुनाव महागठबंधन की ओर से लड़ने में उन्हें दिक्कतें पेश आ सकती हैं। यह कोई इतनी बड़ी बात नहीं है कि इस आधार पर वे नीतीश कुमार को विवश कर दें और भाजपा के पाले में फिर से ले आएं।

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं, जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए, लेकिन नीतीश कुमार उदाहरण हैं कि कोई नेता अगर राजनीतिक-प्रशासनिक रूप से नौकरशाहों की खास मंडली पर जरूरत से ज्यादा निर्भर करने लगे, अगर उसके अगल-बगल जनाधार विहीन राजनेताओं की मंडली जमा हो जाए और समय एवं परिस्थितियों के अनुसार खासी प्रभावशाली भी हो जाए तो एक दिन बड़े से बड़े आभामंडल वाले नेता की भी मिट्टी पलीद होना तय है। सभी के लिए उम्र महज एक संख्या नहीं होती। सबके अपने पारिवारिक-सामाजिक आधार होते हैं, उस आधार पर बनता-बिगड़ता अपना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य होता है। आडवाणी हों, मनमोहन हों या स्वर्गीय मोरारजी, कई उदाहरण हैं। उन्हें लेकर कभी अफवाहें नहीं उड़ी कि कोई चौकड़ी उनकी उम्र जनित समस्याओं का लाभ उठा कर उनके राजनीतिक फैसलों पर हावी हो रही है, लेकिन नीतीश कुमार को लेकर ऐसी अफवाहें चल रही हैं। नीतीश बेदाग होंगे ऐसा संभव है, लेकिन वर्षों से उन्हें घेरे, अपने घटिया स्वार्थों में लिप्त नौकरशाहों और राजनीतिज्ञों की मंडली में कौन कितना बेदाग है यह कौन बता सकता है? केंद्रीय एजेंसियों की आंच अगर उनमें से कुछ तक पहुंच रही हो और उसका असर राजनीतिक ब्लैकमेलिंग के रूप में सामने आ रहा हो तो इसमें क्या आश्चर्य?

एक बात के लिए तेजस्वी यादव को नीतीश का, उनके निर्णयों पर कथित रूप से प्रभाव डालने वाले सलाहकारों का और इन तमाम घटना क्रमों का आभार मानना चाहिए कि उनके राजनीतिक व्यक्तित्व को इन सबने एक नई चमक दी है। उन्होंने छला नहीं है, बल्कि वे छले गए के रूप में जनता के सामने जा सकते हैं। भले ही नीतीश रिकार्ड समय में लाखों नौकरियों का क्रेडिट लें, लेकिन बिहार के बेरोजगार नौजवानों के बीच तेजस्वी की ही चर्चा है और यह जाति धर्म से ऊपर उठकर उनके प्रति युवाओं के अनुराग का एक अध्याय है। आगे वे क्या करते हैं, कैसे बिहार की राजनीति को संभालते हैं, यह उन पर निर्भर करता है।

## सोशल फोरम

# अमीर खुसरो और निजामी

अमीर खुसरो की इच्छा थी कि साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान का प्रभाव ईरान-तूरान से आगे तक महसूस किया जाए। इसके लिए उन्होंने एक ऐसी साहित्यिक परियोजना पर काम शुरू करने का इरादा किया जो सार्वभौमिकता के तकाजों को पूरा करती हो।



असग़र मेहदी
लखनऊ

फिरदौसी के शाहनामा के बाद गंजवी के निजामी के नाम से प्रसिद्ध जमाल उद्दीन अबु मुहम्मद इलयास इब्ने यूसुफ़ इब्ने ज़की (1141-1209) ही मसनवी के क्षेत्र में कमाल दिखा सका था। उसके द्वारा पांच साल में पांच मसनवियों के पंज-गंज या खमसे की रचना उसे फारसी साहित्य में रूमानी परंपरा का महत्वपूर्ण शायर स्थापित करने के लिए पर्याप्त है।

निजामी को फारसी महाकाव्य में बोलचाल और यथार्थवादी शैली के प्रवेश कराने में सहायक माना जाता है। उसका पंज-गंज बाद की शताब्दियों में ईरानी और मुगल दरबारों में पेंटिंग के हवाले से एक लोकप्रिय विषय रहा है। अमीर खुसरो ने निजामी से प्रेरणा लेकर अपनी परियोजना पर काम शुरू कर दिया और केवल तीन वर्षों (1298-1301) में तमाम व्यस्तताओं के बावजूद पांच मसनवियों पर आधारित अपना खमसा दुनिया के सामने पेश कर दिया।

पहली मसनवी, 'मतला उल अनवार' सूफीवाद और नैतिकता से संबंधित विषयों को समेटती है। दूसरी मसनवी "शिरीं व खुसरो", आर्मीनियाई राजकुमारी, ईरानी राजकुमार और एक संगतराश के नाकाम प्रेम के विषय का करुणाजनक बयान है। तीसरी मसनवी "लैला व मजनू" में अरबी मूल कथा का ईरानीकरण है। चौथी मसनवी "आयीना ए सिकंदरी", निजामी की दो मसनवियों "सिकंदर नामा (बर्री और बहरी)" से छोटी होने के बावजूद, उनसे मुकाबला करती नजर आती है।

अमीर खुसरो की पांचवीं मसनवी "हश्त बिहिश्त" अर्थात आठ स्वर्ग, जो इतिहास और किंवदंतियों का बेहतरीन संगम है। यह भी अजब है कि हिंदुस्तान से बाहर ख़ुसरो की ख्याति की वजह मसनवियों का यह संकलन करार पाया। जबकि हिंदुस्तान में वह गीतों, दोहों, गजलों, पहेलियों की वजह से जाने और पहचाने जाते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# गांधी का चतुर्मुखी दर्शन

महात्मा गांधी भारत भूमि पर जन्मे ऐसे युग पुरुष हैं, जिन्होंने अपने सत्कर्मों से भारत को ही नहीं अपितु समस्त मानवजाति को धन्य किया। मानव-सेवा, शोषितों और पीड़ितों की सेवा-सुश्रुषा के लिए गांधी जी ने जो कार्य किए वे कालजयी बन गए। उनके यही कार्य उनके दर्शन का रूप धारण कर 'गांधीदर्शन' में परिणत हो गए। कोई भी विचार या दर्शन कालजयी तब बनता है जब हर युग में उसकी प्रासंगिकता हो। महात्मा गांधी का दर्शन पूर्णतः व्यावहारिक दर्शन है। इसमें जहां एक ओर अध्यात्म और नैतिकता का सुख है वहीं राजनीति और रचनात्मकता का आनंद भी है। गांधी दर्शन चार प्रमुख रूपों में हमारे सम्मुख आता हैं-आध्यात्मिक, नैतिक, राजनीतिक और रचनात्मक।



डॉ. लवलेश दत्त
बरेली

महात्मा गांधी पूर्णतः आध्यात्मिक व्यक्ति थे। उनका मानना था कि ईश्वर एक है और वही सत्य है। अतः उन्होंने 'ईश्वर सत्य है' को 'सत्य ही ईश्वर है' माना और जीवनभर सत्य के माध्यम से ईश्वर की आराधना करते रहे। उनका मानना था कि दरिद्रनारायण की सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। गांधीजी पुनर्जन्म में आस्थाशील थे। महात्मा गांधी के अध्यात्म दर्शन अध्यात्म के सभी प्रमुख तत्वों ब्रह्म, जीव, जगत, माया, मोक्ष आदि के दर्शन होते हैं। महात्मा गांधी ने अपने दर्शन को नैतिक आदर्शों का आधार प्रदान किया। गांधीजी चाहते थे कि देशवासी अपने चरित्र और जीवन को ऐसा बनाएं कि संपूर्ण विश्व में एक आदर्श स्थापित हो सके। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर गांधीजी ने न केवल भारतवासियों के लिए, बल्कि संपूर्ण मानव जाति को नैतिक आदर्शों का पाठ पढ़ाया। गांधीजी चाहते थे कि लोग सच्चरित्र हों, सत्यवादी हों और अहिंसा का पालन करने वाले हों। एक शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति संयमित हो और उसे अपनी इन्द्रियों पर अधिकार हो। गांधीजी अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने सत्य और अहिंसा के पालन में अपना सर्वस्व त्याग दिया था। गांधीजी अहिंसा की लड़ाई के वीर योद्धा थे और उनकी अहिंसा की लड़ाई के बल पर ही देश को स्वाधीनता प्राप्त हुई। गांधीजी ने स्वाधीन देश में आदर्श समाज की स्थापना के लिए ही नैतिक आदर्शों को जीवन में सर्वोच्च स्थान दिया। उनका स्वप्न था कि स्वाधीन देशवासी नैतिकता के आधार पर ही एक उत्कृष्ट समाज का निर्माण करें जिससे भारत संपूर्ण विश्व के समाने नैतिकता की एक मिसाल बने। गांधीजी के राजनीतिक दर्शन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है-सत्याग्रह।

गांधीजी अहिंसक उपायों से देश को स्वाधीन कराना चाहते थे। वे जानते थे कि यदि हिंसा के मार्ग से स्वतंत्रता प्राप्त की गई तो उसे स्थाई बनाए रखने के लिए भी हिंसा का मार्ग ही अपनाना पड़ेगा। अतः अहिंसा के माध्यम से प्राप्त स्वाधीनता ही चिरस्थायी रह सकेगी। इसीलिए अपने राजनीतिक दर्शन में गांधीजी ने अहिंसक उपायों का प्रयोग किया। भारत की स्वाधीनता के लिए किए गए उनके कार्य उनका राजनीतिक दर्शन बन गए। गांधीजी का रचनात्मक दर्शन सर्वोदय की अवधारणा पर स्थापित है। स्वदेशी आंदोलन और सांप्रदायिक सद्भाव उसके प्रमुख लक्ष्य हैं। गांधीजी का प्रत्येक कार्य जनहित में था। इसीलिए उन्होंने सर्वप्रथम सर्वोदय का नारा दिया। सब एक साथ आगे बढ़ें यही गांधी जी चाहते थे। उन्होंने स्वावलंबन और शारीरिक श्रम जैसे बिंदुओं को अपने रचनात्मक दर्शन का अंग बनाया। गांधीजी शारीरिक श्रम पर बल देते थे। गांधीजी ने देश की स्वतंत्रता, मानव सेवा और मनुष्य के नैतिक उत्थान के लिए जो कार्य किए वे सभी गांधीदर्शन में परिणत हो गए। उनका दर्शन पूर्ण और व्यावहारिक दर्शन है।

# सरकार पलट गई कुर्सी स्थिर रही

नीतीश कुमार नवीं बार मुख्यमंत्री बने हैं। पत्रकारों के सवाल पर जवाब दिया सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था, जब भाजपा से गठबंधन तोड़ा तो बोले हमारी पार्टी ही हड़प लेना चाहते हैं। एक बात तो है नीतीश कुमार भले ही विचारों में स्थिर न हों, लेकिन कुर्सी मजबूत स्थिति में रहती है। उन्हें पलटूराम कहा जा रहा है, जबकि वे स्थिर हैं।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

पलटूराम तो वे हैं, जो मुंह भर-भर कर कोसते रहे। अब हंसते हुए सरकार में शामिल हो कसीदे पढ़ेंगे। आखिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंच व सदन की गरिमा भी तो रखनी है। नीतीश का 24 जनवरी 2024 को समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर परिवारवाद पर भाषण देना ही लग रहा था कि अब फिर बदलेंगें। यह तो उनको पता ही था कुर्सी नहीं बदलेगी। वे जानते थे, जो उनके खिलाफ हैं, सत्ता की चाशनी में फिर लिपटने चले आएंगे। यदि लोकसभा के बाद परिणाम उचित नहीं आए तो फिर हो सकता है कि कुर्सी को ध्यान रखते हुए मन बदलेंगे। तेजस्वी यादव भी फिर आ जाएंगे आखिर सत्ता हनक की बात ही कुछ और होती है। एक बात तो है इतिहास उन्हें कैसे याद करेगा इसका भी ख्याल रखना चाहिए था। नीतीश कुमार ने जाति जनगणना कराई जिसमें तेजस्वी यादव का भी साथ था। मुझे लगता है उन आंकड़ों से दूसरे दल घबरा गए। अब से पूर्व की सरकार में तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे।

दोनों पिछड़े वर्ग से अबकी सरकार में विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी दो उपमुख्यमंत्री बनाए गए, जो कहते थे कि नीतीश कुमार को सत्ता से बेदखल करने के बाद ही पगड़ी खोलेंगे। अब उन्होंने ही उपमुख्यमंत्री की पगड़ी बांध ली ये भी कालचक्र का नया पहलू है।

# एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य साधने वाला होगा उत्तर प्रदेश का महाबजट

## लोकसभा चुनाव को लेकर बजट में होगा लोक लुभावन दावों और वादों की बरसात

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार विधानसभा सत्र में इस बार एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य साधने वाला महाबजट पेश करेगी। इसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोक लुभावन वादों और दावों की भरमार तो होगी ही, नव्य राममंदिर में रामलला के दर्शन शुरू होने और अगले साल महाकुंभ से पर्यटन समेत सेवाकरों में अप्रत्याशित वृद्धि का अनुमान है। साथ ही, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए हर जिले में औद्योगिक विस्तार से विकास दर में इजाफा होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में अफसरों को बजट का स्वरूप कैसा होगा, इसका खाका समझाया था। अब वित्त विभाग वर्ष 2024-25 के बजट को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पिछली बार 22 फरवरी को वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बजट प्रस्तुत किया था, इस बार 5 या 6 फरवरी को प्रस्तुत होगा। उसी दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण होगा, फिर अगले दिन से बजट पर चर्चा शुरू होगी। राज्य



सरकार ने 2023-24 के लिए 6 लाख 90 हजार 242 करोड़ 43 लाख रुपये का बजट पेश किया था, लेकिन इस बार अयोध्या में नव्य राम मंदिर में शुरू हुए दर्शन में अप्रत्याशित बढ़ रही भक्तों की संख्या से महर्षि वाल्मीकि एयर पोर्ट, लखनऊ एयरपोर्ट और गोरखपुर एयरपोर्ट के जरिए भक्तों के आने का सिलसिला, टूरिंग-ट्रेवेल्स आदि की बढ़ी आय बजट अनुमान को पिछले बार से 15 फीसदी तक बढ़ा सकती है। प्रयागराज महाकुंभ को लेकर बजट में विशेष प्रावधान होगा।

बजट सुविधाएं और बाजार को बढ़ावा देने वाला होगा। औद्योगिक प्राधिकरण क्षेत्र में स्थापित इकाइयों का सर्वेक्षण, अप्रयुक्त प्लॉटों का चिन्हीकरण और नये इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना पर सरकार का जोर है। 10 स्थानों पर प्लेज पार्क, पर्यटन, होटल/रेस्टोरेंट, ट्रान्सपोर्ट, संचार, रियल एस्टेट, प्रोफेशनल सर्विस, लोक सेवा, रक्षा व अन्य सेवाओं में विकास पर फोकस होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के माध्यम से प्रदेश में कुल 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों में 11.8 लाख करोड़ के प्रस्ताव केवल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए है। इसे जमीन पर उतारते ही आर्थिक परिवेश में बड़ा उछाल आएगा। हर जिले में औद्योगिक इकाईयां शुरू करने के लिए होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक एक ट्रिलियन डालर करने का लक्ष्य को तेजी से पूरा होता दिखेगा। बजट में प्रदेश की बेहतर ब्रांडिंग, व्यापार अनुकूल माहौल और निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों पर जोर होगा। चीनी मिलों का आधुनिकीकरण और शुगर कॉम्प्लेक्स बनाने में सरकार और तेजी लाएगी। बजट में लोकलुभावन घोषणाएं होंगी।

### शून्य त्रुटि के साथ शामिल हो आंकड़े व तथ्य

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने निर्देश दिया है कि बजट भाषण में शामिल आंकड़ों व तथ्यों को शून्य त्रुटि के साथ तैयार करें। बजट भाषण के लिए तथ्य तैयार करते समय राज्य सरकार की नीतियों, प्राथमिकताओं, फ्लैगशिप योजनाओं और नई योजनाओं को खासतौर पर शामिल किया जाए। उधर, अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव को वित्तमंत्री के बजट भाषण के लिए बजट सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल के अभिभाषण और बजट भाषण में शामिल आंकड़ों में जरा सी भी भिन्नता न हो।

### साढ़े छह वर्ष में तेजी से बढ़ी उप्र की अर्थव्यवस्था

पिछले साढ़े छह वर्षों के नियोजित प्रयासों से देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था उप्र विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी, जो अब 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। वर्तमान 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी 25.55 लाख करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। राष्ट्रीय आय में प्रदेश 9.2 फीसदी का योगदान कर रहा है। अर्थव्यवस्था की विकास दर के राष्ट्रीय मानकों का आंकलन करें तो 2021-22 में प्रचलित भावों पर प्रदेश की विकास दर 20.1 फीसदी रही, जबकि देश की 18.4 फीसदी।

## आयकर से संबंधित विवादों का हो सकेगा आसानी से निपटारा

लखनऊ, अमृत विचार : अब राजधानी में आयकर से संबंधित विवादों का निपटारा आसानी से हो सकेगा। केंद्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल ने यहां सोमवार को वर्चुअली आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि विवाद से विश्वास स्कीम 2020 के तहत करदाताओं को केवल विवादित करों की राशि का भुगतान ही करना था। इससे संबंधित मामलों का अधिकरण ने अच्छे से निपटारा किया। इससे आयकर दाताओं को मदद मिलेगी।

आयकर अपीलीय अधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस सीवी भडंग ने कहा कि जयपुर, बंगलुरु और कटक के बाद आयकर अपीलीय अधिकरण को चैथा भवन लखनऊ में मिला है। उन्होंने कहा कि आईटीएटी में लंबित मामलों की संख्या कम और निस्तारित किए गए केसों की संख्या बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष आयकर अपीलीय अधिकरण (दिल्ली और अहमदाबाद क्षेत्र) जीएस पन्नू, उपाध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण, (लखनऊ और पुणे क्षेत्र) शक्तिजीत डे भी उपस्थित रहे।

## एसआई-एएसआई व कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवेदन तिथि बढ़ी

लखनऊ, अमृत विचार : पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) और सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के 921 तथा प्रोग्रामर ग्रेड-2 और कम्प्यूटर ग्रेड-ए के पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ा दी गई है। पहले 28 जनवरी अंतिम तिथि थी। अब 31 जनवरी की रात 12 बजे तक इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। वहीं आवेदन में किसी तरह की हुई त्रुटि में संशोधन के लिए दो फरवरी को रात 12 बजे तक का मौका मिलेगा। ऑवेदन में संशोधन भी ऑनलाइन और खुद ही करना होगा। ऑवेदन के बाद अगर कोई अभ्यर्थी फीस न जमा कर पाया हो तो उसके लिए भी दो फरवरी को रात में 12 बजे मौका रहेगा। पहले 30 जनवरी तक की तारीख तय की गई थी। उप्र प्रोन्नति पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अपर सचिव ने इस आशय का निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि 25 जनवरी से 28 जनवरी तक सार्वजनिक अवकाश होने के चलते ऑवेदन करने और फीस जमा करने में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए ऑवेदन की तारीख बढ़ाने का फैसला किया गया है।

## सार-संक्षेप

### राज्य में खुलेंगे सात नए गौ संरक्षण केन्द्र

लखनऊ, अमृत विचार : गौ-संरक्षण के लिए प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में सात नए गौ-संरक्षण केन्द्र बनाए जाएंगे। इसके लिए प्रथम किस्त के रूप में राज्य सरकार ने 5.6 करोड़ रूपए भी भेज दिए गए हैं। पशुपालन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने पशुपालन विभाग के निदेशक को बजट जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि एक गौ संरक्षण केन्द्र के लिए 80 लाख रुपए स्वीकृत किये गए हैं। उक्त क्रम में फर्रुखाबाद में दो गौ-संरक्षण स्थापित होंगे, ये सदर तहसील अंतर्गत गांव अछरौडा व कायमगंज में ग्राम पचरौली में बनाए जाएंगे। इसके अलावा बुलंदशहर, महराजगंज, जालौन, कन्नौज व गोरखपुर में एक-एक नया गौ-संरक्षण केन्द्र बनाया जाएगा। साथ ही इस बजट को उपयोग करने के निर्देश भी दिए हैं।

### एफआई हॉस्पिटल के ध्वस्तीकरण पर लगी रोक

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एफआई हॉस्पिटल के ध्वस्तीकरण पर 1 फरवरी तक के लिए रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने फरजाना सिराज की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। याची की ओर से न्यायालय के समक्ष एफआई हॉस्पिटल का नक्शा व मालिकाना सम्बंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समय की मांग की गई, इस पर न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 1 फरवरी की तिथि नियत करते हुए, तब तक ध्वस्तीकरण न करने का आदेश एलडीए व राज्य सरकार को दिया है।

### धान किसानों को 10,145 करोड़ से अधिक का भुगतान

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश के धान किसानों को 10,145 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। इससे सात लाख से ज्यादा किसान लाभान्वित हुए हैं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में किसानों से धान खरीद जारी है। किसानों को क्रय क्रेंद्रों पर समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसानों को समय से भुगतान भी किया जा रहा है। अब तक सात लाख 37 हजार से अधिक किसानों से धान की खरीद हो चुकी है। सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए का समर्थन मूल्य 2203 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है।

### भाजपा राज में शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं: अजय राय

लखनऊ, अमृत विचार : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा के शासन में सनातन ध्वज वाहक शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं हैं। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को उनके ही मठ में पुलिस ने चारों तरफ से घेर लिया है। स्वामी सोमवार को अपरान्ह तीन बजे मूल विश्वनाथ मंदिर की परिक्रमा व ज्ञानवापी जाना चाहते थे। प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को वहां जाने से मना किया और धारा 144 लागू होने का हवाला दिया। इस पर स्वामी अकेले ही जाने को तैयार थे पर प्रशासन ने हठधर्मिता व निरंकुशता का परिचय देते हुए सोनारपुरा स्थित विद्यामठ में उन्हें नजरबंद कर दिया।

### सीएचसी के अधीक्षक के खिलाफ होगी कार्रवाई

लखनऊ, अमृत विचार : सिद्धार्थनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,बेवा (डुमरियागंज) के प्रभारी अधीक्षक डॉ.श्रवण कुमार तिवारी के खिलाफ राज्य सरकार ने अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति करते हुए आरोपों की जांच के निर्देश दिये। इसके लिए अपर निदेशक स्वास्थ्य बस्ती मंडल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रभारी पर अधीनस्थ कर्मचारियों से अभद्रता और अमर्यादित भाषा के साथ ही महिला कर्मियों के उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे। स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने आदेश जारी स्पष्ट किया है कि डॉ.श्रवण कुमार के विरूद्ध जांच में महिला कर्मियों में एएनएम ने लिखित बयान भी दिया था। जांच के दौरान डॉ.तिवारी द्वारा जांच अधिकारी को धमकाने के अलावा कुशीनगर में गायत्री हास्पिटल डायबिटीज केयर सेंटर निजी अस्पताल भी संचालित किये जाने की जानकारी हुई है। इससे स्पष्ट होता है कि डॉ.श्रवण कुमार अपने उच्चधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के साथ ही प्राइवेट प्रैक्टिस में संलिप्त हैं।

## नशे के 4 अन्तर्राष्ट्रीय तस्करों को एसटीएफ ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ 83 लाख का चरस बरामद, नेपाल से लाकर उप्र में करते थे सप्लाई

अमृत विचार : एसटीएफ ने रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास 16.5 किलोग्राम चरस बरामद किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में उसकी कीमत लगभग 83 लाख रूपये बताई गई है। अयोध्या में पकड़े गए चारो तस्कर कानपुर नगर और देहात के रहने वाले हैं। इसमें विमल राजपूत, जितेन्द्र, आशीष यादव तथा योगेन्द्र सिंह यादव हैं।

एसटीएफ को विभिन्न जनपदों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थी। इसी बीच इन तस्करों के बारे में सूचना मिली कि वह नेपाल से अवैध मादक पदार्थ (चरस) लेकर कानपुर जाने वाले है। इसके बाद एसटीएफ टीम सक्रिय हो गई और उन्हें अयोध्या के पूरा कलन्दर क्षेत्र से दबोच लिया। उनकी कार की जांच में 16.5 किग्रा चरस बरामद हुई। नशे के तस्करों ने पूछताछ पर बताया कि यह अवैध मादक पदार्थ (चरस) नेपाल से लाकर कानपुर के मनोज तिवारी के साथ मिलकर बेचने का कार्य करते थे। इस धंधे में वह काफी समय से सक्रिय थे।

## अखिलेश ने अपना व परिजनों का किया विकासः बृजलाल

लखनऊ, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद बृजलाल ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ अपना औप परिजनों का विकास किया है। उनकी सरकार में जंगलराज, दंगा-फसाद और अपराधों का बाढ़ आ गई थी। सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बिहार में भाजपा के सहयोग से नीतीश कुमार की फिर सरकार बनने पर भाजपा को कमजोर पार्टी होने का तंज कसा था। जवाब में सोमवार को भाजपा के राज्यसभा सांसद बृजलाल ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी और मज़बूत पार्टी है और हमेशा नारियों, किसानों, ग़रीबों और युवकों के हितों की चिंता करती है। बृजलाल ने कहा कि अखिलेश तो परिवारवाद के पोषक है। परिवारवाद ही भ्रष्टाचार का जनक होता है।

## सहायक शिक्षक भर्ती के आवेदन पत्र में एक अतिरिक्त कॉलम जोड़ने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती के आवेदन में त्रुटिपूर्ण एवं भ्रामक जानकारियां देने के मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि भविष्य में परिषदीय स्कूलों में सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में परिणाम की स्थिति का एक अतिरिक्त कॉलम भी आवेदन पत्र में शामिल किया जाए, जिससे उन उम्मीदवारों को भी आवेदन करने का अवसर मिले, जिनके परिणाम प्रतीक्षित हैं या जिनके कुछ ही दिनों में घोषित होने की संभावना है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने अजय कुमार व अन्य की याचिका पर विभागीय आदेशों को रद्द करते हुए पारित किया है। इसके साथ ही याचियों को 3 सप्ताह के अंदर



सेवाओं में शामिल करने का भी निर्देश दिया है। मामले के अनुसार दिसंबर 2014 में परिषदीय स्कूलों में 15000 सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए एक विज्ञापन जारी किया गया था। याचियों ने अपने ऑनलाइन फॉर्म गलत ढंग से भरे और जमा किये। कोर्ट के समक्ष प्रश्नगत मामला यह है कि पंजीकरण की तिथि पर गलत बयानी और योग्य न होने के कारण याचियों की नियुक्तियों को शून्य घोषित किया जाए या नहीं। मामले की विशिष्ट परिस्थितियों पर विचार करते हुए कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि यह सत्य है कि उनका कार्य शुरू से ही प्रमाणित नहीं था, इस दृष्टि से वे सेवा में बने रहने के हकदार नहीं है, लेकिन विभिन्न चरणों में इस कोर्ट के हस्तक्षेप के कारण सरकार ने कई परिपत्र जारी किए और फॉर्म जमा करने की तिथि बढ़ा दी, साथ ही बाद में बीटीसी पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने का मौका दिया गया।

## परिषदीय स्कूलों में हर महीने होगा पीटीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




▸▸ अभिभावकों से नियमित संवाद करेंगे शिक्षक

अमृत विचारः नए शैक्षिक सत्र से परिषदीय स्कूलों में हर महीने अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन होगा। इसी सप्ताह में पहली पीटीएम होगी। इसमें उपस्थिति, गृहकार्य, ड्रेस आदि को लेकर चर्चाएं होगी। कई अभिभावकों ने सरकार से मिले 12 सौ रुपये में यूनिफार्म, जूता व मोजा आदि नहीं खरीदा है, इसे भी अमल में लाया जाएगा।

सरकार निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में भी अभिभावकों से नियमित संवाद पर जोर देने जा रही है। कक्षा में विद्यार्थियों की पढ़ाई और अनुशासन में क्या स्थिति है, प्रतिदिन गृहकार्य वह कर रहा है या नहीं और नियमित स्कूल आ रहा है या नहीं इसे लेकर अभिभावकों से अध्यापक चर्चा करेंगे। वहीं यूनिफार्म, जूता व मोजा इत्यादि के लिए अभिभावकों के खाते में भेजे गए 1,200 रुपये की धनराशि का उपयोग कराया जाएगा।

स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) को निर्देश दिए गए हैं कि वह स्कूलों में हर महीने इसके आयोजन की मानीटरिंग करें। अभिभावकों के साथ शिक्षकों की बैठक होने से विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान मौके पर होगा। ऐसे विद्यार्थी जो पढ़ाई में कमजोर हैं उनके अभिभावकों को इसकी जानकारी दी जाएगी। घर पर भी वह हर दिन पढ़ाई करें और फुल यूनिफार्म में ही विद्यालय आएं इसे सख्ती से लागू कराया जाएगा। कुछ अभिभावक ऐसे हैं, जिन्होंने यूनीफार्म नहीं खरीदी। नियमित पीटीएम होने से उन पर इसे लेकर दबाव बनाया जाएगा कि वह सरकार की ओर से दी गई धनराशि का सदुपयोग करें।

## डीजी मानवाधिकार और डीजी विजिलेंस पद पर होगी नई तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के 31 जनवरी को सेवानिवृत होने पर न केवल नए डीजीपी की तैनाती होगी, बल्कि विजिलेंस और मानवाधिकार में भी नए डीजी पोस्ट किए जाएंगे।

31 जनवरी को विजय कुमार के अलावा डीजी (मानवाधिकार) एसके माथुर भी रिटायर होंगे। चूंकि विजय कुमार के पास कार्यवाहक डीजीपी के साथ ही डीजी विजिलेंस की जिम्मेदारी हैं। ऐसे में उनकी सेवानिवृति के बाद डीजीपी और विजिलेंस का भी पद खाली हो जाएगा। वहीं एसके माथुर के रिटायर होने से डीजी मानवाधिकार का भी खाली हो जाएगा। ऐसे में नए डीजीपी के अलावा बाकी उन दोनों पदो पर भी नई तैनाती की जाएगी। डीजी स्तर के इन दोनों अफसरों के सेवानिवृति से एडीजी स्तर के दो अफसरों को प्रमोशन का लाभ मिलेगा। एक फरवरी को 1990 बैच की आईपीएस अफसर एडीजी (प्रशिक्षण) तिलोत्तमा वर्मा और 1991 बैच के एडीजी (विजिलेंस) राजीव कृष्णा को डीजी पद पर प्रोन्नत मिल जाएगा। प्रशांत कुमार को एक माह पहले ही डीजी पद पर प्रमोशन मिल जाने से एडीजी राजीव कृष्णा को इस बार खाली होने वाले पद के सापेक्ष प्रमोशन का लाभ मिल जाएगा।


## वर्ग पहेली-327

**बाएं से दाएं**

1. 1. एक मुगल शासक जो अकबर का पिता था 2. भाग्यशाली व्यक्ति।
5. श्रावक धर्मावलंबी, जैन धर्म पर विश्वास करने वाला, जैन मतानुयायी।
6. 1. 'घम-घम' शब्द होना 2. तेज़ आवाज़ करना, गरजना।
9. 1. तरल पदार्थ (जल आदि) को उलीचकर बाहर फेंकना 2. पंक

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जिसकी आशा टूट गई हो, उदास, हताश, निराश, नाउम्मीद 2. खिन्न।
3. दरवाज़े के चौखट के नीचे की लकड़ी, देहरी।
4. 1. संसार 2. मर्त्यलोक 3. प्राणीजगत।
7. एक प्रकार का दलहन।
8. 1. कम मात्रा का, अल्प, न्यून, जो परिमाण में कम हो, अल्पलभ्य, कुछ, ज़रा-सा, किंचित 2. अपर्याप्त, आवश्यकता या ज़रुरत से कम या घटकर 3. केवल उतना जितने में कार्य हो जाए।




### वर्ग पहेली - 326 का हल




## सुडोकू-44

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 1 | | | | 2 | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 5 |
| | 3 | | | | 8 | | 9 | |
| 8 | | | | 3 | | | 5 | |
| | | 4 | | | | 2 | | |
| | 1 | | | 9 | | | | 8 |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 5 | 6 | | | 4 | 7 | | |

### सुडोकू - 43 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जनवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-चतुर्थी 08.54 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष** – आज आप प्रतिस्पर्धियों के सामने बचाव के मूड में रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिन काफी अच्छा है। आप कुछ प्रभावशाली लोगों के व्यक्तित्व और उनकी सफलता से काफी प्रेरित रहेंगे।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार आपको दुखी कर सकता है। पिता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। महत्वपूर्ण व्यापारिक संबंध बन सकते हैं। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज अपनी जीवनशैली पर ध्यान अवश्य दें। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं जिसके कारण कार्यों में रुकावटें आ सकती है। निजी संबंधों में कुछ न्यूनता महसूस होगी। बीमारियों से छुटकारा मिलेगा।

**कर्क** – आज आप अपने कुशल वाक् चातुर्य से महत्वपूर्ण परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। किसी उत्सव में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। बॉस आपकी सैलरी बढ़ाने को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**सिंह** – आज जल्दबाजी में कोई बड़ा निवेश न करें। अधिकारी वर्ग आपके काम में कमी निकाल सकते हैं। अनुपयोगी गतिविधियों में अपना समय बर्बाद न करें। आपको स्वास्थ्य में काफी ध्यान देना चाहिए। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है।

**कन्या** – आज आर्थिक उलझनों का निवारण होगा। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों का भाग्य खुल सकता है। अचानक बड़े प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। आपकी इच्छाओं के पूरा होने के योग बन रहे हैं। मित्र आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।

**तुला** – आज किसी महत्वपूर्ण काम में हाथ न डालें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक हो सकते हैं। मन में अप्राकृतिक और अव्यावहारिक विचारों का जमावड़ा लगा रहेगा। दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। पिता से झगड़ा हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज अपने परिजन व दोस्तों के साथ समय बिताएं। विद्यार्थियों को किसी उपलब्धि के लिए सम्मान मिल सकता है। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में उत्तम प्रगति होगी। प्रेम संबंध को वैवाहिक स्वरूप भी दे सकते हैं। आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।


**धनु** – आज आपके व्यवहार एवं सिद्धांतों से कई लोग प्रभावित रहने वाले हैं। छोटे बच्चों की पढ़ाई को लेकर माता-पिता चिंतित हो सकते हैं। यात्रा काफी शुभ एवं मंगलमय रहने वाली है। रेस्टोरेन्ट एवं होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी।

**मकर** – आज दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। दोपहर के बाद काम तेजी से गति पकड़ेंगे। सेहत में आ रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आपको अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन लेना चाहिए। उच्च शिक्षा में बड़ा शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**कुंभ** – आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।

**मीन** – आज दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में दिखावा न करें। करियर में आपको बड़े मौके मिल सकते हैं। व्यवसाय में बड़ा लाभ व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दांपत्य सुख का भरपूर आनंद लेंगे।

## आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.47, 23.01-23.53 तक। दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु,मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 22.06 तक तत्पश्चात हस्त।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES: दरार – सुबह : 10.00; खुद्दार – रात : 07.00

SONY PIX: जॉम्बीलैंड – सुबह : 09.52; सुपरमैन रिटर्न्स – रात : 09.00

SONY MAX: सूरमा – दोपहर : 12.00; कुत्ते – रात : 10.00

ZEE CINEMA: वन टू थ्री – सुबह : 10.30; सोचा न था – रात : 07.30

colors CINEPLEX: ऐलान – सुबह : 09.28; ...और प्यार हो गया – रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-10.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक औरत अपनी पड़ोसन से लड़ रही थी
पहली औरत- मेरे पास पैसा है,बंगला है गाड़ी है तेरे पास क्या है?
दूसरी औरत- मेरे पास 20 साल पहले सिलवाया हुआ शादी का ड्रेस है,जो मुझे आज भी फिट आता है।
फिर क्या! कॉलोनी में सन्नाटा छा गया...

पप्पू- यार मेरे एक कमीने दोस्त ने मेरी गर्लफ्रेंड का पर्सनल नंबर मेरे फोन से निकाल लिया।
दोस्त- फिर क्या हुआ भाई?
पप्पू : होना क्या था, साला सुबह से अपनी ही पत्नी को रोमांटिक मैसेज भेज रहा है।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,941.57 | 21,737.60 |
| बढ़त | 1,240.90 | 385.00 |
| प्रतिशत में | 1.76 | 1.80 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 838।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1865, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1435, सचिन 1435, सूरज 1460, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो.) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 13700, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 11900, अरहर पटका मोटा 12400, अरहर कोरा मोटा 12700, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15500, **चीनी**-डालमियां 4050, पीलीभीत 4010, नवाबगंज 4000, बहेड़ी (नई) 4010 रुपये।

# 27% कंपनियों ने जेएआई का इस्तेमाल रोका

## संचार कंपनी सिस्को के सर्वे के मुताबिक निजता, डेटा सुरक्षा जोखिम की वजह से लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

निजता और डेटा (निजी सूचना) सुरक्षा जोखिमों के चलते चार में से एक संगठन ने जनरेटिव-कृत्रिम मेधा (जेन-एआई) पर प्रतिबंध लगा दिया है। संचार कंपनी सिस्को की एक शोध रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकला है।

शोध रिपोर्ट 'सिस्को 2024 डेटा प्राइवेसी बेंचमार्क स्टडी' भारत, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, मेक्सिको, स्पेन, ब्रिटेन और अमेरिका में 2,600 निजता एवं सुरक्षा पेशेवरों से बातचीत पर आधारित है। अध्ययन से पता चलता है कि अधिकांश कंपनियां डेटा गोपनीयता और सुरक्षा मुद्दों पर जेन-एआई के उपयोग को सीमित कर रही हैं और 27 प्रतिशत ने इसके उपयोग पर कम से कम अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका की कंपनी सिस्को की शोध रिपोर्ट के अनुसार-चार में से एक से अधिक संगठनों ने गोपनीयता और डेटा सुरक्षा जोखिमों के कारण जेन-एआई के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। रिपोर्ट में जेनएआई के साथ बढ़ती गोपनीयता चिंता, एआई के उपयोग पर संगठनों के सामने आने वाली भरोसे संबंधी चुनौतियों और सूचनाओं को बेचने आदि का उल्लेख किया गया है। इस सर्वेक्षण के सातवें संस्करण में पाया गया कि निजता नियामकीय अनुपालन से कहीं आगे का मामला है।

कंपनियों की प्रमुख चिंताओं में कानूनी और बौद्धिक संपदा अधिकार (69 प्रतिशत) को जोखिम और जनता या प्रतिस्पर्धियों के सामने जानकारी साझा करने का जोखिम (68 प्रतिशत) शामिल है।

सिस्को ने कहा कि अधिकांश संगठन इन जोखिमों के बारे में जानते हैं और इसे सीमित करने के लिए नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं। इनमें 63 प्रतिशत ने सीमाएं स्थापित की हैं कि कौन सा डेटा दर्ज किया जा सकता है, 61 प्रतिशत ने सीमाएं निर्धारित की हैं कि जेन-एआई माध्यम का उपयोग कर्मचारियों द्वारा किया जा सकता है, और 27 प्रतिशत ने कहा उनके संगठन ने कुछ समय के लिए जेन-एआई अनुप्रयोगों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था। फिर भी, कई व्यक्तियों ने ऐसी जानकारी दर्ज की है जो चिंता बढ़ा सकती है। इसमें कर्मचारी जानकारी (45%) या कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी (48%) शामिल है।

### उत्तरदाताओं का मानना जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत



सिस्को के मुख्य विधि अधिकारी देव स्टालकॉफ ने कहा कि संगठन जेन-एआई को मौलिक रूप से भिन्न तकनीक के रूप में देखते हैं, जिसमें विचार करने के लिए नई चुनौतियां हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 90 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि जेन-एआई को डेटा और जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत है।

# देर से मिलेगा उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश-विदेश को उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद इस बार देर से मिलेगा। आलू बेल्ट में मुख्य फसल फरवरी अंत तक तैयार होगी। क्योंकि अक्टूबर में समय से बोई गई फसल अधिक तापमान से तो कुछ जगह बारिश से पिछड़ गई थी।

इसलिए ज्यादातर क्षेत्रों में किसानों ने अक्टूबर की बजाय नवंबर में बोवाई की थी। जबकि मुख्य फसल मौसम अनुकूल होने पर 15 से 25 अक्टूबर तक की जाती है। इसकी 25 फरवरी से खोदाई शुरू हो जाती है। आलू की तमाम प्रजातियां पकने में 100-110 दिन तक लगते हैं। ऐसी स्थिति में मार्च शुरुआत में ही बाजार में आलू आने की संभावना है। फसल पिछड़ने से इस बार प्रदेश से निर्यात भी देर से होगा।



- **अक्टूबर में बारिश और अधिक तापमान के कारण देर से हुई थी बोवाई**
- **फरवरी अंत में आलू तैयार होने की संभावना, निर्यात पर पड़ेगा असर**

**आगरा व कन्नौज बेल्ट से 200 टन करना है निर्यात:** लखनऊ के रहमान खेड़ा स्थित मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस से पहली बार आलू का निर्यात परीक्षण के तौर पर फरवरी से ओमान, बहरीन व दुबई होना है। इसके लिए कन्नौज बेल्ट से 200 टन चिप्स सोना और कुफरी बहार 3792 प्रजाति किसानों से खरीदी जानी है। जो तैयार न होने के कारण किसान तय समय पर नहीं दे पाएंगे। इससे निर्यात में देरी होगी और असर पड़ेगा। वैसे इन देशों को ईरान आलू की पूर्ति करता आ रहा है। वहीं इस संबंध में अकरब बेग (जीएम मैंगो पैक हाउस) ने बताया कि मैंगो पैक हाउस को पहली बार फरवरी से निर्यात करना है। इसी आधार पर आगे मांग आएगी। लेकिन, फसल तैयार न होने के कारण मार्च में ही निर्यात कर पाएंगे।

### प्रदेश में आलू का रकबा

बोआई : 700 लाख हेक्टेयर में

अनुमानित पैदावार : 250 लाख एमटी

> अक्टूबर में बारिश के कारण समय पर आलू की बोवाई नहीं हो पाई। इस बीच की गई फसल बर्बाद हो गई थी। इस कारण मौसम सामान्य होने पर देर से बोवाई की गई और देर से खोदाई होगी।
>
> **-डॉ. अखिलेश कुमार दुबे,** वरिष्ठ कृषि विज्ञानी, कृषि विज्ञान केंद्र, लखनऊ।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 727 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,750। |

## एमएसएमई को सार्वजनिक व निजी दोनों क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी होते देखना चाहता हूं: मित्तल

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने सोमवार को कहा कि छोटी, नवोन्वेषी कंपनियों के कुछ ''उत्कृष्ट'' उत्पाद बनाने के तथ्य पर गौर करते हुए वह एमएसएमई को न केवल सार्वजनिक क्षेत्र की निविदाओं के लिए बल्कि निजी क्षेत्र में भी प्रतिस्पर्धी होते देखना चाहते हैं। दूरसंचार विभाग के शीर्ष अधिकारी मित्तल ने कहा कि सरकार उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में सुधार करना चाहती है और नई, बेहतर योजना के लिए लघु, कुटीर एवं मझौले उद्यमों (एमएसएमई) से भी उनके विचार मांगे हैं।

# सेंसेक्स में जोरदार उछाल से निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी लिवाली और एशियाई बाजारों में तेजी के चलते बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत के उछाल के साथ सोमवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। दिन में कारोबार सेंसेक्स 1,309.55 अंक या 1.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,010.22 अंक तक पहुंचा था। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,08,556.11 करोड़ रुपये बढ़कर 3,77,20,679.19 करोड़ हो गया। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलांयस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बाजार में तेजी में इसका सबसे ज्यादा योगदान रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

## चीनी का उत्पादन 2023 24 सीजन में चार प्रतिशत कम होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में चीनी का उत्पादन 2023-24 सीजन (अक्टूबर-सितंबर) में सालाना आधार पर करीब चार प्रतिशत घटकर 3.16 करोड़ टन रहने का अनुमान है। चीनी व्यापार संगठन अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने सोमवार को अपना पहला उत्पादन अनुमान जारी करते हुए कहा कि 3.16 करोड़ टन के अनुमानित चीनी उत्पादन और 57 लाख टन के शुरुआती भंडार के साथ देश में चीनी की उपलब्धता 3.73 करोड़ टन होने की संभावना है। यह अनुमानित घरेलू खपत 2.9 करोड़ टन से अधिक है।

# सरकार तय कर सकती है वित्तीय संस्थानों से 70,000 करोड़ के लाभांश का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार अगले वित्त वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्तीय संस्थानों से लाभांश के तौर पर लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद कर रही है। चालू वित्त वर्ष में आरबीआई से मिले अच्छे लाभांश के बाद यह उम्मीद की जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में वित्तीय संस्थानों से लाभांश प्राप्त करने का जो लक्ष्य रखेंगी, वह चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 48,000 करोड़ रुपये से कहीं अधिक होगा। चालू वित्त वर्ष का अनुमान पहले ही बजट लक्ष्य से अधिक हो चुका है। इसका कारण आरबीआई का 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों का तिमाही वित्तीय परिणाम अच्छा रहा है। ऐसे में आने वाले वर्ष में उनकी तरफ से लाभांश भुगतान चालू वित्त वर्ष की तुलना में अधिक होगा। सूत्रों ने कहा कि इसीलिए, वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई और वित्तीय संस्थानों से लाभांश भुगतान के रूप में लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद करना उपयुक्त है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### प्रबीर, अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले में समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक और मुख्य संपादक प्रबीर पुरकायस्थ तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत सोमवार को बढ़ा दी। उन पर चीन के समर्थन में प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुरकायस्थ मामले में आरोपी हैं जबकि पूर्व सह-आरोपी चक्रवर्ती हाल में मामले में सरकारी गवाह बन गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत 17 फरवरी 2024 तक बढ़ा दी।

### तेजस्वी यादव को बयान दाखिल करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव को उनकी उस कथित टिप्पणी को वापस लेते हुए एक उपयुक्त बयान दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। न्यायमूर्ति ए.एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने तेजस्वी के पूर्व के हलफनामे को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा आपत्ति जताये जाने के बाद एक नया बयान दाखिल करने के लिए राजद नेता को एक हफ्ते का वक्त दिया है।

### 500 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-9 पर अंडरब्रिज गांव सिकन्दरपुर से एक कार में सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 501 ग्राम हेरोईन पकड़ने में सफलता हासिल की है। ब्यूरो इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 लाख 10 हजार रुपये आंक रहा है। आरोपियों के खिलाफ सदर थाना सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के सिरसा स्थित पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित, माता-पिता व शिक्षकों को दी सलाह

# अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अभिभावक अपना विजिटिंग कार्ड न मानें: नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अभिभावकों को अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड नहीं मानने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि दबाव से निपटने में बच्चों की मदद करने के लिए उनमें दृढ़ता पैदा करना महत्वपूर्ण है और माता-पिता व शिक्षकों को सामूहिक रूप से छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के उद्देश्य से मोदी ने छात्रों को दूसरों से नहीं बल्कि खुद से प्रतिस्पर्धा करने और अभिभावकों को अपने बच्चों में प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज ना बोने का भी सुझाव दिया।

अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा-हमारे बच्चों में दृढ़ता पैदा करना और दबावों से निपटने में उनकी मदद करना महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को हमेशा ऐसे दोस्त बनाने का सुझाव दिया जो अधिक बुद्धिमान हों और कड़ी मेहनत करते हों। उन्होंने कहा-आपको ऐसे दोस्तों से प्रेरित होना चाहिए। पढ़ाई और परीक्षा के दबाव को खुद पर हावी न होने दें। मोदी ने कहा कि भले ही प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां प्रेरणा के रूप में काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने कहा-बहुत से माता-पिता अपने बच्चों को दूसरे बच्चों का उदाहरण देते रहते हैं। माता-पिता को इन चीजों को करने से बचना चाहिए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। ● एजेंसी

# मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की परंपरा बंद हो : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। पीठ ने कहा-हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए।

- **सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल रोक लगाने का दिया निर्देश**



शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है।

### कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को उपयुक्त प्रशिक्षण दिलवाने को कहा

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने अग्रिम जमानत हासिल कर चुके एक व्यवसायी की पुलिस रिमांड को अदालत की घोर अवमानना करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह गुजरात उच्च न्यायालय को दंडाधिकारियों (मजिस्ट्रेट) को उपयुक्त प्रशिक्षण देने के लिए कहेगा। गुजरात के व्यवसायी की पुलिस रिमांड को लेकर अत्यधिक नाखुशी जाहिर करते हुए शीर्ष अदालत ने 10 जनवरी को व्यक्ति की अवमानना याचिका पर सूरत के कुछ पुलिस अधिकारियों और एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत को सूचित किया गया कि पिछले साल 8 दिसंबर को याचिकाकर्ता तुषारभाई रजनीकांतभाई शाह को अग्रिम जमानत दी गई थी।

## राकांपा विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिका पर निर्णय लेने की समयसीमा बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **फैसला करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दिया निर्देश**



उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जुड़े राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर फैसला करने के लिए राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को दी गई समयावधि सोमवार को 15 फरवरी तक बढ़ा दी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 30 अक्टूबर को राकांपा के शरद पवार गुट के नेता जयंत पाटिल की इस याचिका पर फैसला करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को 31 जनवरी तक का समय दिया था।

पाटिल की याचिका में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का हिस्सा बनने के लिए पाला बदलने वाले राकांपा विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने उसी दिन नार्वेकर को निर्देश दिया था कि वह शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से दाखिल उन याचिकाओं पर भी 31 दिसंबर तक फैसला करें जिनमें दोनों ने एक-दूसरे के विधायकों को सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इन दलीलों पर गौर किया कि याचिका पर आदेश पारित करने के लिए तीन और सप्ताह की आवश्यकता है। मेहता ने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं पर अध्यक्ष द्वारा हाल में पारित आदेश का उल्लेख किया और कहा कि प्रतिवादियों की जिरह अभी पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यह 31 जनवरी तक पूरी हो जाएगी तथा आदेश पारित करने के लिए तीन सप्ताह का समय और दिए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं के निपटारे में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि राकांपा के मामले में कार्यवाही वैसे समाप्त हो चुकी है और अध्यक्ष को आदेश लिखने के लिए वास्तव में कुछ और समय की आवश्यकता है।

## हिजाब पर विधायक के बयान पर बवाल, छात्राओं का प्रदर्शन

जयपुर, एजेंसी

जयपुर के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली मुस्लिम छात्राओं ने भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को सुभाष चौक पुलिस थाने के सामने प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि विधायक ने स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के हिजाब पहनने पर आपत्ति जताई थी।

कई स्कूली छात्राओं ने आज सुभाष चौक थाने के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया और स्थानीय भाजपा विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने विधायक से माफी मांगने और नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शनकारी छात्राओं ने संवाददाताओं से कहा-विधायक वार्षिक समारोह में भाग लेने के लिए हमारे स्कूल आए थे। हमने उनका स्वागत किया। हमें बताया गया कि हिजाब की अनुमति नहीं है। विधायक ने हमसे पूछा कि हिजाब पहने बच्चियां सांस कैसे लेती हैं। वहीं कांग्रेस विधायक रफीक खान ने इस मुद्दे को सदन में उठाने की भी कोशिश की थी।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण से संबंधित कानून की वैधता बरकरार रखी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण (एनएए) से संबंधित कानूनी प्रावधानों की वैधता को बरकरार रखा। यह फैसला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने फिलिप्स इंडिया, रेकिट बेंकिजर, जिलेट इंडिया और प्रॉक्टर एंड गैंबल होम प्रोडक्ट्स आदि सहित कई संस्थाओं की 100 से अधिक याचिकाओं वाले मामलों की सुनवाई के दौरान दिया था। अदालत ने कहा-हमने (सीजीएसटी अधिनियम की) धारा 171 के साथ-साथ 2017 के (सीजीएसटी) नियमों के नियम 122, 124, 126, 127, 129, 133 और 134 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है।

### नीतीश कुमार जल्द करेंगे मंत्रिमंडल का विस्तार

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने के एक दिन बाद विधानसभा अध्यक्ष पद और अन्य विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल करने के लिए जोरदार गोलबंदी शुरू हो गई है। कुमार ने विभागों के बंटवारे के लिए अपने नये मंत्रिमंडल की सोमवार को बुलाई गयी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद विभागों के बंटवारे को लेकर राजग के घटक दलों के नेता चुप्पी साधे रहे। कैबिनेट बैठक में रविवार को शपथ लेने वाले सभी आठ मंत्री शामिल हुए। नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य 6 विधायकों ने मंत्री के तौर पर रविवार को शपथ ली थी।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की साजिश : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कांग्रेस नेता ने यूजीसी का मसौदा दिशा-निर्देश को लेकर लगाया आरोप**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का मसौदा दिशानिर्देश उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करने की साजिश है।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, यूजीसी के नए मसौदे में उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को ख़त्म करने की साजिश हो रही है। आज 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में लगभग 7,000 आरक्षित पदों में से 3,000 रिक्त हैं, और जिनमें सिर्फ 7.1 प्रतिशत दलित, 1.6 प्रतिशत आदिवासी और 4.5 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के प्रोफेसर हैं। उन्होंने दावा किया-आरक्षण की समीक्षा तक की बात कर चुकी भाजपा-आरएसएस अब ऐसे उच्च शिक्षा संस्थानों में से वंचित वर्ग के हिस्से की नौकरियां छीनना चाहती है।

### अगर मोदी फिर जीते, तो भारत में आ सकती तानाशाही



**भुवनेश्वर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका है, क्योंकि अगर भारतीय जनता पार्टी फिर से जीतती है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तानाशाही की तरफ बढ़ सकते हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से दूरी बनाने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि वे जहर के समान हैं। खरगे ने कांग्रेस की सभा में कहा-यह भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए लोगों के पास आखिरी मौका होगा। अगर नरेन्द्र मोदी एक और चुनाव जीतते हैं, तो देश में तानाशाही होगी। भाजपा भारत में उसी तरह शासन करेगी जैसे पुतिन रूस में कर रहे हैं। खरगे ने भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार राज्यों और विपक्ष के नेताओं को डरा-धमका कर चल रही है।

# भारतीय टीम को इस्लामाबाद में राष्ट्र प्रमुख जैसी सुरक्षा

## 60 साल बाद पाकिस्तान में डेविस कप खेलने पहुंची है टीम, खिलाड़ियों की सुरक्षा में किए गए कड़े इंतजाम

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

डेविस कप मुकाबले के लिए करीब 60 साल में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गई भारतीय टेनिस टीम को इस्लामाबाद में राष्ट्र अध्यक्ष जैसी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खिलाड़ियों के लिए लागू सुरक्षा योजना के तहत एक बम निरोधक दस्ता हर सुबह इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच करेगा और यात्रा के दौरान भारतीय टीम दो एस्कॉर्ट वाहन की निगरानी में रहेगी। भारतीय खिलाड़ी ज्यादातर आयोजन स्थल और होटल तक ही सीमित रहेंगे।



पाकिस्तान रवाना होने से पहले भारतीय टेनिस खिलाड़ी और सहयोगी दल।

### 4-5 सुरक्षा घेरे में रहेगी भारतीय टीम

पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) के महासचिव कर्नल गुल रहमान ने कहा कि भारतीय टीम 60 साल के बाद पाकिस्तान आई है इसलिए हम अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। भारतीय टीम के चारों ओर सुरक्षा की चार से पांच परतें हैं। वह इस आयोजन के सुरक्षा प्रबंधक है। यात्रा के दौरान टीम के साथ रहेंगे। भारतीय दल रविवार रात इस्लामाबाद पहुंचा, जिसमें पांच खिलाड़ी, दो फिजियो और अखिल भारतीय टेनिस संघ के दो अधिकारी हैं।

### बम निरोधक दस्ता करेगा जांच, एस्कॉर्ट वाहन रहेंगे साथ


पीटीएफ महासचिव ने कहा कि यात्रा के समय एस्कॉर्ट वाहन टीम के साथ रहेंगे। टीम वीवीआईपी प्रवेश द्वार से होटल में प्रवेश करेगी, जो राज्य के प्रमुखों के लिए आरक्षित है। बम निरोधक दस्ते हर सुबह आयोजन स्थल की गहन जांच करेंगे और कार्यक्रम स्थल में किसी को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूरे मुकाबले के दौरान जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद एशिया के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां लगातार हवाई निगरानी हो रही है, शहर में लगभग 10,000 कैमरे लगे हैं। भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस काम में पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (पीएसबी), इस्लामाबाद पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और अन्य की टीमें सहयोग कर रहीं हैं।

### मेजबानी सम्मान की बात

पीटीएफ महासचिव ने कहा कि भारतीय टीम की मेजबानी करना न केवल पीटीएफ के लिए बल्कि पाकिस्तान के लिए भी सम्मान की बात है। हम खेल कूटनीति में विश्वास करते हैं। पाकिस्तान के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ियों में से एक अकील खान ने कहा कि भारतीय टीम अगर सहज है तो उसे शहर में घूमना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं और शहर नहीं देख सकते हैं तो रेस्त्रां में जाएं। वह उन्हें रात्रिभोज के लिए ले जाना चाहेंगे।

# मंदीप ने इंटरकॉन्टिनेंटल खिताब जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने वाशिंगटन के टॉप्पेनिश सिटी में गेरार्डो एसक्विवेल को हराकर अमेरिका की नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (एनबीए) का इंटरकॉन्टिनेंटल सुपर फेदरवेट खिताब जीता है। 30 साल के मंदीप ने अमेरिका के मुक्केबाज के खिलाफ शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा के लिए अपने पिछले 75 किलोग्राम भार वर्ग को छोड़कर कम भार वर्ग में उतरना पड़ा।

उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति की है, जिसने इस पूरी यात्रा में मेरा साथ दिया। इसमें कोच, परिवार, प्रशंसक और साथ खड़े रहने वाले शामिल हैं। वह यह खिताब अपने देश को समर्पित करते हैं। देश के लिए भविष्य में भी इसी तरह का सम्मान और खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगे। मंदीप जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया था। एसक्विवेल को हराने से पहले उन्होंने अपने छह मुकाबलों में से चार में नॉकआउट जीत दर्ज की है। उन्होंने अमेच्योर सर्किट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।

# जडेजा और राहुल के बाहर होने से भारत को झटका, सरफराज का इंतजार खत्म

## चोट के कारण विशाखापत्तनम में दो फरवरी से शुरू हो रहे मैच में नहीं खेल सकेंगे

**हैदराबाद, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और बल्लेबाज लोकेश राहुल विशाखापत्तनम में दो फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे मेजबान टीम को श्रृंखला के पहले टेस्ट में हार के बाद दोहरा झटका लगा है। जडेजा को रविवार को पहले टेस्ट के दौरान तेजी से रन लेते हुए पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी, जबकि राहुल ने जांघ में दर्द की शिकायत की है। राहुल को पिछले साल मई में आईपीएल के दौरान भी जांघ में चोट लगी थी और उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी, इस कारण वह चार महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।



### सौरभ और वाशिंगटन सुंदर भी टीम में शामिल

बीसीसीआई ने कहा कि चयन समिति ने मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान, स्पिनर सौरभ कुमार और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाने वाले सरफराज को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने हाल में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन किया था। विराट कोहली निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध हैं, जबकि जडेजा और राहुल की चोट ने भारत की मुसीबत बढ़ा दी है।

### रजत पाटीदार के खेलने की संभावना ज्यादा

सरफराज टीम में जगह पाने के हकदार हैं लेकिन विशाखापत्तम में रजत पाटीदार के पदार्पण करने की संभावना अधिक है जो पहले ही भारत की 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। अहमदाबाद में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ गुरुवार से होने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले के लिए वाशिंगटन सुंदर के विकल्प के तौर पर सारांश जैन को भारत ए टीम में शामिल किया गया है। आवेश खान मध्य प्रदेश की अपनी रणजी टीम के साथ रहेंगे और जरूरत पड़ने पर टेस्ट टीम से जुड़ेंगे।

### पहले टेस्ट में राहुल और जडेजा ने किया था प्रभावी प्रदर्शन

पहले टेस्ट में राहुल और जडेजा दोनों ने प्रभावी प्रदर्शन किया था लेकिन बाद में इंग्लैंड ने वापसी करते हुए 28 रन की जीत के साथ शृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। जडेजा ने पांच विकेट चटकाने के अलावा पहली पारी में 87 रन बनाए, जबकि राहुल ने 86 रन की पारी खेली। जडेजा की ऑलराउंड क्षमता टीम के लिए काफी अहम है। अपने चार टेस्ट के करियर के दौरान प्रभावित करने वाले ऑफ स्पिनर वाशिंगटन अंतिम एकादश में जडेजा की जगह ले सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एशिया कप में चोट के बाद वापसी करते हुए राहुल ने एकदिवसीय और टेस्ट प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया।

### दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर और सौरभ कुमार।

# ओली पोप के रास्ते में आने पर जसप्रीत बुमराह को फटकार

**दुबई, एजेंसी**

जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट के दौरान रन लेते समय इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के रास्ते में आने और अनुचित शारीरिक संपर्क के कारण फटकार और एक डिमेरिट अंक दिया गया है। बुमराह का अपराध आईसीसी आचार संहिता के तहत लेवल एक का है। 24 महीने में यह उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने कहा कि यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर में हुई जब बुमराह जान बूझकर ओली पोप के रास्ते में आ गए जब वह रन ले रहे थे, जिससे अनुचित शारीरिक संपर्क भी हुआ।

**आईसीसी ने रन लेते समय बीच में आने पर एक डिमेरिट अंक भी दिया**



बुमराह को आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया। बुमराह ने सजा स्वीकार कर ली, जिससे मामले की औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायरों पॉल रीफेल और क्रिस गाफानी, तीसरे अंपायर मराइस इरास्मस और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने बुमराह पर आरोप लगाया था।

### भारत डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में पांचवें पायदान पर पहुंचा

दुबई। इंग्लैंड से मिली 28 रनों की हार के बाद भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में तीन स्थान नीचे खिसक कर पांचवें पायदान पर पहुंच गया है। भारत पहले तालिका में दूसरे स्थान पर था। इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद भारत तालिका में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश से नीचे चला गया है। ऑस्ट्रेलिया तालिका में शीर्ष पर है। दक्षिण अफ्रीका को केपटाउन टेस्ट में दो दिन के भीतर हराने के बाद भारत कुछ समय के लिए तालिका में शीर्ष पर भी था लेकिन इसके ठीक दो दिन बाद ही पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्वीप किया और वह पहले स्थान पर पहुंच गया। हालांकि भारत को हराने के बावजूद इंग्लैंड भी तालिका में एक पायदान नीचे खिसक गया। इसकी वजह गाबा में ऑस्ट्रेलिया पर वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत रही। वेस्टइंडीज अब तालिका में सातवें स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड आठवें पायदान पर है।

**अंक तालिका में भारत से ऊपर दक्षिण अफ्रीका न्यूजीलैंड और बांग्लादेश**

## खेल डायरी

### अविनाश साबले और पारुल अमेरिका में लेंगे प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने एशियाई खेलों के पदक विजेता लंबी दूरी के धावक अविनाश साबले और पारुल चौधरी के अमेरिका के कोलोराडो में प्रशिक्षण के अनुरोध को सोमवार को मंजूरी दे दी। सरकार ने इसके साथ ही पहलवान अंशु मलिक को जापान और और सरिता मोर अमेरिका में प्रशिक्षण के लिए भी हामी भर दी है। साबले और पारूल कोच स्कॉट सिमंस की देख रेख में कोलोराडो स्प्रिंग्स में उच्च ऊंचाई वाले केंद्र में अभ्यास करेंगे। सरिता अमेरिका में अभ्यास करेंगी। टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन भी मंत्रालय के खर्च पर कोच किउ जियान की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जापान के ओसाका जाएंगे। मंत्रालय ने इसके साथ ही भारतीय पैरा-तीरंदाज शीतल देवी, सरिता और राकेश कुमार के लिए धनुष, तीर, साइट स्केल सहित अन्य उपकरणों की खरीद के अनुरोध के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी।

### क्रिकेटरों के पास शराब मिलने की होगी जांच

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) ने चंडीगढ़ से राजकोट वापस जाते हुए अपने अंडर-23 क्रिकेटरों के पास से शराब की बोतलें बरामद होने के बाद सोमवार को जांच शुरू करने का फैसला किया। यह घटना 25 जनवरी को सीके नायडू ट्रॉफी में मेजबान चंडीगढ़ पर सौराष्ट्र की जीत के बाद हुई। क्रिकेटरों को जिस विमान में चढ़ना था उसके कार्गो क्षेत्र में बड़ी मात्रा में शराब पाई गई। बाद में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर अधिकारियों ने शराब जब्त कर ली।

### सैफ चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच सुक्ला दत्ता ने सोमवार को बांग्लादेश के ढाका में दो से आठ फरवरी तक होने वाली सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। भारतीय टीम मंगलवार को बांग्लादेश रवाना होगी। सभी मुकाबले ढाका के मुस्तफा कमाल स्टेडियम में खेले जाएंगे। वर्ष 2021 की उपविजेता रही भारतीय टीम दो फरवरी को भूटान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

### चेन्नई करेगा रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग की मेजबानी

नई दिल्ली। रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग का तीसरा संस्करण 15 फरवरी से चेन्नई में खेला जाएगा, जिसमें ट्राफी के लिए नौ टीमें एक दूसरे का मुकाबला करेंगी। अहमदाबाद डिफेंडर्स, बेंगलुरु टॉरपीडो, कालीकट हीरोज, चेन्नई ब्लिट्ज, दिल्ली तूफान्स, हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स, कोलकाता थंडरबोल्ट्स और मुंबई मेटियर्स के बीच कड़ी जंग होने के आसार हैं, जबकि फाइनल मुकाबला एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में 21 मार्च को खेला जाएगा।

### गुकेश दूसरे स्थान पर रहे, मेंडोंका ने खिताब जीता

**विज्क आन जी (नीदरलैंड्स)।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश चीन के वेई यी से अंतिम टाई-ब्रेकर में हारने के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय ग्रैंडमास्टर लियोन ल्यूक मेंडोंका ने अंतिम दौर में हमवतन दिव्या देशमुख को हराकर चैलेंजर्स वर्ग का खिताब अपने नाम किया। यह गुकेश के लिए मुश्किल दिन रहा। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें 13वें गेम में ईरान के परहम माघसूदलू के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद पिछले साल के विजेता अनीश गिरी के खिलाफ तीन टाई-ब्रेक गेम में बेहतर साबित होना था। उन्होंने इन दोनों खिलाड़ियों को शिकस्त देने के बाद



खिताबी मैच में वेई यी के साथ पहला मुकाबला ड्रा खेला। चीन के खिलाड़ी ने अगले मुकाबले को जीतकर खिताब अपने नाम किया। वहीं मेंडोंका ने आखिरी चरण के मुश्किल मैच में दिव्या को हराया। यह मुकाबला बराबरी पर चल रहा था लेकिन दिव्या की एक चूक का फायदा उठा कर मेंडोंका ने शानदार जीत दर्ज की।

# सोनम मासकर ने आईएसएसएफ विश्व कप में जीता रजत पदक

**काहिरा, एजेंसी**

पहली बार आईएसएसएफ विश्व कप खेल रही सोनम मासकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया।

सोनम ने आठ महिलाओं के फाइनल में 252.1 स्कोर किया। वह जर्मनी की अन्ना जांस्सेन से 0.9 अंक पीछे रही। पोलैंड की अनेता स्टानकीविच को कांस्य पदक मिला। इससे पहले दिव्यांश सिंह पंवार ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

**निशानेबाजी विश्वकप में पदार्पण करते हुए किया कमाल**



विश्व कप में भारत दो स्वर्ण और तीन रजत के साथ शीर्ष पर है। सोनम ने 633.1 और नैंसी ने 632.7 के स्कोर के साथ पांचवां और चौथा स्थान लेकर फाइनल में प्रवेश किया था।

# भारत जमैका को रौंदकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचा

**मस्कट, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम सोमवार को एफआईएच हॉकी-5 एस पुरुष विश्वकप के तीसरे और अंतिम पूल बी मैच में जमैका को 13-0 से रौंदकर टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है।

मुकाबले में भारत ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे ही मिनट में मनिंदर सिंह ने दो गोल दाग दिए। इसके बाद उत्तम सिंह और मंजीत ने भी एक-एक गोल किया। पहले छह मिनट में भारत ने 4-0 का स्कोर कर मैच पर मजबूत बढ़त बना ली। भारत ने लगातार हमला करके जमैका पर दबाव बनाए रखा और ब्रेक तक स्कोर 6-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी आक्रामक रणनीति बनाए रखी। इस दौरान मोहम्मद राहील, मनदीप मोर, मंजीत और मनिंदर सिंह ने गोल कर स्कोर 13-0 कर दिया।

**एफआईएच हॉकी विश्वकप**

# उप्र ने 41 बार की चैंपियन मुंबई को हराया

**मुंबई, एजेंसी**

आर्यन जुयाल के 76 और करण शर्मा के नाबाद 67 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने सोमवार ग्रुप बी के रोमांचक रणजी ट्रॉफी मुकाबले में 41 बार के चैंपियन मुंबई को दो विकेट से हरा दिया। 195 रनों का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत खराब रही और 16 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बाद आर्यन जुयाल एक छोर मजबूती से थामे खड़े रहे। जुयाल और करण ने तीसरे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। जुयाल को 34वें ओवर में कोटियान ने पगबाधा आउट किया। उन्होंने अपनी 76 रनों की पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। अक्षदीप नाथ 28 रन बनाकर आउट हुए। 6 बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके। वहीं करण शर्मा ने नाबाद 67 रनों की पारी से 69.5 ओवर में 8 विकेट पर 195 का स्कोर बनाते हुए दो विकेट से जीत दिला दी।

**उत्तर प्रदेश के आर्यन जुयाल और करण शर्मा ने खेली अर्धशतकीय पारी**

### मुंबई के तनुश ने चटकाए 5 विकेट

मुंबई के लिए तनुश कोटियन ने 5 विकेट चटकाए। शम्स मुलानी, रॉयस्टन डायस और मोहित अवस्थी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अंतिम दिन मुंबई की टीम दूसरी पारी में 8 विकेट पर 303 रन से आगे खेलते हुए 320 रन पर सिमट गई थी। उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में 324 रन बनाए थे। मुंबई पहली पारी में 198 रन ही बना सकी थी।

# बॉलीवुड हलचल

## मुनव्वर फारुकी बनें बिग बॉस17 के विनर

सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 17 में स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी विजेता बन गए हैं। सलमान खान ने बिग बॉस 17 के विनर का एलान मुनव्वर फारुकी के रूप में किया। मुनव्वर फारुकी को बिग बॉस की ट्रॉफी के अलावा इनाम में 50 लाख रुपये की प्राइज मनी और एसयूवी कार भी मिली है। मुनव्वर फारुकी ने फिनाले में अंकिता लोखंडे, मन्नारा चोपड़ा, अरुण माशेट्टी और अभिषेक कुमार जैसे मजबूत दावेदारों को हराया। अभिषेक कुमार इस शो के रनरअप बने हैं।





### नोरा फतेही का म्यूजिक वीडियो आई एम बॉसी रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही का म्यूजिक वीडियो आई एम बॉसी रिलीज हो गया है। इस म्यूजिक वीडियो की कोरियोग्राफी जोजो गोमेज ने की है। इसमें नोरा फतेही ने अपने शानदार डांस कौशल का प्रदर्शन किया है। फैंस इस गाने के ऑडियो रिलीज के बाद से वीडियो का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

### 22 मार्च को रिलीज होगी पंजाबी फिल्म मजनू

पंजाबी फिल्म मजनू 22 मार्च को रिलीज होगी। इसमें गुरमीत सिंह ने संगीत दिया है। हशमत सुल्ताना, कमाल खान, नछत्तर गिल, जैस्मिन अख्तर, सिमरन भारद्वाज और शाहिद माल्या ने गाने गाए हैं। तिलोक कोठारी द्वारा निर्मित एवं सुजाद इकबाल खान द्वारा निर्देशित फिल्म मजनू में प्रीत बाठ, किरण शेरगिल, सब्बी सूरी, निर्मल ऋषि, गुरप्रीत भंगू, मलकीत रौनी, शिवेंद्र महल, जुगनू शर्मा और बब्बर गिल सहित कई कलाकार हैं। सह निर्माता जुगनू शर्मा हैं, लेखक सभा वर्मा हैं।

## रणबीर-आलिया को सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार

रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर अवार्ड मिला। 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड समारोह गुजरात के गांधी नगर में संपन्न हुआ। फिल्म एनिमल के लिए रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, जबकि आलिया भट्ट को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। फिल्म 12 वीं फेल को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया। विधु विनोद चोपड़ा को 12वीं फेल के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विक्की कौशल को फिल्म डंकी के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला, जबकि शबाना आजमी को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में सपोर्टिंग रोल के लिए अवॉर्ड मिला। बेस्ट प्लेबैक (मेल) का अवॉर्ड अर्जन वैली के लिए भूपिंदर बब्बल को मिला। बेस्ट प्लेबैक (फीमेल) का अवॉर्ड बेशरम रंग के लिए शिल्पा राव को दिया गया। बेस्ट म्यूजिक एल्बम का अवॉर्ड एनिमल के लिए प्रीतम, विशाल मिश्रा, मनन भारद्वाज, श्रेयस पुराणिक, जानी, भूपिंदर बब्बल, आशिम केमसन, हर्षवर्द्धन रामेश्वर और गुरिंदर सीगल को मिला। बेस्ट डायलॉग का अवॉर्ड रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए इशिता मोइत्रा ने जीता। बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स) का अवॉर्ड मनोज वाजपेयी की फिल्म जोरम को मिला। विक्रांत मेस्सी को बेस्ट एक्टर मेल (क्रिटिक) का अवार्ड दिया गया। रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्टर फीमेल (क्रिटिक) दिया गया। बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का अवॉर्ड तरुण डुडेजा को धक धक के लिए मिला।



## माता सीता की भूमिका निभाकर रोमांचित हैं प्राची



सोनी टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायण में माता सीता की भूमिका निभाकर प्राची बंसल रोमांचित है। इसमें भगवान राम की कालजयी यात्रा को दर्शाया गया है। शो में मर्यादा पुरुषोत्तम राम का किरदार सुजय रेऊ, जबकि माता सीता का किरदार प्राची बंसल ने निभाया है। प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता की भूमिका के लिए कई ऑडिशन और मॉक शूट के बाद, जैसे ही मुझे पता चला कि यह भूमिका मिल गई है, आंखों में आंसू आ गए। यह सब काफी स्वप्निल लग रहा था। बाल, मेकअप और पोशाक के लिए लुक को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हमने कई लुक टेस्ट किए, हर लुक पर 10-12 घंटे खर्च किए। लगभग 8-10 टेस्ट्स के बाद, हम वर्तमान स्वरूप पर सहमत हो गए।

### व्हाट द हेल नव्या का नया सीजन फरवरी में

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नाती नव्या नवेली नंदा के शो व्हाट द हेल नव्या के दूसरे सीजन का टेलर रिलीज कर दिया गया है। अमिताभ बच्चन की नाती और श्वेता बच्चन की बेटी नव्या नवेली नंदा जल्द अपने शो व्हाट द हेल नव्या के दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रही हैं। इस पॉडकास्ट में नव्या अपनी मां श्वेता बच्चन और नानी जया बच्चन के साथ दिखाई देने वाली हैं। इंस्टाग्राम पर नव्या ने अपने अपकमिंग पॉडकास्ट का ट्रेलर शेयर किया है। इस वीडियो की शुरुआत में देखा जा सकता है कि नव्या अपनी नानी जया से कहती हैं कि क्या आप जानती हैं कि जया-इंग नाम का एक शब्द है। इसके बाद नव्या जवाब देते वक्त जोर से हंसती हैं और कहती हैं ओहह। इसके आगे जया ने नव्या से कहा कि तुम लोग बात-बात में बहुत गालियां देती हो। इसके बाद नव्या ने श्वेता से बात की और कहा कि वह आपका सेंस ऑफ ह्यूमर समझ गई हैं। इसके जवाब में श्वेता कहती हैं नहीं आप मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर नहीं समझ सकतीं। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 एक फरवरी से साप्ताहिक स्ट्रीम होगा।

### कुछ खट्टा हो जाए से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे गुरु रंधावा



जानेमाने गायक गुरु रंधावा फिल्म कुछ खट्टा हो जाए के साथ बॉलीवुड में बतौर अभिनेता डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म में गुरु रंधावा और सई एम मांजरेकर मुख्य भूमिका में हैं। इसमें अनुपम खेर और इला अरुण भी हैं। यह पारिवारिक कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन जी अशोक ने किया है, अमित और लवीना भाटिया द्वारा यह निर्मित है। कुछ खट्टा हो जाए 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## जॉर्डनः हमले में मारे गए सैनिकों की मौत का जवाब देंगे : बाइडन

**कोलंबिया (अमेरिका)।** अमेरिका और ईरान के बीच एक बार तल्खियां बढ़ गई हैं। इसकी एक बढ़ी वजह बीती रात जॉर्डन में अमेरिकी सैनिकों पर ईरान समर्थित समूहों द्वारा किया गया ड्रोन हमला है।



इस हमले में अमेरिका के तीन सैनिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जॉर्डन में हुए हमले का बदला लेने की बात कही है। हालांकि, ईरान ने अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हुए हमले में अपनी भूमिका से इनकार कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने एक बयान में कहा कि तेहरान इस हमले में शामिल नहीं था। हमारा इस हमले से कोई संबंध नहीं है। इस क्षेत्र में अमेरिकी बलों और प्रतिरोध समूहों के बीच संघर्ष है।

## एलएसी पर एक साल से नहीं हुआ संघर्ष, सेना की मजबूत तैनाती

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ सेना प्रमुख बोले- दूसरे पक्ष के साथ हमारी सैन्य राजनयिक स्तर की वार्ता जारी

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति स्थिर और संवेदनशील बनी हुई है। बीते एक साल में एलएसी के आसपास और अधिक टकराव के बिंदु नहीं देखे गए हैं। उन्होंने कहा, 'दूसरे पक्ष के साथ हमारी सैन्य और राजनयिक स्तर की वार्ता जारी है। हमें उम्मीद है कि हम दो बचे हुए मुद्दों का समाधान ढूंढ लेंगे। हमने मजबूत और संतुलित तैनाती की हुई है।'

जनरल पांडे ने कहा, 'पहला, हमारे अधिकारियों, जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ) के पास रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का ज्ञान है, जो असल में इलाके में उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। दूसरा, हमारे पास अकादमिक विशेषज्ञ हैं, जो 'ए' श्रेणी के प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में काम करते हैं। तीसरा, हमारे पास नागरिक सुरक्षा कार्यबल है, जो हमारी कार्यशालाओं और हमारी विनिर्माण इकाइयों में काम करता है। इन तीनों रास्तों के जरिए हम नवाचार की क्षमता का लाभ उठाना चाहते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब हम जरूरत की पहचान कर लेते हैं और इन मार्गों के जरिए प्रस्ताव सामने आते हैं, तो सेना का डिजाइन ब्यूरो जांच करता है।' जनरल पांडे ने कहा, हाल ही में 'विद्युत रक्षक' नाम से एक परियोजना शुरू की गई है। इसके तहत हमने विक्रेताओं में से एक को नवाचार (इनोवेशन) और तकनीकी (टेक्नोलॉजी) का हस्तांतरण किया है।

## द. सूडानः बंदूकधारियों और ग्रामीणों के बीच झड़प, 52 की मौत

**जुबा।** सूडान और दक्षिण सूडान दोनों के दावे वाले तेल समृद्ध क्षेत्र अबेई में बंदूकधारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र शांतिदूत सहित 52 लोग मारे गए और 64 घायल हुए हैं। वर्तमान में अबेई क्षेत्र दक्षिण सूडान के नियंत्रण में है।

स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि शनिवार शाम को बंदूकधारियों ने हमला किया। अभी हमले की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन भूमि विवाद से जुड़े होने का संदेह है। अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल (यूएनआईएफएसए) ने हिंसा की निंदा की है। हिंसा में अपने एक शांतिदूत की मौत की पुष्टि की और कहा कि सांप्रदायिक हिंसा के कारण कई लोग हताहत हुए हैं। बयान में कहा गया है कि अगोक में यूएनआईएफएसए बेस पर सशस्त्र समूह ने हमला किया।


## लिसा मिशनः ब्रह्मांड की घटनाओं को उजागर करेंगे नासा-इसा

▸▸ मिशन 2035 में लॉन्च किए जाने की बन रही योजना, बड़ी घटनाओं को उजागर करने में सक्षम

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड अदृश्य शक्ति गुरुत्वाकर्षण तरंग की पहचान करने दुनिया की सबसे बड़ी दो स्पेस एजेंसिया एकजुट होने जा रही हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा व यूरोपियन अंतरिक्ष एजेन्सी इसा ने इस मिशन को लिसा डिटेक्टर नाम दिया है।

यह मिशन ब्रह्मांड की बड़ी घटनाओं जो उजागर करने में सक्षम होगा। लिसा मिशन को 2035 में लॉन्च किए जाने की योजना है। गुरुत्वाकर्षण वह अदृश्य ताकत है, जिसके प्रभाव से ब्रह्मांड की कोई भी वस्तु अछूती नही है। सुपरनोवा विस्फोट, हाइपर-घने सितारों और तारकीय-द्रव्यमान वाले ब्लैक होल विलय की ब्रह्मांडीय घटनाओं में गुरुत्वाकर्षण की बड़ी भूमिका होती है। जिसके चलते नासा व इसा ने संयुक्त मिशन तैयार किया है।



नासा व इसा का मिशन लिसा का डिजाइन।

मिशन का डिजाइन तैयार हो चुका है और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी व नासा ने इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है। योजना के उपकरण डिटेक्टर में 2.5 मिलियन किलोमीटर की दूरी पर तैरते तीन अंतरिक्ष यान शामिल होंगे, जो लेजर प्रकाश का एक त्रिकोण बनाएंगे। इससे न्यूट्रॉन सितारों और ब्लैक होल के ब्रह्मांड की विकृतियों का पता लग सकेगा। अंतरिक्षयान में इंटरफेरोमीटर उपकरण मौजूद रहेगा।

लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल-वेव ऑब्जर्वेटरी से इस मिशन को जोड़ा जाएगा। इस वेदशाला ने पहली बार 2015 में गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाया था। नासा के अनुसार यह मिशन बड़े पैमाने में लाखों गुना वृद्धि व कम-आवृत्ति गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने में सक्षम होगा और दुर्गम ब्रह्मांडीय दुर्घटनाओं का पता लगाएगा।

### इस मिशन से खुलेंगे ग्रेविटी के कई अंजान रहस्य

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वैज्ञानिक डा वीरेंद्र यादव का कहना है कि नई तकनीक जैसे जैसे विकसित हो रही हैं, वैसे वैसे ब्रह्मांड के रहस्य भी उजागर हो रहे हैं। ग्रेविटी अदृश्य होने के कारण संभव है कि इसके भीतर और भी रहस्य छिपे हो सकते हैं। जिनका पता लगाने में यह मिशन महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

### एक नजर

#### जम्मू-कश्मीरः गुलमर्ग समेत कई पहाड़ी हिस्सों में हुई बर्फबारी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में बर्फबारी को दौर शुरू हुआ है। फोटो गुलमर्ग की है, जहां इस साल की पहली बर्फबारी हुई है। पिछले कई दिनों से बर्फबारी का इंतजार कर रहे पर्यटकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गुलमर्ग के अलावा तनमर्ग, गुरेज, सोनमर्ग और कुपवाड़ा सहित कई स्थानों पर पर्यटक बर्फ गिरने का आनंद लेने पहुंचे। बर्फबारी के कारण कई शहरों का पारा भी गिर गया है। पहलगाम में माइनस 0.8 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में माइनस 0.6 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

#### चीन कर सकता है ताइवान के खिलाफ शक्ति प्रदर्शनः अमेरिका

**ताइपे।** प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य कमांडर ने कहा चीन अपने हालिया चुनावों के बाद ताइवान के खिलाफ अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सकता है। ताइवान मीडिया के अनुसार यह जानकारी दी गई। 26 जनवरी को हवाई के होनोलूलू में आयोजित पैसिफिक फोरम में यूएस इंडो-पैसिफिक कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो मुख्य वक्ता थे। उन्होंने ने कहा कि अमेरिका 13 जनवरी को राष्ट्रपति चुनाव के बाद ताइवान के खिलाफ चल रहे अभियान की निगरानी कर रहा है।

## मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव

### मालदीवः राष्ट्रपति की बढ़ीं मुश्किलें, विपक्षी दलों ने प्रस्ताव पेश की बनाई योजना

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब मालदीव की संसद में सबसे बड़ी मुख्य विपक्षी पार्टी एमडीपी, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है। जिसके बाद मुइज्जू की सरकार गिरने की आशंका है।

चीन समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के सदस्यों से मतभेदों को लेकर सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच रविवार को संसद में झड़प होने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। दरअसल, मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स संसदीय समूह ने मतदान से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया था। सत्तारूढ़ पार्टी प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीपीएम/पीएनसी) के सरकार समर्थक गठबंधन ने संसदीय बैठक में बाधा डालते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जिसके बाद हंगामा हो गया। स्थानीय मीडिया ने एमडीपी के एक विधायक के हवाले से कहा कि एमडीपी ने डेमोक्रेट के साथ साझेदारी में महाभियोग प्रस्ताव के लिए पर्याप्त हस्ताक्षर एकत्र कर लिए हैं।

हालांकि, उन्होंने अभी तक इसे जमा नहीं किया है। 17 नवंबर को मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद, मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस लेने का अनुरोध किया, उन्होंने कहा कि मालदीव के लोगों ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए "मजबूत जनादेश दिया है। 87 सदस्य वाली मासदीव की संसद ने महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करना आसान बनाने के लिए हाल ही में अपने स्थायी आदेशों में संशोधन किया था।

एमडीपी और डेमोक्रेट्स के पास कुल मिलाकर 56 सांसद हैं और एमडीपी के 43 सांसद और डेमोक्रेट के 13 सांसद हैं। सन डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, संविधान में संसद के स्थायी आदेशों के साथ राष्ट्रपति पर 56 वोटों के साथ महाभियोग चलाया जा सकता है।

### विपक्षी पार्टी एमडीपी ने कहा- सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को एमडीपी की संसदीय समूह की बैठक में महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। 45 वर्षीय मुइज्जू ने पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारत समर्थित उम्मीदवार इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। एमडीपी के संसदीय समूह की सोमवार बैठक हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का फैसला किया गया। बता दें कि माले की संसद में कुल 87 सदस्य हैं। संसद ने हाल ही में महाभियोग प्रस्ताव को आसानी से सौंपने के लिए अपने स्थायी आदेशों में संशोधन किया था। एमडीपी डेमोक्रेट के मिलाकर 56 सांसद हैं। इनमें 43 सांसद एमडीपी और 13 डेमोक्रेट के हैं। संविधान और संसद के स्थायी आदेशों के मुताबिक, 56 मतों के साथ राष्ट्रपति के खिलाफ लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि पिछली साल दिसंबर मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन की यात्रा की थी, इस लिए मुइज्जू को चीन समर्थित कहा जाता है, लेकिन विपक्ष को ये सब रास नहीं आ रहा है।

## तमिलनाडु पुलिस ने दायर किया हलफनामा

राम मंदिर कार्यक्रम प्रसारण मामला

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रसारण पर कथित रोक के मामले में पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। अपने हलफनामे में तमिलनाडु पुलिस के डीजीपी ने कहा है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर राज्य के कई मंदिरों में लाइव प्रसारण हुआ था।

पुलिस ने हलफनामे में तमिलनाडु भाजपा के दावों को भी गलत बताया और कहा कि सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने को कोशिश की गई, लेकिन ये गलत है। डीजीपी ने बताया कि 'लाइव प्रसारण के साथ ही राज्य के कई मंदिरों में पूजा-अर्चना भी हुई थी और उस दौरान पुलिस या राज्य सरकार द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया था। ये जो आरोप है कि तमिलनाडु के सीएम ने मौखिक तौर पर कार्यक्रम के प्रसारण पर रोक लगाई थी, यह आरोप पूरी तरह से गलत और आधारहीन है। तमिलनाडु पुलिस ने बताया कि भाजपा के प्रदेश सचिव विनोज पी सेल्वम ने सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने की कोशिश की, जो कि निंदनीय है।

## झगड़े की जड़ बने केस की सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ कलकत्ता हाई कोर्ट के दो जजों में आदेश को लेकर हुआ था विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में एमबीबीएस की पढ़ाई में दाखिले के लिए कथित फर्जी जाति प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के आरोपों की सीबीआई जांच कराने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट की खंडपीठ-एकल पीठ आदेश विवाद के बाद स्वतः संज्ञान सुनवाई करते हुए संबंधित मामलों को सोमवार को अपने पास स्थानांतरित कर लिया।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ ने बंगाल सरकार को राज्य में एमबीबीएस प्रवेश के लिए उपयोग किए जाने वाले कथित फर्जी अनुसूचित (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाणपत्रों के संबंध में राज्य पुलिस द्वारा शुरू की गई जांच की स्थिति विवरण दाखिल करने का निर्देश दिया। दरअसल पश्चिम बंगाल में मेडिकल कॉलेज एडमिशन में आरक्षित वर्ग में एडमिशन के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया था। इस पर कोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का निर्देश दिया था। हालांकि कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच के जज सोमेन सेन ने जज गंगोपाध्याय के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद जज गंगोपाध्याय ने जज सोमेन सेन पर एक राजनीतिक पार्टी का पक्ष लेने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट से दखल की अपील की थी।

### नायडू की अग्रिम जमानत को चुनौती वाली याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी। याचिका में सरकार ने तेदेपा चीफ और पूर्व सीएम चंद्रबाबू की अग्रिम जमानत को चुनौती दी थी। चंद्रबाबू को अमरावती इनर रिंग रोड घोटाले मामले में अग्रिम जमानत मिली थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें हाईकोर्ट के 10 जनवरी को चंद्रबाबू नायडू को राहत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## महिलाओं की वैवाहिक उम्र 18 से 21 साल करने वाले लंबित बिल पर मई तक अंतिम रूप देगी समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ चार माह का विस्तार मिला, जून 2021 को लोकसभा में किया गया था पेश

संसद की एक स्थायी समिति को अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए चार महीने का विस्तार (एक्सटेंशन) दिया गया है। समिति महिलाओं की शादी की आयु 18 से बढ़ाकर 21 साल करने की मांग करने वाले विधेयक पर विचार कर रही है। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू होने वाला है। आगामी आम चुनाव से पहले 17वीं लोकसभा का यह अंतिम सत्र है।


समिति अब चार महीने के विस्तार के बाद मई तक अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगी। जबकि, मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 लोकसभा में पेश किया गया था। तबसे वह वहां लंबित है। जबकि, सदन का कार्यकाल जून में खत्म हो जाएगा।



लोकसभा में पेश किए गए या वहां लंबित विधेयक मौजूदा लोकसभा के भंग हो जाने के बाद खत्म हो जाएंगे। जारी बुलेटिन में बताया गया कि राज्यसभा के सभापति ने बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 की जांच के लिए संसद की स्थायी समिति को 24 जनवरी, 2024 से चार महीने की अवधि के लिए विस्तार दिया है। समिति को पहले भी अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए विस्तार दिया गया था।

इस विधेयक को दिसंबर 2021 में लोकसभा में पेश किया गया था। इसके बाद इसे शिक्षा, महिला, बच्चों, युवाओं और खेलों की स्थायी समिति के पास भेजा गया था। यह समिति राज्यसभा सचिवालय के तहत काम करती है। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने जांच के लिए विधेयक को लोकसभा अध्यक्ष से स्थायी समिति के पास भेजने का अनुरोध किया था। ईरानी ने सदन को बताया था कि सरकार पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता लाने की कोशिश कर रही है।

### बीटिंग रिट्रीट...





**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान रायसीना हिल्स पर सामूहिक बैंड के शंखनाद से लेकर नौसेना के मधुर मिशन चंद्रयान की धुनें गूंजती रहीं। विजय चौक पर आयोजित यह भव्य कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है। आम जनता भी इस शानदार समारोह को देखने पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी। ● एजेंसी

## अरब सागर में ईरानी पोत हाईजैक भारतीय नौसेना ने छुड़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

अरब सागर में एक बार फिर समुद्री लुटेरों ने एक जहाज को निशाना बनाया। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक, कोच्चि से पश्चिम में करीब 700 नॉटिकल मील की दूरी पर ईरान के एक मछली पकड़ने वाले जहाज को सोमालियाई लुटेरों ने हाईजैक कर लिया। हालांकि, इस घटना के बाद भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोत को जहाज के रेस्क्यू में लगाया और इसे लुटेरों के कब्जे से छुड़ा लिया।

अफसरों ने बताया कि ईरान के इस जहाज का नाम एमवी इमान है और इसमें 17 क्रू सदस्य सवार थे। भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने इसमें सवार लोगों को बचाने का अभियान शुरू किया। देखते ही देखते युद्धपोत में मौजूद ध्रुव चॉपर्स ने ईरानी जहाज को घेर लिया और इसे चेतावनी जारी कीं। इसके बाद सोमालियाई लुटेरों को हथियार फेंकने और सोमालिया की तरफ जाने को कहा गया।



▸▸ भारत ने युद्धपोत भेजकर सवार 17 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचाया

इसके बाद नौसेना ने जहाज में सवार सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता विवेक मधवाल ने कहा कि भारत का युद्धपोत सोमालिया के पूर्वी तट और अदन खाड़ी में एंटी-पाइरेसी मिशन में शामिल था। इसे ईरानी जहाज की तरफ से हाईजैकिंग का सिग्नल मिला। इसमें कहा गया कि जहाज पर लुटेरों ने कब्जा कर लिया है और क्रू को बंधक बना लिया गया है।

## ईरानः मोसाद के लिए काम करने वाले चार दोषियों को मृत्युदंड

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार तड़के में चार लोगों को फांसी दे दी। इन चारों को ईरानी डिफेंस साइट को नष्ट करने की योजना में इजराइल के लिए जासूसी करने का दोषी पाया गया था।

न्यायपालिका के अनुसार, मोहम्मद फरमरजी, मोहसिन मजलूम, वफा अजरबार, पेजमैन फतेही को जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया गया था। इन पर इस्फहान के केंद्रीय प्रांत में रक्षा मंत्रालय केंद्र के खिलाफ एक ऑपरेशन को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। इनको इस मामले में सुनवाई के बाद दोषी पाया और मौत की सजा दी गई। इन चारों को सजा सुनाए जाने के बाद आज उस पर अमल किया गया। सजा पाए चारों लोग ईरानी नागरिक हैं। सितंबर में अदालत ने सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

### शोध

वर्षों से किए जा रहे अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष आए सामने, शिशुओं की याद्दाश्त से जुड़ी जानकारी भी शामिल

## मनोविज्ञान ने दिमाग से जुड़ी कई धारणाएं बदली

टोरंटो, एजेंसी

मनोविज्ञान ने दिमाग से जुड़ी कई धारणाओं को बदला है। इनमें दिमाग के काम करने के तरीके से लेकर क्षमता से जुड़ी जानकारी शामिल है। यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में मनोविज्ञान के प्रोफेसर पॉल ब्लूम का कहना है कि लगभग सभी आयुवर्ग पर किए गए अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष सामने आए हैं।


यह निष्कर्ष सदियों से मानी जा रही धारणाओं को चुनौती देने के साथ नए मानक स्थापित करते हैं। इनमें से कुछ सामान्य धारणाओं पर निष्कर्ष निकाले गए हैं। **शिशुओं में तर्क करने की जन्मजात प्रणालीः** माना जाता हैं कि शिशओं में समझ की कमी होती है। मनोविज्ञान से पता चला है कि शिशुओं में तर्क करने की जन्मजात प्रणाली होती है। उन्हें लोगों की भी समझ होती है।

शिशु जानते हैं कि आंखों के सामने न होने के बाद भी चीजें उनके आसपास होती हैं। वे नैतिक निर्णय लेने के भी सक्षम होते हैं। **स्मृति धंधली और अस्पष्ट होती हैः** कुछ लोगों का मानना है कि हमारा दिमाग यादों को संजोकर रखता है।

सही तरीके अपनाने से हम किसी भी स्मृति को याद कर सकते हैं। हालांकि, यह सच नहीं है। याद्दाश्त भरोसे के लायक नहीं होती है। हमारे अनुभवों का अधिकांश हिस्सा यादों के तौर पर इकट्ठा नहीं हो पाता है। जो इकट्ठा होता है, वह कुछ ही समय में धुंधला और अस्पष्ट हो जाता है।

**चेतना की सीमाएंः** माना जाता है कि हमारी चेतना एक ही समय कई चीजों पर ध्यान देने में सक्षम होती है। संज्ञानात्मक मनोविज्ञान से पता चला है कि हमारे सामने हो रही चीजों का सिर्फ छोटा सा अंश स्मृति तक पहुंच पाता है। बाकी सब चीजों को नजरअंदाज कर हमेशा के लिए खो दिया जाता है। एक ही समय में कई चीजों पर ध्यान दे पाना संभव नहीं है।

### सकारात्मक मनोविज्ञान ने बदला नजरिया



सकारात्मक मनोविज्ञान ने सूख सुखद, सार्थक और संतुष्टिदायक जीवन पर शोध को बढ़ावा दिया है। इससे उन चीजों की तरफ ध्यान बढ़ा है, जो दिमाग को स्वस्थ रखने और जीवन बेहतर बनाने में मदद करती हैं। मनोविज्ञान के प्रोफेसर पॉल ब्लूम ने बताया है कि लगभग सभी आयुवर्ग पर किए गए अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष सामने आए हैं।

## संबंध सुधारने में लगे ईरान-पाकिस्तान, विदेश मंत्रियों की बैठक

**इस्लामाबाद।** हाल ही में ईरान और पाकिस्तान के बीच छिड़ी जंग के बाद ईरान के विदेश मंत्री पाकिस्तान पहुंचे हैं। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दोलहियन अपने पाकिस्तानी समकक्ष जलील अब्बास जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे।

विदेश कार्यालय ने कहा कि अतिरिक्त विदेश सचिव (अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया) राह हयात ने रविवार देर रात नूर खान हवाई अड्डे पर अब्दुल्लाहियन का स्वागत किया। एक बयान में कहा गया, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियन विदेश मंत्री जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे और प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर से मुलाकात करेंगे। मीडिया के अनुसार, यह यात्रा ईरान द्वारा पाकिस्तान सीमा क्षेत्र पुंजगुर के अंदर आतंकवादियों के कथित ठिकानों को एकतरफा निशाना बनाए जाने के बाद हो रही है।

## पाकिस्तानः चुनाव से पहले कराची में बढ़ी हिंसा

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में बीते कुछ दिनों में चुनावी हिंसा काफी बढ़ी है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। इस वजह से राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे दलों के बीच पहले से ही कई झड़पें हो चुकी हैं।

सोमवार को नाजिमानाड में हिंसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के कार्यकर्ताओं के साथ गोलीबारी के दौरान मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम पाकिस्तान) के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक दिन पहले रविवार को क्लिफ्टन इलाके में जेल में बंद इमरान की पीटीआई की चुनावी रैली पर पुलिस की भारी टुकड़ियों ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और जबरन तितर-बितर कर दिया। इस उपद्रव में कुछ पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 25 लोग घायल हो गये। दक्षिणी सिंध प्रांत, विशेष रूप से कराची - जो पाकिस्तान का वित्तीय केंद्र भी है, पर पीपीपी के गढ़ को एक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि आगामी चुनावों में विभिन्न पार्टियां जमकर प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

▸▸ नाजिमानाड में हिंसक झड़पें गोलीबारी में 1 की मौत, 3 घायल



बिलावल जरदारी-भुट्टो के नेतृत्व वाली पीपीपी की सिंध और कराची पर पकड़ तब भी बनी हुई है, जब खान के नेतृत्व वाली पीटीआई ने 2018 में पिछले चुनावों में सरकार बनाई थी और अविश्वास प्रस्ताव के बाद 2022 में शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के गठन के दौरान भी पीटीआई शासन को समाप्त कर दिया।

### बलूचों का प्रदर्शन, आवाज उठाने वाले हो रहे लापता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच बलूचिस्तान के डेरा बुगती क्षेत्र में 10 लोग लापता हो गए। स्थानीय मीडिया न बताया कि सुई शहर में गुप्त एजेंसियों के साथ मिलकर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने घर-घर जाकर तलाशी अभियान चलाया और 10 लोगों को लापता कर दिया। पाकिस्तानी बल ने जाफर कॉलोनी में तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद जीटीए के अध्यक्ष और जमहूरी वतन पार्टी कार्यकर्ता मास्टर मौस बक्श और उनका बेटा लापता हो गए। इसी तरह गोबर खान बुगती के बेटे आतिफुल्लाह को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने हिरासत में लिया, जिसके बाद से ही वह लापता हो गया। शनिवार को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति के आवास पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद से ही वह लापता हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम किया।